धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



कालरात्रि



एक वेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकणी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपदोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा। वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।

मां दुर्गा का 7 वां स्वरूप मां कालरात्रि आसुरी शक्तियों और दुष्टों का विनाश करने वाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस भूत प्रेत मां के स्मरण से ही डर कर भाग जाते हैं। मां कालरात्रि का रूप देखने में बहुत ही भयानक है। मां कालरात्रि के बाल बड़े और बिखरे हुए हैं। मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि चमकीले भूषण पहनती हैं। माता रानी की तीन आंखें हैंष इनका रूप उग्र है, उनका रंग सांवला है और वे गधे की सवारी करती हैं। वह अपने गले में खोपड़ियों की माला भी पहनती हैं और उनके चार हाथ हैं। उसके दाहिने हाथ अभय (रक्षा) और वरदा (आशीर्वाद) मुद्रा में हैं, और वह अपने दो हाथों में वज्र और उस्तरा रखती है। देवी का यह रूप ऋद्धि-सिद्धि प्रदान करने वाला है। सातवां दिन तांत्रिक क्रिया की साधना करने वाले भक्तों के लिए अति महत्वपूर्ण होता है।

# आशीष लुटा रही हैं मां भगवती

## पंडालों के पट खुलते ही उमड़ पड़े श्रद्धालु, माहौल भक्तिमय

**या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शारदीय नवरात्रि में षष्ठी को बेलबरण पूजा के साथ ही झारखंड समेत राजधानी रांची के तमाम पंडाल आमलोगों के दर्शनार्थ खुल गये। पूरा झारखंड दुर्गा पूजा के रंग में रंग गया है। माता का दर्शन कर सुख-समृद्धि का आशीष लेने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं माता अपने भक्तों पर आशीष लुटा रही हैं। षष्ठी की शाम से ही पंडालों में मां दुर्गा की आरती बजने लगी है। घंटा, शंखध्वणि, आरती और माता के भजन हर ओर माहौल पवित्र हो गया है। भक्तों की भीड़ में महिलाएं, बच्चे और सभी उम्र वर्ग के श्रद्धालु शामिल हैं। पंडालों में कहीम जागरण तो कहीं डांडियां की धूम है। श्रद्धालुओं की उत्साह देखते बन रहा है। सभी पंडालों में सुरक्षा की कई स्तर पर व्यवस्था की गयी है।

एतिहासिक श्रीश्री दुर्गाबाड़ी में शुक्रवार को प्रातः 6:23 बजे मां दुर्गा का पट खुला। पट खुलते ही महाषष्ठी पूजा के अवसर पर दुर्गा बाड़ी में लोगों का तांता लगा रहा। सांय काल में देवी का बोधन, आमंत्रण एवं अधिवास हुआ इसके पश्चात मां भगवती का शृंगार किया गया। वहीं शुक्रवार शाम सीएम हेमंत सोरेन ने बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का अनावरण किया। मां के दरबार में शीश नवाकर उन्होंने उन्होंने झारखंड की उन्नति, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। वृंदावन कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति, कोकर दुर्गा पूजा समिति, सत्य अमर लोक हरमू रोड, बकरीबाजार, आरआर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड, चन्द्रशेखर आजाद दुर्गापूजा समिति मेन रोड का पंडाल खुलते ही काफी भीड़ देखी गयी। लोग मोबाइल के कैमरे में मां की तस्वीर ले रहे। झुले पर बच्चों की किलकारियां गूंज रही।

चन्द्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में शुक्रवार को जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बिहार के प्रसिद्ध गायिका निशा उपाध्याय के भक्ति गीतों पर लोग झुमते नजर आये। सभी पूजा पंडाल आकर्षक लाइट से जगमग कर रहे हैं।



दुर्गाबाड़ी में मां की आकर्षक प्रतिमा

### भारत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी पाकिस्तान को रौंदा

**बेंगलुरु।** डेविड वॉर्नर (163) और मिचेल मार्श (121) की शतकीय पारियों के बाद अपने गेंदबाजों के कमाल के बूते ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को वर्ल्ड कप 2023 में शुक्रवार को 62 रनों से हरा दिया। पाकिस्तान की यह लगातार दूसरी हार। ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट पर 367 रन का बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में पाकिस्तान 305 रन ही बना पाया और 62 रन से मुकाबला गंवा बैठा।

### गगनयान : श्रीहरिकोटा में आज अहम परीक्षण

**नयी दिल्ली।** भारत का गगनयान अंतरिक्ष में उड़ान भरने को तैयार है। भारत के पहले मानव मिशन 'गगनयान' के लिए रॉकेट के क्रू एस्केप सिस्टम को प्रदर्शित करने के लिए पहले उड़ान परीक्षण वाहन एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) का प्रक्षेपण शनिवार को किया जायेगा। इसरो का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए मनुष्यों को 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है।

### नशे में चूर कार चालक ने चार को रौंदा, दो नाजुक

**चक्रधरपुर।** रांची-चाईबासा मार्ग पर चक्रधरपुर के शहीद भगत सिंह चौक पर तेज रफ्तार कार चालक ने नशे में धुत हो कर चार लोगों को रौंद दिया। दो की हालत गंभीर है। हादसे में शीतला मंदिर निवासी प्रमोद कुमार, शांति नगर निवासी हार्दिक कुमार, चांदमारी निवासी सिराज खान, पुरानी रांची रोड निवासी चंचल कुमार घायल हो गये। कार रांची से चाईबासा की ओर जा रही थी। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो की हालत गंभीर है।

## न्यूज डायरी

### जन्मदिन पर राज्यपाल को सीएम ने दी बधाई

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के जन्मदिन पर सीएम हेमंत सोरेन और भाजपाअध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सीएम ने कहा, जन्मदिन की अनेक शुभकामनाएं और जोहार। परमात्मा हमेशा उन्हें उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करे।

### छवि रंजन की याचिका पर सुनवाई अब दो को

**रांची।** निलंबित आइएएस छवि रंजन की जमानत याचिका अब दो नवंबर को सुनवाई होगी।शुक्रवार को इडी अदालत में सुनवाई हुई। इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने अगली सुनवाई दो नवंबर की तिथि निर्धारित की।

### गोली लगने से जज के बॉडीगार्ड की मौत

**रांची।** हरमू इलाके में शुक्रवार को हाइकोर्ट के न्यायाधीश एसएन पाठक के बॉडीगार्ड बलराम एक्का की गोली लगने से मौत हो गयी। बलराम एक्का को गोली लगने के बाद आनन-फानन में मेडिका अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

तीसरी आंख




यह नये भारत की झलक, मां कात्यायनी को समर्पित किया ट्रेन

## हरी झंडी दिखा बोले प्रधानमंत्री नमो ट्रेन नारी शक्ति का प्रतीक





**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/गाजियाबाद।** रैपिड रेल के उदघाटन के बाद पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि नमो भारत रैपिड रेल भारत की नारी शक्ति के बढ़ते कदम का प्रतीक है। यह ट्रेन भविष्य के नये भारत की झलक प्रस्तुत करती है। साहिबाबाद से नमो भारत की शुरूआत हो गयी, जिसका शिलान्यास और उद्घाटन दोनों हमने किया है। पीएम ने कहा कि देश की पहली नमो ट्रेन को मां कात्यानी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। विशेष बात यह है कि इस ट्रेन में ड्राइवर से लेकर तमाम कर्मचारी महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस शताब्दी का तीसरा दशक भारतीय रेल के कायाकल्प होने का दशक है। इस दशक में पूरी रेल आपको बदली हुई नजर आयेगी। पीएम ने कहा मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं है ना ही मरते मरते चलने की आदत है।

(शेष पेज 11 पर)

### भारतीय ट्रेनें दुनिया में किसी से पीछे नहीं रहेंगी

रैपिड रेल के उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने साहिबाबाद में विशाल जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने कहा, यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि भारत की पहली रैपिड' रेल सेवा नमो भारत' ट्रेन को हरी झंडी दिखायी गयी है। यह दशक देश में रेलवे सेवाओं के बदलाव का साक्षी बनेगा। उन्होंने नमो भारत' और वंदे भारत' ट्रेन सेवाओं तथा अमृत भारत पहल के तहत रेलवे स्टेशनों के उन्नयन जैसी पहल गिनायी। प्रधानमंत्री ने कहा मैं आज युवा पीढ़ी को गारंटी देना चाहता हूं कि इस दशक के अंत तक भारतीय ट्रेनें दुनिया में किसी से पीछे नहीं रहेंगी। पहले फेज में दिल्ली, यूपी, हरियाणा और राजस्थान के अनेक क्षेत्र नमो भारत ट्रेन से कनेक्ट होने वाले हैं। आने वाले समय में देश के अन्य हिस्सों में भी नमो भारत जैसा सिस्टम तैयार किया जायेगा, जिससे औद्योगिक विकास भी होगा और युवा पीढ़ी को रोजगार के अवसर भी बनेंगे।

### योगेन्द्र तिवारी आठ दिन के इडी रिमांड पर

**शराब घोटाला**

**रांची।** शराब घोटाला मामले में अवैध तरीके से पैसा कमाने वाले गिरफ्तार योगेंद्र तिवारी से इडी अधिकारी आठ दिनों तक पूछताछ करेंगे। शुक्रवार को विशेष कोर्ट में पेशी के बाद योगेंद्र तिवारी को इडी को 8 दिन की रिमांड की इजाजत दी है। इडी ने 14 दिनों की रिमांड मांगी थी। गुरुवार की शाम गिरफ्तार करने के बाद इडी की टीम ने शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश किय था। योगेन्द्र तिवारी झारखंड के बड़े शराब और बालू कारोबारी हैं। उनके खिलाफ देवघर, जामताड़ा और संथाल परगना में कई मामले दर्ज हैं। अगस्त महीने में कारोबारी योगेन्द्र तिवारी के कई ठिकानों पर इडी की टीम ने छापेमारी की थी, जहां ईडी की टीम को कई अहम दस्तावेज भी मिले थे। इससे पहले भी आयकर विभाग ने कार्रवाई की गई थी, जिसमें योगेन्द्र तिवारी पर टैक्स चोरी का आरोप लगाया था। ईडी ने कोर्ट को यह भी बताया कि योगेन्द्र तिवारी के प्रेम प्रकाश से भी संबंध हैं। सूत्रों के मुताबिक यह भी बताया जा रहा है कि योगेन्द्र तिवारी की गिरफ्तारी के बाद कई शराब माफियाओं की भी गिरफ्तारी हो सकती है। योगेन्द्र तिवारी से अगले 8 दिनों तक पूछताछ के बाद ईडी की टीम और भी खुलासे कर सकती है।




## छह दिन माता की पूजा पाहन करते हैं

# 16 भुजी मां देउड़ी की महिमा अपरंपार है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची से लगभग 60 किमी दूर रांची-टाटा रोड पर तामाड़ में स्थित 16 भुजाओंवाली माता देउड़ी की महिमा अपरंपार है। मां झारखंड की राजधानी रांची की रक्षा करती हैं। मंदिर के निर्माण के बारे में कहा जाता है कि ये 10वीं से 12वीं शताब्दी के बीच का है। मंदिर बनते किसी ने नहीं देखा, पुजारी बताते हैं कि एक भक्त को मंदिर की उपस्थिति के बारे में स्वप्न आया था। जब ढूंढा तो जंगल की झाड़ियों के बीच देवड़ी माता का मंदिर मिला। रांची के राजकुमार टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जब भी रांची आतें, मां से आशीर्वाद लेने जरूर जाते हैं। सच्चे मन से मां को नमन करने पर मां भक्तों की मनोकामा पूरी करती हैं। जिन श्रद्धालुओं की मन्नत यहां पूरी होती है, वे अपनी श्रद्धा के हिसाब से चढ़ावा भी चढ़ाते है। मां के दरबार में बार-बार लौटकर आते हैं।



### मंदिर की विराट स्थापत्य कला

इस मंदिर के दरवाजे भी पत्थर के बने हुए हैं, मंदिर में करीब तीन से साढ़े तीन फीट ऊंची देवड़ी वाली मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित है। मंदिरों में अक्सर 8 या 10 भुजाओं वाली दुर्गा माता रहती हैं, पर देउड़ी मंदिर में विराजित मां दुर्गा 16 भुजाओं वाली है। ये माता सिंहवाहिनी मां दुर्गा का ही स्वरूप हैं। हालांकि मंदिर के निर्माण के बारे में एक कथा ये भी है कि सिंहभूम के मुंडा राजा केरा ने इसकी स्थापना युद्ध में परास्त होकर लौटते समय की थी। कहते हैं कि देवी ने सपने में आकर राजा को मंदिर स्थापना करने का आदेश दिया था, जिसके बाद राजा केरा को उनका राज्य दोबारा प्राप्त हो गया था।

(शेष पेज 11 पर)

# झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने रघुवर दास को दी बधाई

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओड़िशा के राज्यपाल बनाए जाने पर झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं सदस्य नीरज भट्ट और संजीव दत्ता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि झारखंड के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि रघुवर दास ओड़िशा के राज्यपाल बनाये गये हैं। रघुवर दास ने झारखंड में अपने दायित्व को बखूबी निभाया, अब उनका अनुभव



का लाभ ओड़िशा की जनता एवं सरकार को मिलेगा। उन्होंने जनता की सदैव सेवा की है।


**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

56वीं औपबंधिक सूची जिला–रामगढ़ (पार्ट–03)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– माण्डू थाना काण्ड संख्या–04/99 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी फागु बेसरा एवं रामचन्द्र वर्मा द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 250–300 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 88. | 1. आवेदन क्र0– 254/23<br>2. आवेदक–तिलचंद महतो, पिता–स्व0 अमृत महतो<br>3. ग्राम–मड़मो, पोस्ट–खेतको, थाना–विष्णुगढ़, प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0– 314/23<br>2. आवेदक–दुर्गा प्रसाद महतो, पिता–स्व0 सैनाथ महतो<br>3. ग्राम–दुलमी, पोस्ट–हरहद कण्डेर, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ का दो अंगुली कटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0– 315/23<br>2. आवेदक–धर्मधीर महतो, पिता–बंधु महतो<br>3. ग्राम–दुलमी, पोस्ट–हरहद कण्डेर, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0– 316/23<br>2. आवेदक–चन्द्रकिशोर सिंह, पिता–रामटहल सिंह<br>3. ग्राम–बगरई, पोस्ट–पोटमदाग, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0– 317/23<br>2. आवेदक–बांसी करमाली, पिता–स्व0 पारो करमाली<br>3. ग्राम–दुलमी, पोस्ट–हरहद कण्डेर, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0– 318/23<br>2. आवेदक–रमेश कुमार शर्मा, पिता–स्व0 तुलसी राम<br>3. ग्राम–उकरीद, पोस्ट–सोसो, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0– 319/23<br>2. आवेदक–गोपाल महतो, पिता–स्व0 जलेश्वर महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां, पोस्ट–लारीकलां, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0– 320/23<br>2. आवेदक–बिहारी नायक, पिता–पंचु नायक<br>3. ग्राम–दुलमी, पोस्ट–हरहद कण्डेर, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0– 321/23<br>2. आवेदक–जालेन्द्र महतो, पिता–स्व0 दरबारी महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां, पोस्ट–लारीकलां, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0– 322/23<br>2. आवेदक–सुरेश महतो, पिता–स्व0 कारी महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां, पोस्ट–लारीकलां, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे के बीच जला हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0– 323/23<br>2. आवेदक–देवचरण महतो, पिता–स्व0 चामु महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां, पोस्ट–लारीकलां, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0– 324/23<br>2. आवेदक–देवनाथ महतो, पिता–कमल महतो<br>3. ग्राम–हरवे, पोस्ट–करमा, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–माण्डु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ का अंगुली कटा । | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0– 325/23<br>2. आवेदक–धर्मनाथ महतो, पिता–जलेश्वर महतो<br>3. ग्राम–सरैया, पोस्ट–कुन्दरूकलां, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में मासा | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0– 326/23<br>2. आवेदक–विनोद करमाली, पिता–दुखु करमाली<br>3. ग्राम–दुलमी, पोस्ट–हरहद कण्डेर, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–शरीर में बायें तरफ तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–327/23<br>2. आवेदक–गुलाब महतो, पिता–अलमु महतो<br>3. ग्राम–दुलमी, पोस्ट–हरहद कण्डेर, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0– 328/23<br>2. आवेदक–मुरलीधर महतो, पिता–अमेरिका महतो<br>3. ग्राम–सरैया, पोस्ट–कुन्दरूकलां, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0– 329/23<br>2. आवेदक–निरंजन महतो, पिता–स्व0 गौरी महतो<br>3. ग्राम–सरैया, पोस्ट–कुन्दरूकलां, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन के पीछे तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0– 255/23<br>2. आवेदक–लेदो उर्फ लाखेश्वर महतो, पिता–स्व0 वेदो महतो<br>3. ग्राम–मड़मो, पोस्ट–खेतको, थाना–विष्णुगढ़, प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–81 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0– 330/23<br>2. आवेदक–ऐतवरिया देवी, पति–देवनाथ महतो<br>3. ग्राम–हरवे, पोस्ट–करमा, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–माण्डु<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के भौंवा में कटा दाग | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–झारखण्ड अलग राज्य की मांग को लेकर दिनांक–22 .03.1993 को प्रभात खबर में प्रकाशित खबर में आयोग द्वारा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विनोद बिहारी महतो के साथ 63 लोगों की गिरफ्तारी का उल्लेख किया गया है, इसी आधार पर विनोद बिहारी महतो से प्राप्त शपथ पत्र के माध्यम से प्राप्त सूची में दिये गये नाम के आधार पर। | |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–293/23<br>2. आवेदक–सुभाष रजक, पिता–मनगुर बैठा<br>3. ग्राम–चोकाद, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–294/23<br>2. आवेदक–गोवर्धन महतो, पिता–स्व0 लोचन महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में टिका का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–295/23<br>2. आवेदक–बालेश्वर महतो, पिता–अमरू महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आँख के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–296/23<br>2. आवेदक–उतेश्वर महतो, पिता–स्व0 अधिन महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आँख के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–297/23<br>2. आवेदक–सेवक राम महतो, पिता–स्व0 सूरजनाथ महतो<br>3. ग्राम–हिसीमदाग (बरवाडीह), पोस्ट–सोसोकलां, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल के निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–298/23<br>2. आवेदक–कविन्द कुमार महतो (आश्रित पुत्र), पिता–स्व0 कृपा महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–वारपुदु, पोस्ट–साड़म, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–33 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में चोट घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0–299/23<br>2. आवेदक–चेतलाल महतो, पिता–लालधारी महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0–300/23<br>2. आवेदक–छुटनी देवी, पति–धनेश्वर महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0–301/23<br>2. आवेदक–दिलीप कुमार, पिता–कार्तिक महतो<br>3. ग्राम–चोकाद, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बगल में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0–302/23<br>2. आवेदक–उमेश महतो, पिता–बिरेन्द महतो<br>3. ग्राम–डुडीगाछी, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–303/23<br>2. आवेदक–निरंजन महतो, पिता–स्व0 धनु महतो<br>3. ग्राम–महलीडीह, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटने का एवं तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–304/23<br>2. आवेदक–लोविन्द महतो, पिता–स्व0 भुनेश्वर महतो<br>3. ग्राम–डुण्डीगाछी, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना नाक के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मु) सदस्य (दुर्गा उरॉंव) अध्यक्ष

PR 309711 Home(23-24)#D


## मिशन 2024 को लेकर झारखंड की सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारी में जुटीं

# भाजपा के पन्ना प्रमुख को जवाब देने के लिए कांग्रेस पार्टी ने बनाया 'वन बूथ, 20 यूथ' दस्ता

**आजसू माइक्रो लेवल पर चूल्हा प्रमुख बनाकर चुनावी नैया पार लगाने में जुटी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मिशन 2024 को लेकर झारखंड की सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारियों में जुट गयी हैं। भारतीय जनता पार्टी जहां बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुख बनाकर तैयारी कर रही है, वहीं आजसू माइक्रो लेवल पर चूल्हा प्रमुख बनाकर चुनावी नैया पार लगाने में जुटी है। ऐसे में कांग्रेस ने बूथ स्तर पर बीजेपी-आजसू को चुनौती देने के लिए



'वन बूथ 20 यूथ' की टोली तैयार की है। कांग्रेस ने प्रदेश के करीब 29 हजार बूथों पर 20-20 यूथ तैनात करने की तैयारी की है। इसमें खास बात यह होगी कि हर बूथ पर 20 में से कम से कम 10 कार्यकर्ता महिला कांग्रेस से होंगी।

दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और उसकी सहयोगी पार्टी आजसू ने बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की एक मजबूत टीम बनाई है। इसमें भाजपा के एक बूथ पर वोट करने वाले वोटर लिस्ट के हर पन्ने का एक प्रमुख होता है जो यह सुनिश्चित करता है कि उस पन्ने का वोटर भाजपा को वोट दें। इसी तरह आजसू ने माइक्रो लेवल पर जाकर चूल्हा प्रमुख बनाया है। बीजेपी का कहना है कि चुनावी जीत में पन्ना प्रमुख की भूमिका अहम है। गुजरात की ऐतिहासिक जीत में पन्ना प्रमुख की भूमिका ऐतिहासिक थी।

### प्रदेश सचिव और जिला कमेटी को बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का मिला निर्देश

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से सभी जिला कमेटियों और प्रदेश प्रभारी सचिवों को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई समस्या आ रही है तो तत्काल प्रदेश नेतृत्व को इसकी जानकारी दें। कांग्रेस के 'एक बूथ- 20 यूथ' में आधी महिलाएं होंगी'। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि हर बूथ पर सक्रिय महिला कार्यकताओं और युवाओं की टीम यह सुनिश्चित करेगी कि केंद्र की अक्षम सरकार की नाकामी और उसकी उद्योगपतियों से दोस्ती का नुकसान कैसे देश को उठाना पड़ रहा है, इसे जनता के घरों तक पहुंचाया जाए।

# झाप्रसे के 56 पदाधिकारी इधर से उधर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के 56 पदाधिकारियों का तबादला और पदस्थापन किया गया है। वहीं प्रतीक्षारत कई पदाधिकारियों को नयी जगह पदस्थापन मिला है।

देवघर के क्षेत्रीय निदेशक शैलेंद्र कुमार लाल को हजारीबाग का नगर आयुक्त बनाया गया है। आदित्यपुर के नगर आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद को मद्य निषेध विभाग रांची में संयुक्त सचिव बनाया गया है। हजारीबाग प्रमंडल रविराज शर्मा को धनबाद नगर निगम के आयुक्त, गोड्डा के अपर समाहर्त्ता स्मिता टोप्पो को जिला परिषद में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। धनबाद नगर निगम के आयुक्त सत्येंद्र कुमार को श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग में भेजा गया है। विजय कुमार गुप्ता को खेल-कूद व युवा कार्य विभाग रांची में पदस्थापित किया गया है। मो. सादात अनवर को स्कूली शिक्षा विभाग में सुयुक्त सचिव बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री राज्य की जनता को दिगभ्रमित करने का कर रहे प्रयास : प्रतुल शाहदेव

**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा- गरीबों को 25 प्रतिशत लीटर पेट्रोल में सब्सिडी देने की योजना हो चुकी है फेल**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन घोषणावीर हैं। वह अपने कार्यकाल के अंतिम महीनों में घोषणाओं की झड़ी लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास योजना की घोषणा 15 अगस्त को ही की थी लेकिन, आज तक इस योजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान कैसे होगा, इसका कोई स्पष्ट जिक्र नहीं किया। ना ही इस योजना के लिए कहां पर आवेदन देना है, यह भी स्पष्ट नहीं है। जाहिर तौर पर मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में अपने वायदों को पूरा करने का नाटक कर रहे हैं लेकिन जनता भी सारी असलियत जानती है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसी तरह ग्राम गाड़ी योजना की शुरूआत की और उसमें सब्सिडी देने की घोषणा की लेकिन उसके डिलीवरी मेकैनिज्म को इतना पेचीदा बना दिया कि लाभुकों को शायद ही इसका लाभ मिल पाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपए प्रचार पर खर्च करके गरीबों के लिए प्रति लीटर पेट्रोल में 25 प्रतिशत सब्सिडी की घोषणा की थी। चंद महीनों में ये घोषणा हवा हवाई हो गई। अब इसका लाभ उठाने वाले लोगों की संख्या नगण्य हैं। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुये कहा कि मुख्यमंत्री इस सब्सिडी का लाभ लेने वाले लोगों की माहवार सूची जारी करें। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपने चार साल पूरा करने जा रही है। पहले 4 साल सिर्फ भ्रष्टाचार और लूट-खसोट में बीता। अब चुनाव में अपनी आसन्न हार को देखकर इनको गरीबों की याद आ रही है लेकिन, इन चार वर्षों में झारखंड के गरीबों, आदिवासी, मूलवासियों ने बहुत कुछ सहा है। मुख्यमंत्री को अगले चुनाव में माकूल जवाब

## खबर एक नजर में

### मनी लांड्रिंग के आरोपी सुनील यादव को भेजा गया जेल

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपए के मनी लांड्रिंग करने के मामले में आरोपी सुनील यादव को तीन दिनों की पूछताछ के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। ईडी ने पूछताछ के लिए 18 अक्तूबर को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर सुनील यादव को अपने कब्जे में लिया था लेकिन, तीन दिन की पूछताछ में जानकारी मिल जाने के बाद उसे शुक्रवार को ही ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेश किया। जहां से उसे पुनः जेल भेज दिया गया। मालूम हो कि वह उक्त मामले में 25 अगस्त से न्यायिक हिरासत में है। इस मामले में मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत पांच आरोपी फिलहाल जेल में है। दो को इस मामले में जमानत मिल चुकी है।

### दो करोड़ रंगदारी मांगनेवाले दो गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने मौलाना आजाद कॉलोनी निवासी बिल्डर मो सलीम खान से दो करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के आरोपी छोटन उर्फ गुरफान उर्फ छोटू खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि आठ अक्तूबर को गुरफान उर्फ छोटू मौलाना आजाद कॉलोनी निवासी रिजवान उर्फ रिज्जू सहित 13 लोगों के साथ मो सलीम के घर जाकर दो करोड़ रुपये रंगदारी मांगी थी। इस मामले में बिल्डर मो सलीम ने नामकुम थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पकड़े गए गुरफान उर्फ छोटन के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में ऑर्म्स एक्ट, हत्या, हत्या की कोशिश सहित कई मामले दर्ज हैं। गुरफान के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और दो गोली जब्त की है।

### आरटीआइ एक्टिविस्ट पंकज यादव की सुरक्षा पुख्ता करें : हाइकोर्ट

**रांची।** विभिन्न मामलों में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर चुके आरटीआई एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव की सुरक्षा को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को निर्देश लेने को कहा है। उल्लेखनीय है कि पंकज कुमार यादव की याचिक पर रांची हिंसा, पलामू अवैध खनन मामला, बीरेंद्र राम मामला, न्यूक्लियस मॉल, टॉफी टीशर्ट घोटाला सहित कई संवेदनशील मामलों की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में चल रही है। पंकज यादव ने आइए संख्या 9630/2023 के माध्यम से कोर्ट में अपने ऊपर संभावित खतरों की जानकारी न्यायालय को दी थी। जिसके बाद कोर्ट ने यह आदेश दिया है कि उनकी सुरक्षा पुख्ता की जाए। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने उक्त आदेश दिया है।

# तीन आइएएस बनेंगे प्रधान सचिव, एक सीएस और सात सचिव

**विनय चौबे, सुनील कुमार, राहुल पुरवार बनेंगे प्रधान सचिव, जबकि राजीव अरुण एक्का बनाये जायेंगे सीएस**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**









**रांची।** झारखंड के तीन आईएएस जल्द ही प्रधान सचिव बनाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सात विशेष सचिव स्तर के आईएएस को सचिव रैंक में प्रमोशन दिया जाएगा। इसकी तैयारी राज्य सरकार ने शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने 1999 के बैच के अधिकारी रहे सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार एवं उच्च तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार को प्रधान सचिव के पद पर प्रमोशन के लिए केंद्र सरकार से सुपर टाइम स्केल में प्रोन्नति देने के लिए तीन रिक्तियां मांगी है। इसके अलावे प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को मुख्य सचिव रैंक में प्रमोशन दिया जाना है। इसके लिए भी सीएस रैंक में एक रिक्ति मांगी गयी है। सात अन्य आईएएस की भी रिक्तियां मांगी गयी है, जो अभी वर्तमान में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत हैं। इन्हें सचिव के पद पर प्रमोशन दिया जाएगा। बतातें चलें कि सभी को एक जनवरी 2024 की तिथि से प्रमोशन दिया जाना है। इसको लेकर कार्मिक विभाग ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर 11 रिक्तियां की मांग की है। रिक्ति मिलने के बाद डीपीएस की बैठक में अफसरों के नामों पर विचार-विमर्श होगा और इसकी अनुशंसा केंद्र सरकार से की जाएगी। इसके बाद केंद्रीय कार्मिक विभाग इसकी अधिसूचना जारी करेगा।

## 91 कोयला खदानों में नौ खदान को मिल चुकी है मंजूरी, पांच में उत्पादन भी शुरू

# कोयला मंत्रालय ने पिछले तीन वर्षों में 91 वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोयला मंत्रालय ने गत 3 वर्षों में 91 वाणिज्यिक कोयला खानों की नीलामी की है। वर्ष, 2014 में 204 कोयला खानों को निरस्त करने के बाद कोयला खानों की नीलामी एक पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से और विभिन्न उपयोगों के मद्देनजर बिजली और गैर-विनियमित क्षेत्रों के लिए की जा रही है।

ज्ञात हो कि देश के कोयला उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात निर्भरता को कम करने के इरादे से वर्ष, 2020 में वाणिज्यिक खनन के लिए एक सोची-समझी व दूरगामी नीति तैयार की गई थी। इस नीति के तहत वाणिज्यिक कोयला खनन के



सफल कार्यान्वयन और त्वरित निर्णय लेने के लिए सचिवों की एक अधिकार प्राप्त समिति (ईसीओएस) बनाई गई। इसमें सचिव (विदेश विभाग), सचिव (कानूनी मामलों के विभाग), सचिव (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय) और सचिव (कोयला) सदस्य के रूप में शामिल किए गए।

नीति के तहत ईसीओएस की अब तक नौ बैठकें हो चुकी हैं और 27 महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं। ईसीओएस द्वारा लिये गए निर्णयों को आगे बढ़ाते हुए सभी को सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन से कार्यान्वित किया गया है। इस प्रणाली ने उन मुद्दों पर तेजी से और सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद की है, जिनमें अधिक समय लग सकता था।

वर्ष, 2020 में वाणिज्यिक खनन की पहली नीलामी की गई। इसके बाद वाणिज्यिक कोयला खनन के तहत सात किश्तों में तीन साल की छोटी अवधि के दौरान कुल 91 कोयला खानों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। इन 91 कोयला खानों में से नौ खानों को मंजूरी मिल चुकी है। पांच कोयला खानों में उत्पादन शुरू हो गया है। वाणिज्यिक खानों से वित्त वर्ष 2023 के दौरान उत्पादन 72 लाख टन हुआ है।

नीति के तहत वाणिज्यिक कोयला खानों की नीलामी की कार्यप्रणाली के अनुसार, एक खान के लिए दो से कम तकनीकी रूप से योग्य बोलीकर्ताओं के मामले में, उस खान के लिए नीलामी का पहला प्रयास निरस्त कर दिया जाएगा तथा नीलामी का दूसरा प्रयास सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन से शुरू किया जा सकता है। बहरहाल, दूसरे प्रयास में पुनः केवल एक बोलीकर्ता के मामले में खान आबंटन के संबंध में उचित निर्णय के लिए मामले को ईसीओएस को भेजा जाएगा।

अब तक एकल बोली के आधार पर ईसीओएस के अनुमोदन से विभिन्न बोलीकताओं को 11 कोयला खदानों का आबंटन किया गया है। इस नीलामी की पेशकश पारदर्शिता, प्रस्ताव की तर्कसंगतता और खानों की संख्या के आधार पर की जाने के लिए अभिष्ट है। उल्लेखनीय है कि पिछले सात दौर के दौरान बार-बार पेशकश किए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में खानों को कोई बोली नहीं मिली।

वाणिज्यिक कोयला खानों की नीलामी शुरू करने का उद्देश्य उद्योगों की कोयले की आवश्यकता को पूरा करने के लिए देश में कोयला उत्पादन में वृद्धि करना था, न कि राजस्व अर्जन, ताकि कोयला उत्पादन में देश आत्मनिर्भर बन सके।

स्पीड न्यूज

## मां दुर्गा साक्षात शक्ति की साधना हैं : काले



जमशेदपुर। शारदीय नवरात्रि का उत्सव शहर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने श्री श्री दुर्गा पूजा समिति ईस्ट बंगाल कॉलोनी सीतारामडेरा, सार्वजनिक श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी भुईयाडीह चौक, टिनप्लेट 10 नं बस्ती दुर्गा पूजा समिति, बारीडीह स्टूडेंट क्लब पोस्ट ऑफिस ग्राउंड, सार्वजनिक ईस्ट टेल्को दुर्गा एवं काली पूजा कमेटी टेल्को एम टाइप, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बड़ा गोविंदपुर, जोजोबेडा के पूजा पंडालों में मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित होकर फीता काट कर पंडालों का उद्घाटन किया। इस मौके पर मोहरदा, बारीडीह वास्तु विहार मेनटेनेंस स्वावलंबी सहकारी समिति, एल 4 एरिया दुर्गा पूजा कमेटी सिदगोड़ा, विद्यापतिनगर एवं अन्य पूजा पंडालों में शामिल होकर पूजा अर्चना कर माथा टेका। इस मौके पर काले ने कहा अपनी संस्कृति और परंपरा को पीढ़ी दर पीढ़ी संजोने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है। ऐसे ही आयोजन से समाज में आपसी सद्भाव, सौहार्द और आपसी प्यार बढ़ता है। मां दुर्गा की पूजा तो साक्षात शक्ति की साधना है। देवी मां की आराधना में लीन भक्तों को आत्म-विश्वास, निर्भयता और आरोग्यता का आशीर्वाद प्राप्त हो, यही कामना के साथ शुभकामनाएं।

## गोपाल मैदान में आदि महोत्सव संपन्न



जमशेदपुर। गोपाल मैदान में गत 7 अक्तूबर से चल रहा अखिल भारतीय जनजातीय आदि महोत्सव-2023 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री, एसएसपी किशोर कौशल अतिथि के रुप में पहुंचे। अतिथिद्वय ने महोत्सव को सराहा और खुद स्टॉल पर जाकर खरीददारी की। आदि महोत्सव के समापन के पश्चात ट्राइफेड के क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेंद्र सिंह राजू ने बताया कि महोत्सव में करीब 50 लाख रुपये तक के जनजातीय उद्यमियों के उत्पादो की बिक्री हुई। महोत्सव में स्टॉल लगाने वाले जनजातीय उद्यमियों को नि:शुल्क स्टॉल के अलावा आने-जाने का खर्च भी दिया गया। अधिकांश उद्यमियों ने अगले वर्ष भी स्टॉल लगाने पर हामी भरी है। मेले में मिलेटस के अन्न से बेकरी आइटम बनाने वाले रांची निवासी गॉडविन लकड़ा ने बताया कि जमशेदपुर के लोगों ने मडुवा का लड्डू, महुआ केक, चावल का केक, खोवा केक की खूब खरीददारी की। मेले में उन्होंने करीब डेढ लाख रुपये का बिजनेस किया। उन्होंने जमशेदपुरवासियों की प्रशंसा करते हुए कहा, यहां के लोग काफी डिसेंट हैं। रांची की ही एक आदिवासी उद्यमी अरुणा तिर्की के अजम इम्बा खाने के स्टॉल पर सब्जी मटन-मोटा चावल, छिल्का रोटी आदि का खुब डिमांड रहा। महाराष्ट्र के भंडारा साकोली जिले से आई अर्चना नाहामूर्ति के स्टॉल पर परम्परागत आदिवासी आयुर्वेदिक दवाओं के बारे में लोगों ने रुचि लेकर पूछताछ की। अर्चना ने बताया कि वे जमशेदपुर आकर खुश हैं। फिर आना चाहेंगी।

## नये कपड़े पाकर खिल उठे ग्रामीण और सफाईकर्मियों के चेहरे



जमशेदपुर। युवाओं की ऊर्जावान समाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी ने दुर्गा पूजा को देखते हुए खुशियां बांटने के उद्देश्य से शहर से 25 किलोमीटर दूर काशी ताड़,सबरबस्ती में रहने वाले ग्रामीणों के बीच नए कपड़े का वितरण किया। टीम ने छोटे छोटे बच्चो को कपड़े और बुजुर्गों को साड़ी दिया,नए कपड़े पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे।

# सार्वजनिक दुर्गा पूजा टुइलाडुंगरी पंडाल के पट खुले, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र ब्यूरो



पंडाल का उद्घाटन करते मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य।



पंडाल के अंदर की झांकी।

**जमशेदपुर।** सार्वजनीक दुर्गा पूजा कमिटी टुइलाडुंगरी के भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने फीता काट कर किया। पूजा कमिटी के महासचिव दिनेश कुमार ने बताया कि देश की आजादी से पहले 1934 से यह पूजा उड़िया पूजा के रूप के प्रसिद्ध रही है। झारखंड राज्य के गठन 2000 के बाद से इस पूजा की भव्यता दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

इस वर्ष भक्तो और श्रद्धालुओं को झारखंड राज्य की परंपरा को पंडाल के बाहरी हिस्से और अंदरखानों में दर्शाए गए है, और लाइटिंग और मेला भी इस पंडाल का आकर्षण का केंद्र रहेगा। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा की मां दुर्गा के नौ रूपों में मां स्कंदमाता शांति, शीतला और भव्यता पा प्रतीक होता है। आज के दिन पूजा कमिटी ने पंडाल का पट खोल कर पूरे शहर में भी शांति का संदेश दिया है। दुर्गा पूजा शक्ति की उपासना के लिए की जाती है पूरे वर्ष भर सामाजिक जीवन में कार्य करने वालों व्यक्ति के लिया यह समय बहुत महत्वपूर्ण होता है, शक्ति ना संचय कर गरीब जरूरतमंद और वांचितो की सेवा में यह शक्ति कार्य आती है। अध्यक्ष मिथिलेश सिंह यादव ने स्वागत संबोधन किया और मुख्य संरक्षक राजू गिरी ने पूजा और तैयारियों को लेकर विस्तार से अपनी बातो को रखा और उन्होंने कहा की यह पूजा हमारे पूर्वजों की सोच है जिन्होंने इसे संजोया है और आज हम लोग इसको आगे बढ़ा रहे है। कार्यक्रम में विशेष रूप से जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, गणेश चौधरी, महावीर मुर्मू उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन महासचिव दिनेश कुमार और धन्यवाद ज्ञापन लाइसेंसी किशोर कुमार राजा ने दिया, मुख्य अतिथि बन्ना गुप्ता के द्वारा पंडित निरंजन रथ, प्रदिप्त कुमार दास, कृष्णा साहू का सम्मान किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यरूप से राजू गिरी, मिथिलेश सिंह यादव, दिनेश कुमार, किशोर कुमार राजा, राजकुमार सिंह, अमोद कुमार सिंह, बी श्रीनिवास राव, प्रशांत गिरी, डॉक्टर संजय गिरी, रंजीत गुप्ता, सतीश कुमार, अजय साहू, महावीर प्रसाद, पांडे प्रधान, संजय साह, जितेंद्र साहू, भौरंजन साहू, राजीव प्रधान, सुजीत कालिंदी, जितेंद्र साहू, पप्पू साहू, सुजीत कालिंदी, पीताम्बर सिंह, मोहन साहू, चित्तू साहू, भोला आदि उपस्थित थे।

# टाटा स्टील लुधियाना में लगा रही है नया स्टील प्लांट, भूमि पूजन संपन्न

2600 करोड़ की लागत से बन रहा इलेक्ट्रिक अर्क फर्नेस स्टील प्लांट

सीएम भगवंत मान संग कंपनी के सीइओ टीवी नरेंद्रन ने किया भूमि पूजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



भूमि पूजन समारोह में उपस्थित सीएम भगवंत मान, टाटा स्टील के सीइओ टीवी नरेंद्रन, वीपी चाणक्य चौधरी व अन्य।

**लुधियाना।** टाटा स्टील ने शुक्रवार को लुधियाना में अपने आगामी 7,50,000 टन प्रति वर्ष के स्क्रैप-आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) प्लांट के लिए भूमि पूजन समारोह आयोजित किया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टी वी नरेंद्रन ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और कंपनी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोह की रस्म पूरी की। यह भारत में टाटा स्टील का पहला न्यूनतम कार्बन वाला ग्रीन स्टील प्लांट है। लुधियाना में यह नई सुविधा सस्टेनेबल मैनुफैक्चरिंग और 2045 तक नेट जीरो प्राप्त करने की दिशा में टाटा स्टील की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती है। इसमें इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस सहित अत्याधुनिक तकनीक होगी, जो ऊर्जा-कुशल है और पारंपरिक स्टील मेकिंग की तुलना में काफी कम कार्बन उत्सर्जन करती है। लुधियाना को विशेष रूप से हाई-टेक वैली इंडस्ट्रियल पार्क के साथ-साथ एक ऑटो हब के निकट होने के कारण चुना गया है, जहां से कंपनी के प्रमुख टाटा टिस्कॉन ब्रांड के तहत बाजार के लिए लांग स्टील प्रोडक्ट्स का उत्पादन करने के लिए स्टील स्क्रैप प्राप्त किया जा सकता है। टी वी नरेंद्रन ने कहा, हम अधिक सस्टेनेबल इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस-आधारित स्टील बनाने की दिशा में परिवर्तन की एक नई यात्रा शुरू कर रहे हैं, जिसके माध्यम से हम डीकार्बोनाइजेशन की अपनी खोज जारी रखेंगे। लुधियाना में प्रस्तावित यह नई अत्याधुनिक सुविधा सस्टेनेबल मैनुफैक्चरिंग और 2045 तक नेट जीरो प्राप्त करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। नरेंद्रन ने कहा, मैं इस परियोजना को संभव बनाने में निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए अपनी ओर से पंजाब सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। हमें उम्मीद है कि हम एक सस्टेनेबल और जीवंत कल बनाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।' परियोजना के पहले चरण में 2,600 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया जा रहा है। कंपनी की योजना मार्च 2025 तक इस परियोजना को चालू करने की है। इस संयंत्र से पंजाब के युवाओं को लाभ होगा, उनमें से 500 को प्रत्यक्ष रोजगार और अन्य 2,000 को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। अपने नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने और सस्टेनेबिलिटी में नेतृत्व प्राप्त करने के प्रयास में, टाटा स्टील ने सप्लाई चेन में केंद्रित पहल की है और उत्पादन में तथा उत्पाद के जीवन चक्र के माध्यम से अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2021 में, टाटा स्टील ने हरियाणा के रोहतक में 0.5 मिलियन टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता का अपना पहला स्टील रीसाइक्लिंग प्लांट भी चालू किया था। यह देश में पहली ऐसी अत्याधुनिक स्क्रैप प्रसंस्करण सुविधा है।

# जमशेदपुर एफसी और पंजाब एफसी में मुकाबला कल

## दुर्गा पूजा के बीच अब तक 18000 टिकट बिके



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में फुटबॉल का बुखार चरम पर है, 22 अक्टूबर, रविवार को पंजाब एफसी के खिलाफ जमशेदपुर एफसी के आगामी मैच के लिए अब तक 18000 टिकट बेचे जा चुके हैं। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में री ताचिकावा के गोल से हासिल की गई हैदराबाद एफसी पर जमशेदपुर एफसी की हालिया जीत के बाद, मेन ऑफ स्टील पंजाब एफसी के खिलाफ जीत के सिलसिले को जारी रखने के लिए उत्सुक हैं। पंजाब एफसी ने अपने पिछले सभी आईएसएल मैचों में लगातार स्कोर किया है। दोनों टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है क्योंकि मुख्य मुख्य कोच स्कॉट कूपर की टीम 3 अंक हासिल करने के लिए बेकरार है।

# त्योहारों का देश है भारत वर्ष : पूर्व सीएम रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो



कार्यक्रम में उपस्थित रघुवर दास, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी व अन्य।

**जमशेदपुर।** रोटरेक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी एवं सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को आदिशक्ति कन्या पूजन का आयोजन किया गया। सिदगोड़ा स्थित अवध टॉवर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओडिशा राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास शामिल हुए। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति के तहत मां दुर्गा की प्रतिकृति के रूप में कन्याओं की पूजा की गई। कार्यक्रम के दौरान 351 से अधिक स्थानीय जरूरतमंद बालिकाओं के बीच एक वर्ष तक चलने वाले शिक्षा किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास ने कहा कि सनातन धर्म में नारी को नर से महान बताया गया है जहां पर नारियों की पूजा होती है वहां पर देवताओं का वास होता है। हमारा भारत देश पर्व त्योहारों का देश है। नवरात्र सिर्फ पूजा और अनुष्ठान का पर्व ही नहीं है, बल्कि शक्ति साधना का भी महापर्व है। मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की अपार शक्ति नारी सशक्तीकरण का भी प्रतीक है। उन्होंने मौजूद सभी कन्याओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की। इससे पहले, रोटरेक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी एवं नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्यों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर रोटरेक्ट क्लब के प्रेसिडेंट निर्मल कुमार, प्रथमा बोस, रोशन, आशीष, सूरज झा, लक्ष्मी, सूरज मिश्रा, संजू बोस, हर्ष शर्मा, आयुष शर्मा, आयुष, देवानंद सोना गौरव व अन्य मौजूद रहे।

# बिरला मंदिर के जीर्णोद्धार को कार सेवा 24 से

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर केबुल टाउन स्थित अधूरा पड़े श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य विजया दशमी (24 अक्टूबर) के शुभ दिन से आरंभ होगा। यह कार्य स्वैच्छिक कर सेवा द्वारा विजया दशमी के दिन सुबह 9 बजे से शुरू होगा। यह जानकारी देते हुए विधायक सरयू राय ने बताया कि सभी श्रद्धालु जनों से अनुरोध है कि वे 24 अक्टूबर, विजया दशमी के दिन मंदिर प्रांगण में पधारें और 9 बजे से 10 बजे तक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर जीर्णोद्धार हेतु कर सेवाह्व में भाग लें। यह अनुरोध जमशेदपुर के सभी श्रद्धालु जनों, सभी सामाजिक-सांस्कृतिक-राजनीतिक- स्वयंसेवी संगठनों से है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केबुल टाउन/बस्ती के सभी परिवारों से तथा प्रबुद्ध जनों से खासकर मंदिर की परिधि में आने वाले परिवारों से विशेष संपर्क किया जा रहा है। संपर्क एवं कार्यक्रम की व्यवस्था भाजमो के गोलमुरी मंडल के कार्यकर्ताओं के जिम्मे है। विधायक ने कहा, मैंने आज संवयं इस बारे में अनिल ठाकुर, शिव शंकर सिंह और विपिन शुक्ला आदि केबुल टाउन के प्रबुद्ध जनों से संपर्क किया और उनकी रजामंदी हासिल किया। श्री प्रताप यादव एवं अन्य सुधीजनों से भी संपर्क करूंगा। भाजमो के कार्यकताओं से भी संपर्क हुआ। अन्य दलों एवं संगठनों से भी संपर्क चल रहा है। मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य एक वर्ष के भीतर पूरा हो जाएगा। इसके पहले मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। हमें उम्मीद है कि एक माह में मंदिर के गर्भ गृह में श्री लक्ष्मी नारायण के प्रतिकृति का दर्शन पूजन आरम्भ हो जा सकता है। इस बीच प्रत्येक सप्ताह कोई न कोई अध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित हो और मंदिर का वर्षों से सुप्त पड़ा माहौल जागृत किया जा सके। इस बारे में मंदिर के किनारे की दिशाओं में अवस्थित आवासों के निवासियों की विशेष भूमिका होगी।

# बीएसीइटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमिनार संपन्न



**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ जमशेदपुर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनइपी-2020) पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें प्रोफेसर्स एवं छात्रों को एनइसी-2020 के महत्वपूर्ण पहलू, विशेषता, चुनौतियां और खूबियों के बारे में विस्तार से बताया गया। एनइपी-2020 के उच्च शिक्षा मॉड्यूल को विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया जिसमे समग्र विकास, बहुअनुशासन वाली दृष्टिकोण, व्यावसायिक शिक्षा पर जोर, कला और संस्कृति को महत्व, विनियामक सुधार, जैसे महत्वपूर्ण विषयों को बताया गया और ये सब को अपने पाठ्यक्रम में अमल में लाने पर चर्चा किया गया। इस वर्कशॉप में उपस्थित प्रोफेसर्स एवं छात्रों के द्वारा प्रश्नोत्तर सत्र भी हुआ। वर्कशॉप का संचालन कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या अनुमिता सेन गुप्ता ने किया।

# 20 नवंबर तक कोर्ट में वार्षिक अवकाश, न्यायिक कामकाज को हुए वैकल्पिक प्रबंध

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** 20 नवंबर तक न्यायालय में वार्षिक अवकाश रहेगा और पक्षकारों तथा अन्य जरूरी कार्यों के संपादन के लिए माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने वैकल्पिक प्रबंध किए हैं। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय, विशेष न्यायालय एवं पोक्सो न्यायालय के लिए किए गए प्रबंध के अनुसार 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक विशेष न्यायाधीश कंवलजीत चोपड़ा, 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (तीन) निशांत कुमार, 28 अक्टूबर से 29 अक्टूबर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (पांच) मंजू कुमारी, 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एक) राजेंद्र कुमार सिन्हा, 5 नवंबर से 11 नवंबर तक जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (दो) आभास वर्मा, 12 नवंबर से 20 नवंबर तक जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एक)घाटशिला तथा 14 नवंबर से 20 नवंबर तक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा कामकाज देखेंगे। एक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था के अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा 14 एवं 17 नवंबर को जमशेदपुर, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कमलेश कुमार शुक्ला 16 नवंबर को घाटशिला, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार सिंह 30 अक्टूबर एवं 3 नवंबर को जमशेदपुर तथा 1 नवंबर को घाटशिला में, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आभास वर्मा 6 नवंबर एवं 10 नवंबर को जमशेदपुर तथा 8 नवंबर को घाटशिला में, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश निशांत कुमार 26 अक्टूबर को जमशेदपुर में तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश चौधरी मंजू कुमारी 28 अक्टूबर को घाटशिला में कोर्ट करेंगे। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय एवं अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के संपादन के लिए 21 अक्टूबर शनिवार से 5 नवंबर रविवार तक अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय दो श्री गति कृष्णा तिवारी तथा 6 नवंबर से लेकर 20 नवंबर सोमवार तक प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री अमितेश लाल कामकाज का संपादन करेंगे। इसी तरह न्यायिक अदालतों के लिए भी जिम्मेदारी तय कर दी गई है। 21 अक्टूबर से 5 नवंबर तक अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी, 6 नवंबर से 16 नवंबर तक अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी चंद्रभानु कुमार तथा अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी घाटशिला सह सिविल जज एक अमित आलदा जज इंचार्ज के रूप में भूमिका निभाएंगे। न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत का काम वैकल्पिक तौर पर 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी बीसी चटर्जी, न्यायिक दंडाधिकारी सौदामणि सिंह, न्यायिक दंडाधिकारी प्रशांत सिंह एवं न्यायिक दंडाधिकारी रिचेश कुमार, 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी बीसी चटर्जी, न्यायिक दंडाधिकारी ज्योत्सना पांडे और न्यायिक दंडाधिकारी नरेंद्र कुमार, 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी बीसी चटर्जी, न्यायिक दंडाधिकारी सुश्री कंचन कुमारी एवं न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका श्रीवास्तव, 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी बीसी चटर्जी न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार और न्यायिक दंडाधिकारी सुप्रिया रानी तिग्गा, 2 नवंबर से 4 नवंबर तक अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी बीसी चटर्जी, दंडाधिकारी मयंक मालियाज और न्यायिक दंडाधिकारी श्री प्रिया, 5 नवंबर को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी बीसी चटर्जी एवं न्यायिक दंडाधिकारी रवि शंकर पांडे, 6 एवं 7 नवंबर को न्यायिक दंडाधिकारी रवि शंकर पांडे दंडाधिकारी चंद्रभानु कुमार, 8 नवंबर से 10 नवंबर तक अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंद्रभानु कुमार काम देखेंगे।

## खबर एक नजर में

### विधायक मंगल कालिंदी ने मां दुर्गा के 14 पूजा पंडालों का किया उद्घाटन



जमशेदपुर। नवरात्रि के शुभ अवसर पर शुक्रवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने गदड़ा में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिति तिलका नगर, छोटा गोविन्दपुर में दुर्गा बाड़ी बंगाली क्लब, श्री श्री सारबोजनिन दुर्गा पूजा कमिटी गदड़ा, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी राहरगोड़ा, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी कृष्णानगर, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी सोपोडेरा, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी सरजमदा, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी नामोटोला, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी बामनगोड़ा, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी परसुडिह बजार, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी राधिका नगर, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी कमपुटा, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी स्वभूमि अपार्टमेंट और श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी हुरलुंग लोयला .एं कॉलेज के पास आदि पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और पूजा अर्चना कर मां दुर्गा से क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की और सभी पंडाल में उपस्थित लोगों से मुलाकात कर नवरात्रि की बधाई दी। मौके पर प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, समाजसेवी संजय पलसानिया, मुखिया हेमंत खलखो, मुखिया जूही बेसरा, मुखिया संजु भूमिज, अमरीक सिंह, रनविजय सिंह, भीमसेन भूमिज, कृष्णा कामत, बिस्वजीत भगत, मनोज यादव, राकेश सिंह, बबलु महतो, अशोक सिंह, विनोद सिंह, विकाश स्वर्णकार, गौर मित्रा, राकेश सिंह, मनोज आदि लोग उपस्थित थे।

### कदमडीह दुर्गा पूजा पंडाल का विधायक सविता महतो ने किया उद्घाटन



**चांडिल।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी कदमडीह के भव्य दुर्गा पुजा पंडाल का ईंचागढ के विधायक सविता महतो ने उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने ईंचागढ एवं प्रदेशवासियों के लिए माता रानी से सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने का प्राथना किया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने पुजा कमिटी के सदस्यों को सराहा। कमिटी के द्वारा विधायक को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर महंत विद्यानंद सरस्वती, बीडीओ तालेश्वर रविदास, ओमप्रकाश लायेक, काबलु माहतो, राकेश वर्मा, पप्पू वर्मा, स्नेहा महतो, शिल्पि महतो, राहुल वर्मा, चंदन वर्मा, सपन गुप्ता, संजय चौधरी, करुणेश मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### हाट बाजार समिति के पंडाल का उद्घाटन एसएसपी और डीडीसी ने किया



जमशेदपुर। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दुर्गा हाट बाजार के पंडाल का उद्घाटन जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर, डीडीसी मनीष रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा, जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह, ए एएसपी अमित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर केंद्रीय दुर्गा पूजा के महासचिव आशुतोष सिंह, सचिव राम बाबू सिंह, गौतम प्रसाद, संजीव रंजन, अजीत कुमार, विनय कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधि, गोविंदपुर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

### विजया गार्डेन,बारीडीह दुर्गापूजा पंडाल का सांसद ने किया उद्घाटन



जमशेदपुर। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने बारीडीह स्थित विजया गार्डेन सेंट्रल पूजा कमिटि के पूजा पंडाल के उद्घाटन के पश्चात मां दुर्गा की मूर्ति के साथ अन्य मूर्तियों का अनावरण किया। साथ ही दीप प्रज्जवलित किया और उपस्थित लोगों को नवरात्र की शुभकामना दी। कमिटि के सदस्यों ने सांसद को मोमेंटों देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उक्त मौके पर विद्युत महतो ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत के त्योहार के रूप में दुर्गा पूजा मनाते हैं। मां दुर्गा का आशीर्वाद सदैव जमशेदपुर के लोगों पर बना रहे, यही माता से कामना करते हैं। सनातन धर्म सबसे पुरानी सभ्यता है, इसको आगे ले जाना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के मंच का संचालन सफलतापूर्वक राकेश पांडेय ने किया। उद्घाटन समारोह को सफल बनाने में पूजा कमिटि के पी के बस्तिया, सुब्रतो सरकार, विजय सिंह, राजेश कुमार सिंह, नवीन कुमार वर्मा एवं अन्य की अहम भूमिका रही।

### एनटीटीएफ गोलमुरी में आयोजित हुआ दुर्गोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आर डी टाटा तकनीकी संस्थान में शनिवार को दुर्गोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थी एवं शिक्षक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंस्टिट्यूट की प्राचार्य प्रीता जॉन एवं उप प्राचार्य रमेश राय द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुआ। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि जगतजननी मां दुर्गा शक्ति स्वरूप है और दशहरा असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छी की विजय का प्रतीक है। स्वागत गाना शिक्षक दीपक ओझा द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की संयोजक मिथिला एवं स्मृति रही। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बेबको इंडिया में अधिकतम 29,576 रुपये बोनस



जमशेदपुर। अर्थ विले वेबको इंडिया और झारखंड स्टील मेटल एंड माइंस इंप्लाइज यूनियन की वेबको यूनिट के बीच आज बोनस समझौता हुआ। समझौते के तहत कंपनी के स्थाई कर्मचारियों को न्यूनतम 22963 और अधिकतम 29576 रुपए बोनस मिलेंगे। बोनस राशि को आज ही कर्मचारियों के खाते में भेज दिया गया। समझौता पर झारखंड स्टील मेटल एंड माइन्स इंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, उपाध्यक्ष परमानंद कुमार पात्रों ,सचिव परमेश्वर महतो कोषाध्यक्ष बबलू मोदी कमेटी मेंबर अमन हांसदा और वी चरण मुर्मू ने हस्ताक्षर किए जबकि प्रबंधन की ओर से रीजनल ऑपरेशन ऑफिसर एस रवि कुमार, हुमन रिसोर्स डिपार्टमेंट के हेड जोसेफ जैक्सन पन्नाकल ,जनरल मैनेजर ऑपरेशन गुरु राजा बीएम हर गोपीनाथ जी और मैनेजर एचआर कुमार राघव ने हस्ताक्षर किए।

## स्पीड न्यूज

### प्रत्येक मूर्ति विसर्जन में पुलिस बल रहेगी तैनात : एसपी रीष्मा रमेसन



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने जिलेवासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामना व्यक्त करते हुए अपील किया है कि शांति व सौहार्द के साथ पर्व को मनायें। पलामू पुलिस जिलेवासियों के सुरक्षा के प्रति काफी सतर्क व तत्पर है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि पलामू पुलिस के द्वारा दिये गये दिशा निर्देश के अनुसार ही पर्व को मनायें एवं पुलिस के कार्य में सहयोग करें। कहीं किसी प्रकार की कोई परेशानी महसूस करते हों तो संबंधित थाना या जिले अधिकारी को सूचना दें त्वरित कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि दशहरा आपसी प्रेम का संदेश देनेवाला पर्व है। इसी संदेश के तर्ज पर लोग सौहार्द के साथ पर्व को मनायें। पलामू जिला के सभी पूजा पंडालों में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। इसके साथ ही जिले के सभी थाना में क्यूआरपी का गठन किया गया है। जो थाना क्षेत्र में मुस्तैदी से काम करेगा। ताकि लोगों के मन में भय का माहौल उत्पन्न न हो। पुलिस शांति बनाये रखने के लिए लगातार कार्य कर रही है। एसपी रमेसन ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के समय विसर्जन पार्टी के साथ ही पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। ताकि कहीं किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि किसी भी पर्व को मनाने के लिए एकता का होना अतिआवश्यक है। इसलिए सभी लोग एकता के साथ पर्व को मनायें।

### विधायक ने पेट्रोल पंप का किया उदघाटन



**हरिहरगंज पलामू।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने एनएच 98 दुबटिया मोड़ के समीप शुक्रवार को स्वाति ऑटोमोबाइल्स पेट्रोल पंप का फीता काटकर उदघाटन किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस पेट्रोल पंप के चालू होने से हरिहरगंज पिपरा क्षेत्र के किसानों सहित मेदिनीनगर–औरंगाबाद की ओर गुजरने वाले वाहनों को ईंधन लेने में सहूलियत होगी। वही प्रोपराइटर सुशील कुमार सिंह ने कहा कि सही मानक व गुणवत्ता के साथ ग्राहकों को बेहतर सुविधा देंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, संदीप पासवान, एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला सचिव अजय सिंह, मुखिया सरोज कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, पूर्व प्रमुख प्रदीप सिंह, लालबाबू सिंह, शिक्षक सुरेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, उमेश साव, स्वामी सिंह, मैनेजर हरिवंश पांडेय, अरविंद सिंह, अरुण मेहता, राजन सिंह उर्फ भोलू, धनंजय सिंह, विजय कुमार, अखिलेश मेहता, गुड्डू सिंह, शशि गुप्ता, विनोद प्रसाद, श्रीकांत सिंह, संजय गुप्ता, रंजय सिंह, मनोज विश्वकर्मा, राजेश्वर सिंह, लक्ष्मी विश्वकर्मा, युगेश सिंह, गुप्तेश्वर विश्वकर्मा, ललन सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह, हरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, महादेव विश्वकर्मा, प्रो दिलीप सिंह, डॉ महेश वर्मा, महाराणा सिंह, जीतू सिंह, दिलू सिंह, मुन्ना जायसवाल, रामप्रसाद भुइयां, जनेश्वर भुइयां, उपदेश गिरी, भोला यादव आदि उपस्थित थे।

### क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को लेकर हैं संकल्पित : प्रमुख गायत्री



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बोडी पंचायत में 15वें वित्त की राशि से बने पीसीसी पथ का उदघाटन प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने नारियल फोड़कर तथा फीता काटकर किया। इस अवसर पर गायत्री देवी ने कहा कि 15वीं वित्त की राशि से पंचायत का विकास हो रहा है इसके लिए हम सदा प्रयत्नशील हैं। कहा कि क्षेत्र में चहुमुखी विकास हो सके इसमें सामूहिक भागीदारी जरूरी है। गायत्री देवी ने कहा कि ग्रामीण सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी रखें तभी योजनाओं का लाभ सभी को मिल सकेगा। पीसीसी पथ का निर्माण पंचायत समिति सदस्य चंद्रावती देवी के कोटे से कराया गया है। मौके पर कई लोग शामिल थे।

### पशुपालकों तक पहुंचेगा सरकारी योजना का लाभ : डा अनुप विलियम



**मेदिनीनगर।** जिला गव्य विकास कार्यालय पलामू द्वारा दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण विषय पर महिला एवं पुरुष पशुपालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण नावाबाजार प्रखंड के कंडा मध्य विद्यालय कण्डा में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सैंकड़ों पशुपालक महिला एवं पुरुष ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मौके पर डॉ अनुप विलियम लकड़ा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पशुधन योजना की जानकारी दी गई। साथ ही विकास योजना, पशु बीमा की जानकारी दी गई। पशुपालकों को पशुओं के टीकाकरण कराने पर बल दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ प्रभाकर सिन्हा जिला पशुपालन पदाधिकारी, डॉ दीनबन्धु गुप्ता पशुशल्य चिकित्सक पलामू, वीरेंद्र कुमार गव्य तकनिकी पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के आनन्द, माधुरी देवी, विकास तिवारी, सुनील सिंह, रोशन कुमार उपस्थित थे।

### बाबा पेट्रोलियम में गुणवत्तापूर्ण मिलेगा फ्यूल : छोटन उपाध्याय



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी जोरकट में बाबा होटल के बगल में बाबा पेट्रोलियम का शुभारंभ नवरात्र के अवसर पर पूजा पाठ व मंत्रोच्चार के साथ किया गया। मैके पर पंप के संचालक छोटन उपाध्याय ने बताया कि इस पेट्रोल पंप पर गुणवत्तापूर्ण फ्यूल ग्राहकों को मिलेगा। पंप 24 घंटे ग्राहकों के लिए खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि इस पेट्रोल पंप पर नि:शुल्क हवा, पानी के साथ ही पुरुष व महिला बाथरूम की व्यवस्था की गई है। उपाध्याय ने कहा कि यह पेट्रोल पंप जिले के अन्य पेट्रोल पंपों से अलग हटकर ग्राहकों को सेवा प्रदान करेगा। इस मौके पर नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्र में व्यवसाय का खुला शुभ संकेत है। जो लोगों को रोजगार मुहैया करायेगा। जहां पर लोग व्यवसाय कर या व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में काम कर अर्थोपार्जन कर रहे हैं। मौके पर डॉ अमित उपाध्याय, झारखंड प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय, विकास उपाध्याय, श्यामाकांत तिवारी, पिंकु तिवारी, आनंद तिवारी, लाला यादव, राकेश दूबे, तुलसी शुक्ला, अरूण राम, तुलसी शुक्ला समेत कई लोग शामिल थे।

### रामगढ़ हाई स्कूल परिसर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़ पलामू।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में रामगढ़ प्रखंड के स्तोरोनत+2 हाई स्कूल रामगढ़ में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मूख्य रूप से रामगढ़ प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष, शंभू राम, जिला परिषद, छोटन सिंह, पलामू जिला के नेहरू युवा क्लब सलाहकार, विनीत पांडे, रामगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष, उमा शंकर प्रसाद, प्राचार्य, महेंद्र प्रसाद, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चंदन कुमार ने किया। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विनीत पांडे ने छात्रों एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों के दिल में वीर सपूतों के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना है और देश के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। मौके पर शंभू राम ने संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान से युवाओं में देशभक्ति एवं राष्ट्र प्रेम जागृत होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार, योगनाथ शुक्ल, सुनील मांझी, संगीता खाखा, रजकिशोर, राहुल सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# अब हम भी अपने शहर की तारीफ दूसरे शहर में कर सकते : प्रथम महापौर



शहर की महिलाएं मिस इंडिया एवं शेफाली जरीवाला के साथ खेली डांडिया







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नवरात्र के पवित्र अवसर पर प्रथम महापौर अरूणा शंकर के सौजन्य से पलामू चैंबर लेडीज विंग द्वारा आयोजित दो दिनों से चल रहे बड़े शहरों की तर्ज पर शानदार डांडिया नाइट का कल रात समापन हो गया। मेदिनी नगर शहर के इतिहास में पहली बार मुंबई से आए फिल्म एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला जो कांटा लगा गर्ल से मशहूर है और मिस इंडिया सिमरन आहूजा जिन्हें डांडिया क्वीन भी कहा जाता ह के साथ शहर के सैकड़ो महिलाओं को डांडिया खेलने का अवसर मिला। जिससे महिलाएं काफी उत्साही नजर आई। कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने कहा कि कोरोना के बाद मैं अपनी बहनों के चेहरे पर पहली बार इतनी खुशी देखकर बहुत खुश हूं जो यहां खुलकर एक दूसरी बहनों के साथ डांडिया खेलते हुए अपनी खुशी जाहिर कर रही थी। अब मुझे लगता है कि मेरा शहर बदल रहा है। अब हम भी अपने शहरों की तारीफ दूसरे शहरों में कर सकते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि समाज में पुरुषों के लिए कई कार्यक्रम होते और बहने घर में रहती, मैं आगे भी बहनों के लिए इसी तरह कई कार्यक्रम लेकर आऊंगी जहां हम बहने भी अपनी खुशी का इजहार आपस में मिलकर करेंगे। झामूमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कार्यक्रम की काफी सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम से समाज में आपसी सद्भावना बढ़ती है। मैं इसके लिए चेंबर और बहन अरुणा जी को बधाई देता हूं। साथ ही नवरात्रि की सबको शुभकामनाएं देता हूं। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि चेंबर महिला विंग एवं आयोजन बहन अरुणा दीदी को शहर की बहनों के लिए इतनी शानदार तरीके से बाहर के सेलिब्रिटी के साथ डांडिया नाइट आयोजित करने के लिए बधाई दी। निश्चित हमारा शहर बदल रहा है। सभी बहनों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मंच की अध्यक्षता चेंबर लेडीज विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने की और संचालन प्रियंका सिंघानिया द्वारा किया गया। चेंबर महिला विंग की एग्जीक्यूटिव सदस्य फरहा नाज, ममता सिंहा, राखी सोनी, कंचन गुप्ता, प्रियंका आनंद साहू एवं रेनू शर्मा ने मिलकर जहां महिलाओं के इस कार्यक्रम को सुव्यवस्थित किया। वही चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, कृष्ण अग्रवाल, चेंबर सचिव डिंपल जी, इस प्रोजेक्ट के अध्यक्ष अनवर जी, आर्टिस्ट कोऑर्डिनेशन के प्रभारी रिंकू दुबे, प्रेम जैसवाल एवं अन्य व्यवस्था में लगे आलोक माथुर, पुनीत सिंह, विजय ओझा, राजदेव उपाध्याय, रितेश कुमार, सुनील गुप्ता, अरविंद गुप्ता, लड्डू सिंह, संजय भगत, भूपेंद्र सिंह ने संभाल रखा था। सभी लोगों ने शहर के इस कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संचालित करने में पुलिस व्यवस्था संभाल रहे टीओपी 2 के थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह एवं ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे रामजीत सिंह साथ में एसआईएस के जवानों की काफी तारीफ करते हुए धन्यवाद दिया। आयोजकों द्वारा जहां कार्यक्रम के साथ-साथ नवरात्र के अवसर पर बिना लहसुन प्याज का प्रसाद के रूप में खाना उपलब्ध कराया था। वही लोगों ने शहर का चर्चित दिल्ली दरबार के व्यंजनों का भी आनंद उठाया। प्रथम महापौर ने शानदार साउंड के लिए जीवन साउंड डेहरी एवं खूबसूरत शामियाना से फील्ड को सजाने के लिए पुतुल को विशेष धन्यवाद दी।

# गुलामी से निकल कर समृद्ध विरासत पर गर्व करने का अभियान : ज्योतिरीश्वर

भाजपा ही नही प्रत्येक भारतीय का अभियान : विधायक डॉ मेहता

### तरहसी में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/तरहसी।** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत तरहसी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद ने की। प्रभारी के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने भाग लिया। इस आयोजन में क्षेत्रीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता भी मौजूद थे। कार्यक्रम प्रभारी सिंह ने कहा कि बलिदानी, वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान की शुरूआत की गयी है। इस अभियान का उद्देश्य है कि गांव के एक सामान्य व्यक्ति को भी राष्ट्र और समाज के नवनिर्माण से जोडना है। सिंह ने कहा कि ऐसा करने के पीछे का उद्देश्य भारत को एक विकसित देश बनाने, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने, समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाए रखने, नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करना है। यह सब संभव हो रहा है प्रधानमंत्री जी के विजन के कारण। यही वजह आज भारत पूरे विश्व में एक शक्ति के रूप में उभरा है। यह अभियान देश हर जन का अभियान बन चूका है। विधायक डॉ मेहता ने कहा यह भाजपा ही नही बल्कि प्रत्येक भारतीय नागरिक का अभियान है। इसमें सक्रियता के लिए हम सबको लगने की जरूरत है। डॉ मेहता ने कहा कि यह अभियान भारतीय वीरांगनाओं की सम्मान का प्रतीक है। भारत देवी देवता वीर और वीरांगनाओं की पवित्र भूमि है। सतयुग त्रेता और द्वापर युग में भी महिलाओं की पूजा होती रही है। भारतीय महिलाओं की समस्त विश्व में एक अलग पहचान रही है। यह पहचान और सम्मान विश्व के किसी महिला को नसीब नही हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत सती सावित्री अनुसुइया की अवतरण व पावन स्थली है। मौके पर शंभू प्रसाद समेत कई भाजपाई मौजूद थें।

मेदिनीनगर में खुला होटल सुमति टावर एंड रेसिडीसी एंड बराबी क्यू स्टेशन रेस्टोरेंट

# प्रतिष्ठान का खुलना प्रगति का प्रतीक : मनोज सिंह





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** होटल सुमति टावर एंड रेसिडीसी एंड बराबी क्यू स्टेशन रेस्टोरेंट का उदघाटन शुक्रवार को पूर्व सासंद मनोज कुमार व पूर्व नगर पर्षद उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पूर्व सासंद ने कहा कि इस तरह का संस्थान खुलना किसी भी इलाके के प्रगति का द्योतक होता है। इसे इलाके के विकास का शुभ संकेत माना जाना चाहिए। पूर्व उपाध्याक्ष सिंह ने कहा कि इस तरह के संस्थान को खुलना, एकमात्र संस्थान का खुलना नही होता है, बल्कि इससे इलाके की छवि निखरती है। इसलिए कहा जाता है किसी भी शहर को आगे ले जाने में शासन प्रशासन के साथ उद्यमियों का बडा योगदान होता है।

इसलिए रह जरूरी है इस तरह के उद्यमियों को प्रोत्साहित करे, ताकि दूसरे लोग भी इससे प्रेरित हो कर आगे आये। उन्होने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से आम जनों को काफी राहत मिलती है। साथ ही बेहतर वातावरण तैयार होता है। उन्होने प्रतिष्ठान के संचालक को शुभकामना दी। मौके पर पूर्व पाटन प्रमुख शोभा देबी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, नरेंद्र सिंह, जनता शिवरात्रि कालेज के पूर्व प्राचार्य राणा प्रताप सिंह, विनोद उदयपुरी केसरी सिंह राकेश शुक्ल उपेंद्र सिंह आदि मौजूद थें।

## डीसी व एसपी ने विभिन्न पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार को दुगार्पूजा के छठे दिन शहर के प्रमुख पूजा पंडालों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उपायुक्त व एसपी ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालो में पहुंचकर समिति के सदस्यों से तय मानकों के अनुरूप पूजा संपन्न कराने हेतू निर्देशित किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आवश्यक सुरक्षा व सफाई व्यवस्था बरकरार रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी आयोजकों से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला एवं पुरुष के अलग अलग निकास व प्रवेश द्वार की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने आयोजन स्थल पर सीसीटीवी, अग्निशमन, बिजली, प्रकाश आदि की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। पंडाल भ्रमण के दौरान आयोजकों द्वारा आकर्षक पंडाल एवं अच्छी व्यवस्था को देख उपायुक्त ने खुशी जाहिर की।

## झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी पहुंचा पलामू

### डीसी, एसपी व डीडीसी समेत अन्य अधिकारियों ने किया ट्रॉफी का अनावरण




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का आगमन पलामू में हुआ। यहां समाहरणालय में उपायुक्त शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेशन, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, डीडीसी रवि आनंद,सदर एसडीओ राजेश साह समेत कई पूर्व खिलाड़ियों व समाज सेवी द्वारा संयुक्त रूप से ट्रॉफी का अनावरण किया गया। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि यह पूरे झारखंड के लिए गर्व का विषय है कि इस तरह का बड़ा आयोजन हमारे राज्य में हो रहा है। सभी पलामू वासी इस बड़े आयोजन का लुफ्त उठाएंगे। ज्ञात हो कि रांची के मोराबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक झारखंड वूमेन एशियाई चैंपियंस ट्राफिक आयोजन किया जाना है। इसमें भारत, चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया व थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी।

## रामचरित मानस हमें नित्य सद्कर्म पर चलना सिखाता है : विधायक रामचंद्र सिंह



सतबरवा/मेदिनीनगर। रामचरित मानस हमे नित्य सद्कर्म पर चलना सिखाता है। रामचरितमानस ही एक ऐसा ग्रन्थ है, जिसमें माता-पिता, गुरु-शिष्य, भाई-बहन, पति-पत्नी, स्वामी सेवक, मित्र शत्रु आदि के परस्पर संबंधो के सुंदर व व्यवहारिक व्यख्या की गई है। उक्त बातें मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह ने कही। वे गुरुवार को पोलपोल के घोरही शिवबेल में आयोजित नव दिवसीय कथा प्रवचन के पांचवे दिन बोल रहे थे। इसके पूर्व सिंह ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कथा प्रवचन का उदघाटन किया। साथ ही कथा वाचिका केशव प्रिया व उनके टीम व कमिटी के पदाधिकारियो को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया। कमिटी के लोगों ने सौकड़ों मोटरसाइकिल से विधायक का अगुवाई किया व यज्ञ मण्डप में अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सह समाज सेवी भरदुल सिंह ने किया। रामचंद्र सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम के चरित्र व आदर्शो को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा की हम कथा तो सुनते हैं पर उसे आत्मसात नही कर पाते। भगवान का कथा श्रवण से मोक्ष का द्वार खुलता है। मौके पर भरदुल सिंह ने कहा कि रामचंद्र सिंह मनिका के विधायक है परंतु हमलोग का प्यार का परिणाम है कि जब हमलोग बुलाते हैं जरूर आ जाते हैं। सिंह का सामाजिक कार्यो में गहरी अभिरुचि रहता है।उन्होंने कहा कि यज्ञ दो दिलो को जोड़ने का कार्य करता है। जहां यज्ञ होता है वहा देवता वास करते हैं। मौके पर सोनू गुप्ता, मुखिया पति आनंद कुमार, विजय शंकर यादव,सुभाष सिंह, ध्रुव पाल, पिंटू सिंह, सोनू कुमार सिंह, सुनील प्रजापति, शक्ति सिंह, मनोज चौधरी, मोहन सिंह, महेंद्र सिंह, नन्दू सिंह, जगनारायण सिंह, कृपाल पाल, चन्दन कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पुलिस ने किया अज्ञात शव बरामद

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा थाना क्षेत्र के मुरमा मलय डैम जाने वाले रास्ता के समीप रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के किनारे से पुलिस ने एक अज्ञात लगभग 27 वर्षीय युवक का शव लावारिस हालत में शुक्रवार को बरामद किया है। शव के समीप से ही एक साइकिल भी पुलिस ने बरामद किया है। ग्रामीणों के अनुसार युवक के शव को देखने से पता चलता है कि इसकी हत्या हुई है।मुंह से खून बाहर आ रहा है। समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक जींस पैंट तथा सफेद रंग का शर्ट पहना हुआ है। मामले की छानबीन में पुलिस जुटी हुई।

### रासलीला में कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**हरिहरगंज पलामू।** मेन बाजार दुर्गा मंदिर परिसर हरिहरगंज में शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन गुरुवार की रात्रि रासलीला कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी जानू चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर नवयुवक सांस्कृतिक समिति हरिहरगंज के सदस्यों ने जानू चौधरी सहित अन्य अतिथियों को फूल माला तथा अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। रासलीला कार्यक्रम के दौरान वृंदावन से आए हुए कलाकारों ने कई मनमोहक झांकियां दिखाई, जिसे लोगों ने सराहा। मौके पर समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला, व्यवस्थापक रॉबर्ट गुप्ता, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष भोला गुप्ता, सांस्कृतिक मंत्री बीनू जायसवाल, उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद, शशि, संतोष प्रजापति, विश्वदीप, उप सचिव उदय गुप्ता, करण राजवीर विकाश विश्वकर्मा के अलावे बंटी गुप्ता, सुनील गुप्ता, बैजनाथ साव, अमित सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## कलियुग में श्रीराम नाम है मुक्ति और सदगति का आधार : पं मधुसुदन शास्त्री



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन/पंडवा।** कलियुग के कलिकाल में श्रीराम नाम का स्मरण उच्चारण व संबोधन ही मुक्ति और सदगति का आधार है। उक्त विचार अयोध्या से पधारे मानस मर्मज्ञ पंडित मधुसुदन शास्त्री ने व्यक्त की है। वे पंडवा प्रखंड के लोहड़ा व पाटन प्रखंड के सकलदीपा में आयोजित श्रीरामचरितमानस नवाह्नपरायण महायज्ञ में प्रवचन कर रहे थे। पंडित शास्त्री ने कहा कि देवो के देव भगवान महादेव ने भी श्रीराम नाम की स्तुती को जीवंत आत्मसात किया और राम नाम की स्तुती में ही रमे रहे। तुम पुनि राम राम दीनराती सादर जपहू अनंत अगासी एवं सन्मुख होई जीव मोही जबही जनम कोटि अगनाशही तबही चौपाई की विस्तृत व्याख्या करते हुए पंडित शास्त्री ने कहा कि जहां विश्व के कल्याणकर्ता कल्याण के लिए विषपान करने वाले देवो के देव महादेव ने श्रीराम नाम को आधार बनाया। मनुज मात्र को कलियुग में श्रीराम नाम रूपी नौका पर सवार होने से ही वैतरणी को पार किया जा सकता है। पंडित शास्त्री ने कर्मवीर व धर्मवीर नामक दो भाईयों की कथा का उदाहरण प्रस्तुत किया।

## ...मैं खतियानी हूं : डॉ मेहता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर।** लेस्लीगंज नया बाजार एवं पुराना बाजार में दुर्गा मंडप के पास विवाह मंडप का शिलान्यास पांकी विधानसभा के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ कर किया। विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास के कार्यो का लकीर खींचा जा रहा है पिछले 15 वर्षों में पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास नाम का कोई काम ही नहीं हुआ। पांकी की जनता ने वंशवाद समाप्त करने का काम किया है। अब पांकी में बाबू विधायक नहीं है। अब पांकी में भईया विधायक हैं। और मैं यहां का किराएदार नहीं हूं मैं यहां का खतियानी हूं। मौके पर कमेश यादव, बजरंगी प्रसाद सोनी छोटेलाल, सोनी संजय, सोनी बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा निर्मल मेहता, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सोनी, आनंद के अलावा पवन सोनी, चंदन सोनी नीरज, रौशन गोस्वामी, रमाकांत, दीपक सहित कई उपस्थित थे।

## ज्ञान निकेतन स्कूल के बच्चों ने किया महिषासुर वध की प्रस्तुति






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में दुर्गा पूजा के अवसर पर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

जिसमें मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की झलकियां प्रस्तुत की गयी। दुर्गा पूजा में बनने वाली मूर्तियों के प्रारूप के आधार पर महिषासुर वध की प्रस्तुति बच्चें-बच्चियों द्वारा आकर्षक रूप में प्रस्तुत की गयी। बच्चों एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा मां दुर्गा के भजन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर बच्चों के साथ विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने भी इस नृत्य में स्वयं भाग लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि हमारे पर्व-त्योहार उत्साह और उमंग के साथ अपने लोगों से मेल मिलाप का भी अवसर प्रदान करते है । दुर्गा पूजा की छुट्टियों में अधिक से अधिक अपने लोगों से मिलें और उनका प्यार और आशीर्वाद प्राप्त करें। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्राचार्य मनोहर पाण्डेय तथा विद्यालय प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सबों को दुर्गा पूजा एवं दशहरा की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के संगीत शिक्षक सुमित कुमार दुबे के साथ नर्सरी विंग की प्रभारी पूजा दुबे, कंचन कुमारी, इन्द्ररेखा सिन्हा, निताशा सहाय, रिंकी सिंह, अराधना कुमारी, शकुंतला गुप्ता, स्नेहलता कुमारी, तृप्ति कुमारी, सौम्या सिंह, राधिका सिंह, पुष्पांजलि गुप्ता, गुड़िया कुमारी, निधि कुमारी एवं अर्चना द्विवेदी ने सराहनीय योगदान दिया।

## पूजा के दौरान अवैध शराब बिक्री करनेवाले बख्शे नहीं जायेंगे : थाना प्रभारी गौतम कुमार

### सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने चलाया छापेमारी अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला के एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस ने भुसही में छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर शराब बिक्रेता भागने में सफल हो गये। पुलिस ने सुआ, मटपुरही समेत सदर थाना क्षेत्र के कई जगहों पर महुआ जावा को नष्ट किया। सदर थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा के दौरान नशा करने वाले व अवैध शराब की बिक्री करनेवाले बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री किसी भी हालत में नहीं करें पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगा। अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा है। उन्होंने कहा कि कहा कि भट्ठी पर शराब पीते देखे गये तो गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर सदर थाना क्षेत्र में पुलिस की पैनी नजर है। पुलिस लगातार गश्त कर क्षेत्रों का मुआयना करेगी। असमाजिक तत्व पकड़े गये तो उन्हें भी जेल भेजा जायेगा। एएसआई अभिमन्यु सिंह ने कहा कि क्षेत्र में दुर्गा पूजा के दौरान पुलिस सादे लिबास में भ्रमण करेगी। उन्होंने लोगों को शांति से पर्व मनाने की बात कही। छापेमारी अभियान में एएसआई अभिमन्यु कुमार, जवान निरंजन कुमार, मुन्ना कुमार, प्रवेश कुमार समेत कई बल शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## डीपीएस चास में रंगारंग कार्यक्रम



**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में नवरात्रि के उपलक्ष्य पर विशेष प्रार्थना सभा सह रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मां दुर्गा शीर्षक पर कविताएं व भजन प्रस्तुत किए। वहीं सांस्कृतिक नृत्य ने समां बांध दिया। बच्चों ने जय मां दुर्गे गीत पर मनमोहक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है वहीं देवताओं का निवास होता है। स्कूल के डायरेक्टर नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि हमें इस शक्तिपर्व पर मां दुर्गा से सकारात्मक शक्तियों को लेना चाहिए और अपने भीतर की नकारात्मकता को समूल नष्ट कर एक सुंदर समाज का निर्माण करना चाहिए। स्कूल की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने सभी से यह आग्रह किया कि नवरात्रि के 9 दिनों में हम सब अपनी एक एक बुराई का प्रतिदिन शमन करें।

## बरोरा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**बरोरा।** बरोरा पुलिस ने दुर्गा पूजा के दौरान 20 अक्टूबर शाम 3 बजे शुक्रवार शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए फ़्लैग मार्च निकाला। बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल के नेतृव में दो दर्जन से अधिक पुलिस बल ने बरोरा थाना के क्षेत्र बेहराकुदर ,दरीदा कालीपुर ,मुराईडीह ,जमुआटांड़, डुमरा हरिणा निचितपुर एवं बाजारों फ़्लैग मार्च किया । इस दौरान बरोरा थाना प्रभारी ने पूजा पंडालों का जायजा लिया एवं कहा कि असामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों पर पैनी नजर है हम सभी लोगो से सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर अपील की।

## गोविंदपुर पुलिस ने दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालो का निरीक्षण किया तथा पूजा संचालकों को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी दुर्गा पूजा आयोजकों से पंडालो में अश्लील गाना नही बजाने, डीजे नहीं बजाने, वालंटियर को सक्रिय रखने, आग से सुरक्षा के लिए बालू एवं अग्निशमन यंत्र रखने, बिजली वायरिंग दुरुस्त रखने, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार, वाहन स्टैंड, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने, महिलाओं की पूरी सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश दिया। पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि पूजा समितियां एवं पुलिस के आपसी सामंजस्य से पूजा शांतिपूर्ण संपन्न होगी। पुलिस विसर्जन के दौरान बड़े तालाबों में तैराकों और गोताखोर की भी व्यवस्था करेगी।

## लाभुकों के बीच कूड़ेदान का वितरण

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा कोलियरी की प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधन संवर्धन योजना के अंतर्गत शुक्रवार को परियोजना कार्यालय के सभागार कक्ष में चार पंचायत क्रमशः बोरिया उत्तरी बोरिया दक्षिणी कथारा एवं सरहचिया पंचायत के लाभूको के लिए 75-75 कुडेदान एवं 75-75 सोलर लालटेन पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति को उपलब्ध करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान सतर्कता जागरुक्ता अभियान के विषय पर भी चर्चा की गई । सभी लोगों को सतर्कता जागरुक्ता अभियान के अंतर्गत दूर्गेश कुमार सिन्हाए परियोजना पदाधिकारीए कथारा कोलियरी के द्वारा सत्यनिष्ठा का शपथ दिलाया गया। पंचायत प्रतिनिधियों में बोरिया उत्तरी के मुखिया कामेश्वर महतोए बोरिया दक्षिणी के मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम प्रसादए पंचायत समिति बैज्जू कुमार एकथारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सत्येन्द्र कुमार ए पंचायत समिति श्रीमती निभा देवी एवं दुलारी देवी तथा सरहचिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने भाग लिया। कार्यक्रम में सी एस आर अधिकारी चन्दन कुमार, अवनिश कुमार आदि मौजूद थे।

### रेल यात्रियों को लूटने के लिए छायगद्दा के सुनसान स्थान पर घात लगाये बैठे थे

# पिस्टल और गोली के साथ दो गिरफ्तार

● **दुर्गा पूजा को लेकर मुस्तैद है धनबाद पुलिस प्रशासन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद पुलिस दुगार्पूजा त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर पूरी तरह से सतर्क, मुस्तेद है ।पूजा में किसी भी तरह का कोई अपराधिक वारदात न हो इसके लिये पुलिस गश्ती,निगरानी तेज कर दी गई है। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के धनबाद रेलवे स्टेशन पिछले भाग छायगद्दा सुनसान स्थान पर दो अपराधी रेलवे यात्रियों को लूटने के फिराक में थे। रेल यात्रियों को लूटने की योजना बना रहे थे ।पुलिस को सूचना मिलने पर मौके से लूट योजना बना रहे दो अपराधी राजू मिश्रा और दारा सिंह घटवार को गिरफ्तार करने में सफल हुई ।दोनों अपराधी की तलाशी लेने पर दो देशी कट्टा,दो जिंदा गोली दो खोखा बरामद किया गया। बरामद हथियार, गोली को जब्त कर ली।



**दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास**

एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि छायगद्दा से दो अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों अपराधी रेल यात्रियों को लूटने की योजना बना रहे थे। सूचना मिलने पर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। दो देशी पिस्टल, गोली, खोखा जब्त किया गया है। राजू मिश्रा बिहार राज्य के मुंगेर में पूर्व में जेल जा चुका है। दोनों भूली के रहने वाला है। पूर्व का अपराधिक इतिहास गिरफ्तार अपराधी का है। दुर्गापूजा को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तेद है शांतिपूर्ण महौल में पूजा सम्पन्न हो इसके लिये पुलिस तैयार है। दुर्गापूजा में असुर रूप असमाजिक तत्वों को पुलिस किसी सूरत में बख्शने नही जा रही है। पुलिस सभी पर नजर निगरानी बनाये हुए है।

## धनबाद : उत्पाद विभाग ने दर्ज किये 45 मामले, 8 गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर 18 अक्टूबर तक 45 मामले दर्ज कर 8 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा है। इसकी जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त उत्पाद श्री संजय कुमार मेहता ने बताया कि एक अक्तूबर से लेकर 18 अक्तूबर तक 690 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब, 5800 किलोग्राम जावा महुआ, 11 लीटर देशी शराब, 843 लीटर विदेशी शराब, 63 लीटर बीयर, 2900 लीटर स्प्रिट तथा 500 लीटर रंगीन शराब की बरामदगी की है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त ने उत्पाद विभाग को अवैध शराब कारोबार की रोकथाम पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापामारी करने का निर्देश दिया है। निर्देश के आलोक में अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

एक नजर में

## निरसा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**कुमारधुबी।** शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा मनाने के संदेश लेकर निरसा पुलिस ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को फ्लैग मार्च किया। वहीं मुख्य रूप से निरसा बीडीओ भी मौजूद थे। वही निरसा थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व में एमपीएल थाना प्रभारी सुभाष शर्मा ,मैथन ओपी प्रभारी विकास कुमार यादव सहित आसपास के ओपी पुलिस ने पूरे क्षेत्र मे फ्लैगमार्च कर लोगों से शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की साथ ही किसी भी तरह की गडबड़ी होने पर फौरन पुलिस के दिये गये मोबाइल नंबर पर सूचना देने की बात बात कही ।वही मौके पर थानाध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस क्षेत्र में फ्लैगमार्च कर रही हैं और लोगों को जागरूक भी कर रही हैं कि शांति पूर्वक त्योहार को मनाये ।किसी भी तरह की सूचना पर 247 पुलिस आपके सहयोग के लिये तत्पर हैं ।पुलिस के द्वारा जारी मोबाईल नंबर तथा नियंत्रण कक्ष के दिये नंबर आप किसी तरह की सूचना पर पुलिस आपका पूरा सहयोग करेगी।

## पहला कदम में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया नवरात्र उत्सव

**धनबाद।** शुक्रवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में नवरात्र के छठवें दिन माँ दुर्गा की आराधना का पर्व का उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व पर बच्चों की खुशियो में विधायक राज सिन्हा, रेनू दुदानी, समाज सेवी रंजन सिन्हा,रमा सिन्हा, दिलीप शर्मा, संगीता शर्मा,संगीता सिंह, संतोषी आनंद,नन्द कुमार महाराज, बबिता शर्मा आदि शामिल हुए। माताजी के सामने दीप प्रज्वलित कर आज सभी ने गरबा नृत्य कर माता की आराधना की। राज सिन्हा ने कहा कि सभी दिव्यांग बच्चो के स्वास्थ्य और उज्वल भविष्य की कामना करता हूं की जीवन के हर क्षेत्र में ये दिव्यांग भी सामान्य जन की तरह आगे बढ़ें।

## बोकारो : न्याय सदन में जिलास्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** न्याय सदन सभागार में जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल ;एमएसीटीद्ध पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन पीडीजे सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुमारी रंजना अस्थाना उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुलदीप चौधरी पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रियदर्शी आलोक कुटुंब न्यायाधीश आलोक कुमार दूबे प्रेसिडिंग ऑफीसर लेबर कोर्ट अनुज कुमार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश वन पवन कुमार आदि ने किया। मौके पर सुश्री अस्थाना ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों को चिकित्सीय सुविधा पहुंचाने एवं मृतकों के परिजनों को मुआवजा राशि भुगतान करने पूरी प्रक्रिया में पुलिस को अनुसंधान में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्धारित समय में डीएआरध पोस्टमार्टम रिपोर्ट संबंधित आइओ को समर्पित करना चाहिए ताकि दुर्घटना में मौत के बाद मृतक के परिजनों को ससमय मुआवजा राशि का भुगतान किया जा सके। कार्यशाला में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय राजीव रंजन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ योगेश कुमार सिंह सीजेएम दिव्या मिश्रा अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लूसी सोसेन तिग्गा डीएलएसए सचिव निभा रंजना लकड़ा एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ट्राफिक डीएसपी पुनम मिंज सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सभी थानों के थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।



## सिंदरी में रावण दहन की हो रही तैयारी

**सिंदरी।** सिंदरी में प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी रावण दहन कार्यक्रम भव्य तरीके से होगा। शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में रावण दहन कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर चल रही है। कारीगर रावण के पुतले को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। यहाँ दशमी के दिन हजारों लोगों की उपस्थिति में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन होगा। शिव मंदिर परिसर स्थित कार्यालय में शुक्रवार को मंदिर कमेटी की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई। कमेटी सचिव भाजपा नेता दिनेश सिंह ने कहा कि विधि-व्यवस्था के मद्देनजर जिला प्रशासन भी अपनी तैयारी में जुटा है। वहीं रावण के पुतले का निर्माण कर रहे सिंदरी निवासी राजनारायण तिवारी ने बताया कि पुतले का निर्माण आइडियोग्राफी तकनीक से किया जाता रहा है। इसके तहत पहले पुतले का स्केच तैयार कर उसे बड़ा रूप दिया जाता है। कमेटी के सदस्यों ने जाकर पुतला निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। बैठक में कमेटी के दिनेश सिंह, रणधीर सिंह, विदेशी सिंह, रासबिहारी सिंह, कामेश्वर सिंह, संजय सिंह, अनिल सिंह, अधिवक्ता दिनेश सिंह, राहुल सिंह, रंजीत कुमार शामिल थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-23-24-23, दिनांक 19.10.2023; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रांची मंडल के हटिया-मुरी-कोटशिला एवं हटिया-ओरगा अनुभाग में क्रिटिकल मॉस्ट का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 2,22,52,801.80। **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 2,61,300; **बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-736)

# केसीसी के लंबित मामलों का जल्द करें निपटारा : उपायुक्त

**समीक्षा बैठक**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का समीक्षा उपायुक्त कार्यालय में की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा सावित्रीबाई फुले योजना, केसीसी योजना, सुखाड़ राहत योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, विद्यालय के छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति योजना समेत कई अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त वरुण रंजन द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री भूतनाथ रजवार को विद्यालयों के छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनवाने, सावित्रीबाई फुले योजना से छात्रों को लाभान्वित करने, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से लाभुकों को आच्छादित करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता के अंतर्गत चल रहे महत्वपूर्ण योजनाएं कि समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री पशुधन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पशुपालन पदाधिकारी से पूर्व वित्तीय वर्ष के पशुधन वितरण के रिपोर्ट की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी को 31 अक्टूबर तक में लाभुको को पशुधन वितरण करने हेतु निर्देशित किया। वहीं ऋण माफी योजना एवं केसीसी योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित मामलों में आ रही समस्याओं को लेकर अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं कृषि पदाधिकारी को समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द निष्पादन हेतु निर्देशित किया। साथ ही ई-केवाईसी में फिंगर मिसमैच, राशन कार्ड अपडेट में आ रही समस्याओं को लेकर संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया।



**बैठक में थे शामिल**

बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह, निदेशक एनईपी इंदु रानी, एडीएम सप्लाई श्री योगेंद्र प्रसाद, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश कुमार सिन्हा, पशुपालन पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी समेत अन्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीपीएस बोकारो में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में महापर्व नवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 3 से 5वीं के छात्र.छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। उन्होंने देवी दुर्गा के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से सबकी भरपूर तालियां बटोरीं। बच्चों का गरबा और डांडिया नृत्य के साथ साथ महिषासुर मर्दन व नारी.शक्ति का सुंदर चित्रण आकर्षण का केंद्र रहा। देवी दुर्गा के नौ रूपों पर आधारित प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय रही।

## बोकारो : नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो में विधानसभा नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी जी के बोकारो आगमन पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा बालीडीह के टोल प्लाजा पर थाना मोड़ सिवनडीह नयामोड़ महात्मा फूले मोड़ हवाई अड्डा आदि स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ा बजा कर आतिशबाजी भी की। नया मोड़ में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर अमर बाउरी ने धरती आबा को नमन किया। श्री बाउरी ने कार्यकर्ताओं से हेमन्त सरकार के नाकामियों को आम जनता तक पहुँचाते हुए जनसमर्थन से सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। कुमार अमित ने कहा कि अमर बाउरी नेता प्रतिपक्ष के रूप में सड़क से सदन तक जनता की सशक्त आवाज बनकर विधानसभा में हेमन्त सरकार को बेनकाब करेंगें।



# दुर्गा मंदिर पंडाल में 188 कन्याओं का पूजन

**शारदीय नवरात्र**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** शारदीय नवरात्र की षष्ठी को चिरकुंडा उपर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के पंडाल मे 188 कन्याओ का कन्या पूजन राजद नेत्री व समाजसेवी सुनीता सिंह द्वारा किया गया। सर्वप्रथम दुर्गा मंदिर के पुरोहित जी से संकल्प कराया गया उसके बाद चिरकुंडा नगर के विभिन्न स्थानो से आई सभी कन्याओ को पंडाल मंडप मे बैठाकर सुनीता सिंह ने अपने सभी सहयोगी के साथ कन्याओ का पैर धोया आलता लगाया हाथो मे मौली सुता बांधा कुमकुम लगाया और सिर पर चुनरी पट्टा बांध कर प्रसाद दक्षिणा देकर सभी कन्याओ से आशीर्वाद प्राप्त किया। सुनीता सिंह ने सभी देवी रूप कन्याओ से चिरकुंडा नगरवासीयो के लिए ऐश्वर्य धन धान्य के साथ साथ अपने देश की रक्षा करने वाले पुलिस प्रशासन व सैनिको के लिए बल और बुद्धि की कामना की। मंदिर कमेटी के रंजीत साव, प्रमोद साव के साथ साथ सभी सदस्यो को जय माता दी का पट्टा पहनाकर उनको सम्मानित किया गया।



**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर युवा-राजद जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ बिट्टू मिश्रा, राजद नगर अध्यक्ष उपेंद्र यादव, युवा-राजद नगर अध्यक्ष मो सोनू खान, विजय साव, दिपक राय, संतोष साव, बिक्की साव,मदन कुमार, पूजा गुप्ता, ममता रवानी, सारदा सिंह, किरन साव, जयंती वर्णवाल, खुशबु कुमारी, रूपा साव, जोगता सेनापति आदि थे।

**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन पुनः ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर-DOPR/DE/Ranchi/15/2023-24 PR.No 308182**

| S.No | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Repair & Painting work of Lobby & Rooms of 100 Beded Hostel, South Campus. | 99,98,000.00 | 1,99,960.00 | 10,000.00 | 09 माह |

नोट :-केवल ई-टेन्डर ही स्वीकार होगें।
1.अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि- 28.10.2023
3. ई-निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय-30.10.2023 से 04.11.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं निविदा दस्तावेज हार्ड कॉपी में जमा करने की तिथि-06.11.2023 को अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि-07.11.2023 को 3.00 बजे अपराह्न।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता-जिला अभियंता, जिला परिषद, रॉंची।
7. ई-निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0- 8. परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा) किसी स्थानीय राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से लिया जायेगा जो जिला अभियन्ता, जिला परिषद, रॉंची के पदनाम से प्लेज्ड होगा एवं रॉंची में भुगतेय होगा।
9. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
10. निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।
11. इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची/भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद,रॉंची

PR 309695 Panchayati Raj(23-24).D

**कार्यालय जिला परिषद, कोडरमा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 11/2023-24**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला परिषद, कोडरमा के स्व-आय से आम नागरिकों की सुविधा हेतु निम्न वर्णित स्थानों पर 26 अदद हाई मास्ट सोलर लाईट अधिष्ठापन हेतु दिनांक-28.10.2023 तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:-
1. विज्ञापन दाता का नाम :- जिला अभियंता जिला परिषद, कोडरमा।
2. निविदा प्राप्त करने की तिथि :- दिनांक-28.10.2023 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. निविदा खुलने की तिथि :- दिनांक-28.10.2023 (अपराह्न 04:00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त एवं खोलने का स्थान :- डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
5. कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | | योजना का नाम | स्वीकृत राशि | निविदा शुल्क की राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सतगावां | 1 | बासोडीह पंचायत के बस स्टैंड के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 468000.00 | 750.00 | 9500.00 |
| | | 2 | शिवपुर पंचायत के शिवपुर निरंकार बाबा के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| 02 | चन्दवारा | 3 | पंचायत चन्दवारा पूर्वी ग्राम चन्दवारा बजरंगबली चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 936000.00 | 1250.00 | 19000.00 |
| | | 4 | पंचायत थाम के ग्राम थाम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, थाम चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 5 | पिपराडीह ग्राम में पिपराडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 6 | ग्राम कांको में पंचायत भवन के सामने एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| 03 | जयनगर | 7 | कटहाडीह पंचायत के अंतर्गत कटहाडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 1404000.00 | 2500.00 | 28500.00 |
| | | 8 | तमाय पंचायत के अंतर्गत ग्राम घरेडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 9 | पेठियाबागी चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 10 | पिपचो चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 11 | पंचायत रूपायडीह बाघामारा चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 12 | पंचायत तेतरौन तेतरौन मोड पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| 04 | मरकच्चो | 13 | ग्राम पंचायत नावाडीह के ग्राम नावाडीह दुर्गा मंडप के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 936000.00 | 1250.00 | 19000.00 |
| | | 14 | ग्राम मरकच्चो स्थित बंधन चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 15 | मरकच्चो प्रखण्ड के प्रखण्ड मुख्यालय स्थित ब्लॉक चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 16 | ग्राम पंचायत देवीपुर के ग्राम देवीपुर चौक के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| 05 | कोडरमा | 17 | पंचायत डुमरडीहा ग्राम लाराबाद चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 1170000.00 | 2500.00 | 23500.00 |
| | | 18 | पंचायत इन्दरवा ग्राम इन्दरवा चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 19 | पंचायत बेकोबार के उतरी ग्राम बिच्छी पहरी शिवमंदिर चौराहा रोड पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 20 | पंचायत करमा के करमा चौक रांची पटना रोड के बगल मुंशी यादव होटल के सामने एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 21 | मेघातरी बस पड़ाव के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| 06 | डोमचांच | 22 | ग्राम पंचायत मधुबन मेलवाटांड बजरंगबली मैदान के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 1170000.00 | 2500.00 | 23500.00 |
| | | 23 | पंचायत ढोढाकोला के हाट बाजार में एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 24 | मसनोडीह बाराडीह मोड पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 25 | कुण्डीधनवार निमाडीह बाजार के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 26 | बगरीडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |

निविदा की नियम एवं शर्तें WWW.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, कोडरमा

PR 309676 Panchayati Raj (23-24)_D

## मानवीय संवेदना

**पी**एम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की। पीएम मोदी ने गाजा अस्पताल में बमबारी में नागरिकों की जान जाने पर संवेदना व्यक्त की। इजराइल-हमास युद्ध के बीच पीएम मोदी ने कहा कि भारत फिलिस्तीनी लोगों को मानवीय सहायता भेजना जारी रखेगा। फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति से बात करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की। गाजा के अल अहली अस्पताल में नागरिकों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की। क्षेत्र में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की। इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की लंबे समय से चली आ रही सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया। 7 अक्टूबर को हमलावर समूह द्वारा एक आश्चर्यजनक हमला शुरू होने के बाद इजरायल और हमास के बीच संघर्ष लगातार बढ़ रहा है। जवाब में, इजराइल ने हमास पर युद्ध की घोषणा की और गाजा पट्टी में हमास के सिद्धांत और उसके टुकड़ों को तोड़ दिया जवाबी हवाई हमले शुरू कर दिए। इस बीच, गाजा के एक अस्पताल में विस्फोट, जिसमें सैकड़ों नागरिक मारे गए, की विश्व नेताओं ने कड़ी निंदा की है। जहां हमास ने आरोप लगाया कि इजरायली हवाई हमले के कारण यह दुखद विस्फोट हुआ, वहीं इजरायली सेना ने इस घटना में अपना हाथ होने से इनकार किया। गाजा में अस्पताल और रिहायशी इलाकों पर अंधाधुंध बमबारी, जिसके परिणामस्वरूप सैकड़ों निर्दोष पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की जान चली गई, अनुचित और गंभीर मानवीय त्रासदी है, जिसके लिए अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। युद्ध के बीच मानवीय सहायता रोका नहीं जाना चाहिए और कूटनीति के तहत ध्रुवीकरण विश्व को खतरनाक मोड़ पर ले जा रहा है।

## कैसा एमएसपी ?

**चु**नावी मौसम से पहले केंद्र सरकार ने विपणन सत्र 2024-25 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 150 रुपये बढ़ाकर 2,275 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। देश भर के 14 प्रतिशत किसानों को ही इस योजना का लाभ मिलता है क्योंकि एक निश्चित मात्रा की खरीद ही सरकार करती है। साल 2014 में सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा एमएसपी में की गई यह सबसे बड़ी वृद्धि है। इसके अलावा रबी की पांच अन्य फसलों- चना, जौ, मसूर, रैपसीड-सरसों के बीज और कुसुम (सैफ्लॉवर) का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया गया है। गेहूं और इसके आटे की उपभोक्ता कीमतें पिछले डेढ़ साल से दबाव में हैं। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए गेहूं के निर्यात पर मई, 2022 से प्रतिबंध लागू है। यह कृषि और कृषक के साथ कैसा अन्याय है। देश के बाजार में ब्रांड आटा 35 से 40 रुपये किलो है जबकि गेंहू 16 से 30 रुपये के बीच है। ऐसा तब है जब केन्द्र सरकार ने बफर स्टॉक जारी किया हुआ है और विदेश निर्यात पर प्रतिबंध भी। आजादी के बाद जब भी कृषि उत्पाद का मूल्य बढ़ता है जमकर हंगामा होता है सरकारें इसपर जीतती और हारती है। कभी प्याज, कभी टमाटर के मूल्यों पर। यह नीति 12 करोड़ परिवार और 60 करोड़ से अधिक कृषक परिवारों के साथ अन्याय है। चूंकि देश का शहरी और कस्बाई मध्यम वर्ग ही इन विषयों पर अधिक हल्ला करता है और वर्तमान सरकारों को हारने की चिंता से गलत नीतियों के साथ चलने की मजबूरी होती है। बदलते परिदृश्य में खाद्य सुरक्षाऔर कृषि उत्पाद के लागत और लाभ के समीकरण को देखें तो ऐसी वृद्धि हास्यास्पद है। लागत मूल्यों से कम पर कृषि उत्पाद हर साल उठता है सरकारें चुप रहती है। अगर बाजार मूल्य एमएसपी से अधिक है तो इस एमएसपी का अर्थ क्या है?

# नौ देवी की शक्ति का महात्म






- एन के मुरलीधर

इनकी सवारी भी शेर या बाघ है। उनके हाथों में त्रिशूल है, जिसे उन्हें भगवान शंकर ने दिया था। इसके अलावा भगवान विष्णु ने उन्हें सुदर्शन चक्र प्रदान दिया। पवनदेव ने धनुष और बाण भेंट किए। इंद्रदेव ने वज्र और घंटा अर्पित किया। यमराज ने कालदंड भेंट किया और सूर्य देव ने माता को तेज प्रदान किया।

हमारी नौ देवी को नमन।

**हिंदू** धर्म में शक्ति का प्रतिनिधित्व देवी करती हैं। ऐसा भी माना जाता है की यही देवी-देवता ब्रह्मांड का निर्माण, संरक्षण और विनाश करते हैं। देवियों को ही सनातन धर्म में शक्ति माना गया है, चूंकि हिन्दुओं में 9 अंक का अत्यधिक महत्व है।

1. देवी दुर्गा इन्हें आदि शक्ति के रुप में माना गया है, जिसके चलते इन्हें आदि पंच देवों में भी स्थान प्राप्त है। देवी दुर्गा के अनेक रूपों का वर्णन हमें कई धार्मिक पुस्तकों में मिलता है। हिन्दू धर्म में देवी दुर्गा को सबसे शक्तिशाली देवी माना गया है।

देवी दुर्गा ने महिषासुर जैसे शक्तिशाली असुर का वध कर मनुष्य जाति का उद्धार किया था। समस्त ब्रह्मांड में मां दुर्गा स्त्री शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है।

इनकी सवारी भी शेर या बाघ है। उनके हाथों में त्रिशूल है, जिसे उन्हें भगवान शंकर ने दिया था। इसके अलावा भगवान विष्णु ने उन्हें सुदर्शन चक्र प्रदान दिया। पवनदेव ने धनुष और बाण भेंट किए। इंद्रदेव ने वज्र और घंटा अर्पित किया। यमराज ने कालदंड भेंट किया और सूर्य देव ने माता को तेज प्रदान किया।

2. देवी पार्वती- पार्वती देवी पर्वत राज हिमालय और हिमवान की बेटी है। यानि ये माना जाता है की माता पार्वती देवी गंगा की बहन हैं। उन्हें गौरी के नाम से भी जाना जाता है। इनकी सवारी भी शेर या बाघ है।

वह भगवान शिव की पत्नी और कार्तिकेय व गणेश की मां हैं। माता पार्वती सती का अवतार हैं, जो कभी शिव की पत्नी थीं, लेकिन अपने पति के प्रति अपने पिता के अपमानजनक व्यवहार के कारण वे आग में भस्म हो गई थीं। माता पार्वती देखभाल और मातृत्व शक्ति का प्रतीक हैं।

3. देवी लक्ष्मी- देवी लक्ष्मी को धन और समृद्धि की शक्तिशाली देवी माना जाता है। दीपावली के दिन भक्त अपने घरों को रोशनी और फूलों की मालाओं से सजाते हैं और मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। वह भगवान विष्णु की पत्नी है।

लक्ष्मी न केवल भौतिकवादी धन का प्रतिनिधित्व करती है बल्कि महिमा, आनंद और सम्मान का भी प्रतिनिधित्व करती है। जो भी भक्त श्रद्धा से देवी लक्ष्मी की नित्य पूजा करता है, उसे जीवन में किसी भी दुःख का सामना नहीं करना पड़ता है। वहीं शुक्रवार की कारक देवी भी इन्हें ही माना जाता है।

4. देवी सरस्वती- हिन्दू धर्म में माता सरस्वती को ज्ञान, संगीत और विद्या की देवी माना जाता है। इन्हें शारदा के नाम से भी जाना जाता है। वह ब्रह्मा की पत्नी है। इनका वाहन हंस है।

उनकी हाथों में वीणा और पुस्तक है। बसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा मनाई जाती है। भक्त सुबह जल्दी उठते हैं और अपने मंदिरों में ज्ञान और ज्ञान का आशीर्वाद पाने के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

5. देवी काली- भयंकर-विकराल रूपी काले वर्ण वाली मां काली भगवान शिव के नेत्र से उत्पन्न हुई है। शक्तिशाली देवी काली को शक्ति का प्रतीक माना जाता है। देवी काली को ज्ञान की देवी और आत्मा को मुक्त कर मोक्ष देने वाली देवी के रूप में भी पूजा जाता है।देवी काली को माता पार्वती का अवतार माना गया हैं। ऐसा माना जाता है की माता पार्वती ने राक्षस रक्तबीज का वध करने के लिए काली का रूप धारण किया था। मां काली के लालट में तीसरा नेत्र और चन्द्र रेखा शोभित है। कंठ में कराल विष का चिह्न और हाथ में त्रिशूल, खोपड़ियों की माला, चाकू और एक खून का कटोरा माता के रूप को भयावह बनता है।

6. देवी गंगा- हिंदु धर्म में देवी गंगा की नदी के रूप में पूजा की जाती है। लोगों का विश्वास है कि इसमें स्नान करने से सारे पाप धुल जाते हैं। साथ ही जीवन-मरण के चक्र से भी मुक्ति मिल जाती है। देवी गंगा के संबंध में मान्यता है कि यह भगवान विष्णु के अंगुठे से निकल कर पृथ्वी पर आईं हैं। पृथ्वी पर गंगा का अवतरण इक्ष्वाकु वंश यानि श्री रामचंद्र जी के वंशज भागीरथ के अनुरोध पर हुआ था। मान्यता के अनुसार राजा भागीरथ ने अपने पूर्वजों की मोक्ष की प्राप्ति और देवी गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिए ब्रह्मा जी की घोर तपस्या की।

भागीरथ के तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने देवी गंगा को पृथ्वी पर अवतरित होने का का आदेश दिया। तब शिवजी ने गंगा के वेग को अपनी जटाओं में समेट लिया और उंसकी छोटी-छोटी धाराओं को ही पृथ्वी पर गिरने दिया। पुराणों में कहा गया है की गंगा एकमात्र ऐसी नदी है जो तीनों लोकों में बहती है-स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल। इसलिए संस्कृत भाषा में उसे त्रिपथगा कहा जाता है।

7. देवी तुलसी- देवी तुलसी को हिन्दू धर्म में पौधे के रूप में पूजा जाता है। तुलसी के पूजनीयता से जुडी कई कथाएं प्रचलित है। एक कथा के अनुसार देवी तुलसी अपने पूर्व जन्म में जालंधर की पत्नी वृंदा थी। जालंधर का जन्म शिवजी की तीसरी आंख से हुआ था जिस वजह से वह बहुत ही शक्तिशाली था।

मान्यता के अनुसार जालंधर को उसकी पत्नी वृंदा की पतिव्रता के कारण कोई नहीं मार सकता था। जिस वजह से वह देवताओं के लिए खतरा बनता जा रहा था। वृंदा भगवान विष्णु की परम भक्त थी। विष्णु ने दुनिया को जालंधर के अत्याचार से बचाने के लिए जालंधर का रूप धारण किया और वृंदा के साथ रहने लगे। जिसके बाद वृंदा का सतित्व खत्म हो गया और शिवजी ने जलधर का वध कर दिया।यह बात जब वृंदा को पता चली तो उसने विष्णु जी को पत्थर के रूप में जन्म लेने का श्राप दे दिया,जिसे आज भी शालिग्राम के रूप में पूजा जाता है। वृंदा खुद चिता की अग्नि में जलकर भस्म हो गई और फिर उसी जगह वृंदा ने तुलसी के पौधे के रूप में जन्म लिया।

8. देवी सीता- देवी सीता प्रभु राम की पत्नी और मिथिला नरेश जनक की पुत्री थी। नेपाल के जनकपुर में सीता जी के नाम पर जानकी मंदिर भी है। ऐसा माना जाता है कि देवी सीता का जन्म धरती से हुआ था। इसलिए उन्हें धरती माता की बेटी भी कहा जाती है।

9. कामधेनु गाय- गाय के रूप में कामधेनु की उत्पति समुद्र मंथन के समय हुई थी। पुराणों में कामधेनु को सभी गायों की माता कहा गया है। हमारे धर्म में कामधेनु को खूबियों की देवी माना गया है।

खास बात

## स्त्री सम्मान का पर्व

**क्षमा शर्मा**

**इस** बार कोरोना के कारण लोगों ने एक-दूसरे से दूरी का पाठ पढ़ा है। कहीं भीड़-भाड़ ज्यादा न हो इसके लिए लोगों को लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इसलिए थोड़ी शंका-आशंका के बीच तैयारियां चलीं।

अपने देश में दुर्गा पूजा का मतलब स्त्री की पूजा भी है। बेटी की अहमियत का गान भी है। घर-घर में लड़कियों का स्वागत है। उनके पांवों को पखारना है। उनकी पसंद का भोजन उन्हें खिलाना है। पूरी, पकवान तरह-तरह की मिठाइयों से घर-घर महकता है। सुस्वादु भोजन के अलावा यह माता स्वरूप लड़कियों को दान-दक्षिणा का अवसर भी है। सब चाहते हैं कि उनके घर में सबसे पहले लड़कियां आएं, जिससे कि सबसे पहले उनके घर में पेट भर भोजन कर सकें। सप्तमी, अष्टमी, नवमी को बच्चियों को इतने घरों से बुलावा आता है, इतनी जगह भोजन परोसा जाता है कि कितना खाएं, कैसे खाएं। इसलिए भोजन उन्हें पैक करके भी दे दिया जाता है। एक बार एक बच्ची की मां ने हंसते हुए कहा था कि इन दिनों उनके घर में इतना खाना आता है कि उसे फ्रिज में रख दिया जाता है। पूरा परिवार कई दिन तक इसका आनंद लेता है।

लड़कियों की इस तरह से पूजा, दुर्गा पूजा के रूप में स्त्री की वीरता का गान, शायद ही किसी दूसरे देश में दिखता हो। हो सकता है कि पूर्वजों की इसे इस तरह से मनाने की यही मंशा रही हो कि वे स्त्रियां जो इस सृष्टि को चलाने वाली हैं, घर-परिवार की धुरी हैं, जिनके बिना घर, घर नहीं माना जाता आखिर उनके सम्मान, उनके महत्व के लिए भी कोई अवसर जरूर होना चाहिए।

ऐसा अवसर, जहां पुरुष भी स्त्रियों के पांव छूते, उनसे आशीर्वाद लेते देखे जाएं। वैसे भी समाज तभी तो चल सकता है, जब हम उसमें हर एक की पहचान करें, उसके महत्व को पहचानें। आखिर स्त्री से ज्यादा महत्वपूर्ण इस समाज , इस दुनिया को चलाने वाला दूसरा और कौन है। स्त्री शक्ति की पूजा इसीलिए जरूरी है। यह देखकर सचमुच अफसोस होता है कि जो समाज साल में दो बार नवरात्रि मनाकर स्त्रियों के महत्व का बखान करता है, वह अंधभक्त क्यों है?

## जनक की पीड़ा

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**

**जनकपुर** में सीता-राम विवाह के यत्र में पुरोहित शतानंद जी नेघाषणा कि महाराज जनक जी ने अपीन पुत्री की शादी के लिये प्रण किया है कि जो इस धनुष को तोड़ेगा उसके साथ सीता की शादी होगी। यह धोष्णा सुनकर एक-एक कर विभिन्न राजा अपना बल अजमाइश करने लगे। वे आते धनुष को हिला भी नहीं पाते, वापस अपनी सीट पर बैठ जाते। इस तरह देखते-देखते दोपहर बीतते-बीतते दस हजार राजा में से कोई अब आगे उठने को तैयार नहीं हुआ। किसी ने प्रणाम किया कोई उठा ही नहीं। कई को लगा कि जब मुझसे बलवान धनुष नहीं उठा पाये तो मैं क्या कर सकता हूं। जब कोई नहीं उठा तो पुरोहित शतानन्द जी ने कहा कि राजागण आपलोग स्वयंवर में आये हैं तो आइये धनुष तोड़िये अपने बल का प्रदर्शन करें और सीता से विवार कीजिए।

बारम्बार कहने के बाद भी जब काई राजा धनुष तोड़ने के लिये नहीं उठा तो जनकजी खड़ा हुए और बोले मैं यह क्या देखता हूं? क्या धरती वीरविहीन हो गयी है। मैं अगर जानता कि ये धरती वीरों से रहित हो गयी है तो ऐसा प्रण नहीं करता। मेरे सामने अब कोई दूसरा उपाय नहीं है। अगर मैं अपने प्रण पर स्थिर रहता हूं तो मेरी पुत्री कुआंरी रहेगी और अगर प्रण तोड़ देता हूं तो जग हसांई होगी। अब मेरे भाग्य में जो लिखा है वह होने दिजीए और आपलोग अपने अपने स्थान को प्रस्थान कीजिए। मैं नहीं जानता था कि धरती वीरों से खाली हो गयी है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आदरणीय श्री रघुवर दास जी को ओडिसा का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं आगामी दायित्व के सफल निर्वहन की मंगलकामनाएं।
**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

**आपके ट्वीट**

नवरात्र में वृद्धजन घर के जीवंत तीर्थ व प्रत्यक्ष देवता,देवतुल्य-वृद्ध विद्या परम्परा व दिव्य अनुभवों के संवाहक हैं,आशीष प्रदाता बुजुर्ग सदैव प्रणम्य हैं,वृद्धों व निःशक्त जनों की उचित देखरेख तथा सम्मान हेतु संवेदनशील बनें ! **-स्वामी अवधेशानंद गिरी**





**नवरात्र** के अवसर पर झारखंड के पहले गैर आदिवासी मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रघुवर दास जी को आदिवासी बहुल ओडिशा का राज्यपाल बनाये जाने
**-महेश पोद्दार**

## जो जीवन में उलझेगा नहीं, वह सुलझेगा भी नहीं



**अजयदीप बाधवा**

**मैंने** कुछ दिन पहले एक विद्वान को संघर्ष पर बोलते सुना था और उसके बाद यह मैंने काफी विचार किया तो पाया कि उस विद्वान ने कुछ ऐसी बातें कहीं थी जो कुछ हद तक सही थी। उस विद्वान ने कहा था कि प्राय जब भी हम अपने से जूनियर को या बच्चों को मिलते हैं तो हम उन्हें आशीर्वाद देते हैं कि वे जीवन में बहुत सफल हो और जीवन में उन्हें कोई कठिनाई न हो; सब कुछ उनके रास्ते में आसानी से हो जाए और जीवन में वे बहुत आसानी से आगे बढ़े । पर क्या यह आशीर्वाद सही है? जीवन में एक बात तो पक्की है कि सफलता उसी को मिलती है जो जीवन में संघर्ष करता है। अगर हमने जीवन में संघर्ष नहीं किया है तो हमें सफलता भी नहीं मिलेगी। जीवन में सुलझने के लिए उलझना जरूरी है; जो जीवन में उलझेगा नहीं, वह सुलझेगा भी नहीं। कई वैज्ञानिकों ने कहा है कि जब तक वे फेल नहीं हुए, वे अच्छा प्रोडक्ट नहीं बना पाए। अभी भारत का चंद्रयान चांद पर लैंड कर गया ।अब याद करिए, इसरो ने यह सफलता चौथी बार में प्राप्त की, बल्कि जो तीसरी बार इसरो फेल हुए था वह तो दो वर्ष पूर्व ही हुआ था।अगर इसरो वह दो-तीन बार फेल नहीं करता तो वह उन छोटी-छोटी बातों का ध्यान नहीं रखता जिसने इस बार चंद्रयान को चंद्रमा में उतरने के लिए पूरा सहयोग दिया। याद रखें, कि जब हम जीवन में असफल होते हैं या जीवन में हम जब संघर्ष करते हैं तो जीवन में आगे बढ़ने की हमारी क्षमता और मजबूत होती है, हमारे इरादे और मजबूत होते हैं और हम जीवन में आगे बढ़ते हैं। कहा जाता है की अब्राहम लिंकन के जीवन में बहुत बाधाएं आईं। वे जीवन में हर संघर्ष में फेल होते थे, हर चुनाव में वे पहले हारते थे, पर वे बाद में जीत जाते थे। वे फेल करते रहे, हारते रहे और अंत में जाकर अमेरिका के राष्ट्रपति बने। अमेरिका में तो कितने राष्ट्रपति आए और गए, जिनका हमें नाम भी याद नहीं है, पर अब्राहम लिंकन को हम याद आज भी याद रखते हैं। वैसे ही थॉमस एडिसन के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने जब बल्ब बनाया तो उसके पूर्व 9999 बार फेल हो चुके थे और उन्होंने बाद में कहा कि अगर मैं इतनी बार फेल नहीं होता तो मैं बल्ब नहीं बना सकता। मुझे इतनी बार फेल होने के बाद पता चला कि 9999 तरीकों से बल्ब नहीं बनता है। कहने का तात्पर्य यह है कि अगर अपने बच्चों को हम चाहते हैं कि वे सफल हो तो हमें उन्हें आशीर्वाद देना चाहिए कि जीवन में सफल हो पर सफलता आसानी से ना आए; सफल तुम जरूर हो पर सफलता के लिए तुमको संघर्ष करना पड़े। हमें उन्हें बोलना चाहिए कि तुम वह सोना हो कि जब तक तुम गलोगे नहीं तुम किसी के गले का आभूषण नहीं बन पाओगे । हमें अब अपने बच्चों का आशीर्वाद देने का तरीका बदलना चाहिए। उन्हे सफलता के साथ-साथ संघर्ष करने का आशीर्वाद भी देना चाहिए। उन्हे जीवन में उलझने का आशीर्वाद देना चाहिए तभी वे जीवन में सुलझ पाएंगे।

मोटिवेशन

**अब्राहम लिंकन के जीवन में बहुत बाधाएं आईं। वे जीवन में हर संघर्ष में फेल होते थे, हर चुनाव में वे पहले हारते थे, पर वे बाद में जीत जाते थे। वे फेल करते रहे, हारते रहे और अंत में जाकर अमेरिका के राष्ट्रपति बने। अब्राहम लिंकन को हम याद आज भी याद रखते हैं। वैसे ही थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाया तो उसके पूर्व 9999 बार फेल हो चुके थे और उन्होंने बाद में कहा कि अगर मैं इतनी बार फेल नहीं होता तो मैं बल्ब नहीं बना सकता।**

कॉर्टून वर्ल्ड

रेस आंरभ....



लेटर टू एडिटर

### संकट और शिक्षा

**वर्तमान** में शिक्षा की दशा और दिशा ने ध्यान आकर्षित किया। देश में यदि कोरोना केस लाखों में है तो अभिभावक की नजर से सरकार के इस फैसले का स्वागत नहीं किया जा सकता। इसमें स्वैच्छिक विकल्प और अनुमति का प्रश्न ही नहीं उठता। लेकिन इस बात की क्या गारंटी है कि बच्चे और स्कूल, नियमों के पालन में लापरवाही नहीं करेंगे? इस बात पर ध्यान दें सरकार। **-मनोज, चांडिल**

### विस्तार मिले

**हिन्दी** एकमात्र ऐसी भाषा है जो संपूर्ण देश को एक सूत्र में जोड़ने का काम कर सकती है। भारतीय संस्कृति की आत्मा एवं संस्कारों का प्रतिबिंब तथा राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हिंदी को अधिक शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। हिंदी को साहित्य, संस्कार एवं संस्कृति के अतिरिक्त शोध, अनुसंधान, ज्ञान-विज्ञान, जनसंचार, प्रौद्योगिकी तथा रोजगार से भी जोड़ने की आवश्यकता है।
**-आवंतिका, रांची**

## कुंभकरण से क्या सीखे ?

**मनोज शर्मा**

**अगर** हिंदू सेक्युलर बना रहा और कुंभकर्ण की तरह सोता रहा, अगर उसने समय पर उठकर गलत को नही रोका और समाज को नहीं जगाया, अगर वो सिर्फ गंगा यमुना तहजीव व भाईचारा निभाने में लगा रहा तो अंततः उसका मारा जाना तय है... इसलिए वक्त रहते उठो, जागो और गलत का विरोध करो वर्ना दुनिया के कई देशों की तरह का दृश्य हमें नजर आना शुरू हो गया है।

रामायण के पात्र कुंभकर्ण से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उसकी सोने की आदत ने पूरी लंका और उसके कुल का सर्वनाश किया। कुंभकर्ण भी रावण की तरह ज्ञानी था लेकिन उसके आस-पास जब सब गलत हो रहा था तब वह सोता रहा। अब? देखिए!

जब शूर्पणखा गलत राह पर गई तब उसे समझाने के समय वह सोता रहा... परिणाम स्वरूप शूर्पनखा की नाक कट गई।

जब मारीच ने छल से रावण को सीता का हरण करने में सहायता की तब उसे रोकने के लिए कुंभकर्ण नही था क्योंकि वह सोता रहा।

जब परम ज्ञानी रावण किसी की पतिव्रता भार्या का हरण करने का पाप करने जा रहा था तब भी कुंभकर्ण सोता रहा।

जब हनुमानजी रावण को समझाने लंका आए तब उनकी बात समझने के लिए कुंभकर्ण नही था

विचार



क्योंकि वह सो रहा था परिणामस्वरूप लंका का दहन हो गया।

जब रावण ने विभीषण का अपमान कर उसे लंका से निकाल दिया तब भी कुंभकर्ण सोता ही रहा।

जब लंका पर सेतु बनाकर वानर सेना लंका में घुस आई तब भी कुंभकर्ण सो रहा था।

जब रावण के सभी पुत्र मारे जा रहे थे तब भी कुंभकर्ण सोता रहा।

जब रावण अकेला पड़ गया तब उसे नींद से उठाया गया। अधर्म का साथ देने के कारण वह खुद ही मारा गया।

अगर शुरूआत में ही वह अपनी जिम्मेदारी निभाता और समय पर जाग रहा होता तो रावण इतना बड़ा कांड कर ही नही पाता। वो यह सोचकर ही सोता रहा कि राजपाठ रावण संभाल लेगा, मंत्रिमंडल विभीषण संभाल लेगा और लंका की रक्षा मेघनाद संभाल कर लेगा।

आज यही सोच भारत के हिंदुओं की है। हिंदू सो रहा है। आसपास बहुत कुछ घट रहा है। देश में घुसपैठ हो रही है, सेना के जवान मारे जा रहे हैं, हिंदू बेटियों को जाल में फसाया जा रहा है, सब बड़े छोटे धंधों पर कब्जा किया जा रहा है, सरकारी जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है, आबादी बढ़ाई जा रही है लेकिन हिंदू सो रहा है।

हम कुंभकर्ण नही 'राम' बनें और राम की तरह आसेतु हिमाचल फैले बिखरे व भ्रमित हिंदू समाज को सही दिशा में संगठित कर आततायी रावणी शक्तियों का मुकाबला कर अपने समाज का रक्षण पोषण करने के लिए तैयार करें। (लेखक के निजी विचार हैं।)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## मां छिन्नमस्तिके मंदिर में हुई कात्यायनी की पूजा, उमड़ी भीड़



**रजरप्पा।** मां छिन्नमस्तिके मंदिर को कोलकाता के सुप्रसिद्ध दक्षिणेश्वर काली मंदिर की प्रारूप में सजावट हुई है। मंदिर को देखने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सुंदरता देखकर आप सेल्फी लिए बिन नहीं रह पाएंगे। यहां हर कोई इसे कैमरे में कैद करता नजर आ रहा है। शुक्रवार को लोगों ने पूरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा के छठे स्वरुप मां कात्यायनी की अराधना की। इस मौके पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया। छिन्नमस्तिके मंदिर में सुबह से ही कतार में लगकर भक्त मां के दर्शन-पूजन कर सुख एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी छोटू पंडा ने बताया कि माता के छठी रूप कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गईं।

## रामगढ़ में आज से शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक नहीं चलेंगे भारी वाहन

**रामगढ़ ।** दुर्गा पूजा को लेकर 21 से 24 अक्टूबर तक शाम 4.00 बजे से रात 12:00 बजे तक शहर में मालवाहक गाड़ी / ट्रक / टेम्पू के आवागमन को पूर्णत: बंद करते हुए रूट लाईन निम्न प्रकार परिवर्तित किया जाता है। कोई भी मालवाहक गाड़ी / ट्रक / टेम्पू / भारी वाहनों / सवारी गाड़ी इत्यादि को शनिचरा हाट से लेकर थाना चौक तक और थाना चौक से लेकर शनिचरा हाट तक प्रवेश वर्जित रहेगा । कोई भी मालवाहक गाड़ी या ट्रक / बस / भारी वाहनों का पटेल चौक से कोरिया घाटी, बोंगाबार चौक (भाया सुभाष चौक ) तथा कोरिया घाटी, बोंगाबार चौक से पटेल चौक तक प्रवेश वर्जित रहेगा। भारी वाहनों का बरकाकाना से लेकर सुभाष चौक तक एवं सुभाष चौक से लेकर बरकाकाना तक प्रवेश वर्जित रहेगा ।

## चीफ हाउस पंचायत में लगा मास्ट लाइट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** दुर्गा पूजा के वसर पर चीफ हाउस पंचायत में मुखिया फंड से लगाए गए मास्ट लाइट का उद्घाटन केन्द्रीय सचिव सह जेसीएसइ सदस्य नरेश मण्डल और सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार ने किया। नरेश मंडल व विकास कुमार ने कहा कि मास्ट लाइट लग जाने से लोगों को रात में अंधेरे से निजात मिलेगी।

## मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में मेरा माटी मेरा देश पर शुक्रवार को पतरातु प्रखंड के एसएस प्लस टू विद्यालय में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पतरातु बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता एवं मुखिया गिरजेश कुमार, पीएसएस परमानंद राजीव, विज्ञान एवं संस्कृत प्रचारक आनंद मोहन उपस्थित थे।

## परवरिश में डांडिया आयोजित



**कुजू।** नवरात्रि को लेकर परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू द्वारा शुक्रवार को डांडिया हुआ। डांडिया की शुरूआत स्कूल के निदेशक शैलेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह, ट्रस्टी मिक्की सिंह, रूबी सिंह और संयोजक प्रकाश रंजन द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई। माहौल उत्साह से भर गया जब छात्रों और मेहमानों ने भारत की विविध संस्कृतियों को दशार्ते हुए पारंपरिक पोशाकें पहनीं।

## धनबेड़वा में निकली कलश यात्रा

**कुजू।** शारदीय नवरात्र को लेकर शनिवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सुगिया - धनबेडवा द्वारा लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में झामुमो के केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, करमा लोकल सेल समिति अध्यक्ष रामेश्वर महतो, उपाध्यक्ष पुनीत करमाली, पूर्व मुखिया तुलेश्वर प्रसाद शामिल हुए। इस बीच कलश यात्रा का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा पूजा पंडाल का उद्घाटन फीता काटकर और कलशधारियों को कलश प्रदान कर किया गया।

## कुजू में खुला मां दुर्गा का पट



**कुजू।** मेरा मन हमेशा रामगढ़ वासियों के लिए लगा रहता है। यहां की धरती से हमारा पुराना नाता है। उक्त बातें गिरिडीह सांसद और लंबे समय तक रामगढ़ के विधायक रहे चंद्रप्रकाश चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि यहां की निर्माण समिति ने अल्प समय में भव्य और जो आकर्षण मंदिर का निर्माण किया है वह एकजुटता का परिचय है।

## रजरप्पा मंदिर का होगा विकास : पाठक



**रजरप्पा ।** नवरात्र के मौके पर झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर रजरप्पा स्थित शक्तिपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना की। पाठक ने कहा कि रजरप्पा मंदिर की विकास के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किए जायेंगे, ताकि यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सारी सुविधाएं मिल सके।

# प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...

## भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल में आज खुलेंगे पंडालों के पट

खबर मन्त्र संवाददाता



सौंदा डी में बना पूराना संसद भवन का आकर्षक पूजा पंडाल।



रिक्रेशन क्लब थाना चौक में पूजा पंडाल।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल भदानीनगर, बासल सहित आसपास क्षेत्रो में मां दुर्गा का पूजा पंडाल सज चुका है। शारदीय नवरात्र पर शनिवार को महासप्तमी की पूजा और प्रतिमाओं प्राण प्रतिष्ठा के साथ पंडालो के पट भक्तो के लिए खोल दिए जाएगें। इसके बाद मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय पूजा-अर्चना व दर्शन के लिए भक्तो की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो जाएगी, जो विजय दशमी तक बनी रहेगी। शारदीय नवरात्र पर शुक्रवार को महाषष्ठी पर विधि-विधान से बेलवरण की पूजा हुई। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ बेल वृक्ष के नीचे पूजा कर मां को आमंत्रित किया गया। साथ ही श्री दुर्गा पूजा पंडालो में शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यानी की पूजा अर्चना, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, आरती, क्षमा प्रार्थना की गई।

इस बार भी पंडालो के अंदर और बाहर रंग-बिरंगे विद्युत बल्बो से बेहतरीन ढंग से साज-सजावट की गई है। सभी ओर मां दुर्गा के वैदिक मंत्रो और भक्ति गीतो से क्षेत्र गूंज रहे हैं। कोयलांचल सहित ग्रामीण इलाको का वातावरण दुर्गामय भक्तिमय बना हुआ है। दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर भक्तो मे उमंग और उत्साह का माहौल चरम पर है।

इस बार भी भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रो में दो दर्जन से अधिक जगहो पर पूजा पंडाल बने हैं। भुरकुंडा पूरणराम चौक, बिरसा चौक, रिक्ररेशन कलब, सौंदा बस्ती, बौनर धौड़ा, जवाहर नगर ज्योति क्लब, सौंदा डी कलब घर, जयनगर, सेंट्रल सौंदा मैदान, सीसीएल सौंदा क्लब घर, सेंट्रल सौंदा को-ऑपरेटिव, रिभर साईड शास्त्री पार्क, गांधी पार्क, नेहरू पार्क, भदानीनगर ग्लास फैक्ट्री, लपंगा, पटेलनगर, सौंदा बस्ती, केके कोलियरी पोड़ा, सयाल, उरीमारी, चैनगडा, सयाल टिपला, दत्तो, पोड़ा, रसदा, बलकुदरा आदि कई जगहो पर एक से बढ़कर एक पूजा-पंडालो का निर्माण हुआ है। विभिन्न मंदिरो के थीम पर पंडाल बने है।

# डीएमएफडी मद से होगा उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय, खपरियावां का उन्नयन

### सदर विधायक ने किया शिलान्यास कहा-विद्यार्थियों को होगी सहूलियत

खबर मन्त्र संवाददाता



**कटकमदाग।** डीएमएफडी मद से हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, खपरियावाँ के उन्नयन कार्य का शुक्रवार को मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर शुभ शिलान्यास किया। ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण कार्य मामले द्वारा डीएमएफटी मद की राशि करीब एक करोड़ ग्यारह लाख रुपए की लागत से यहां विद्यालय के उन्नयन का कार्य संपन्न होगा। उन्नयन कार्य के तहत स्कूल परिसर के खाली बाउंड्री वाल, छह अतिरिक्त कमरा, परिसर में पेभर ब्लॉक और बोरिंग करने का प्रावधान शामिल है । विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि इस परिसर में आधा बाउंड्री किया हुआ है और बाउंड्री के पूर्ण नहीं होने के कारण यहां सामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था ऐसे में बाउंड्री वॉल कार्य पूर्ण होने से यह परिसर पूर्णत सुरक्षित हो जायेगा और बच्चों को गुणवत्तापुर्ण शिक्षा का बेहतर माहौल मिलेगा । मौके पर विशेषरुप से कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, महामंत्री वीरेंद्र साहू ,उप प्रमुख विमल गुप्ता ,खपरियावां मुखिया राजेश गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष मिथिलेश यादव, शंभू गोप,सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## आस्था का प्रतीक है नवरात्र : गुरनानी

**बरही।** एसडीजीएम एकेडमी में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ नवरात्रि त्योहार के अवसर पर विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों ने माता रानी के नव शक्तियों का जीवंत मंचन किया। विद्यार्थियों ने मां दुर्गा की नव शक्तियों का स्वरूप धारण कर अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक महेश गुरनानी मुख्य रूप से शामिल हुए। जहां बच्चों ने अस्त्र-शस्त्र और श्रृंगार से सुसज्जित बच्चों के माता का स्वरूप ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। निदेशक महेश गुरनानी ने कहा कि एसडीजीएम के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कई प्रतिभा के भी धनी हैं। ौके पर रामानंद पांडेय, सोनू सिंह, आरती यादव, संतोष कुमार, निरंजन कुमार, सुरेंद्र कुमार, बेबी, शहनाज, सुमन, निकिता, पारुल, ताहिरा, सुजाता, चंचल, प्रियंका, संगीता, सिम्पी शामिल थे।

# किन्नरों को मिले सम्मान : राजगढ़िया

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हमारे समाज में किन्नरों को न तो मर्दों में गिना जाता है और न ही महिलाओं में। यह लैंगिक आधार पर विभाजन की पुरातन व्यवस्था का अंग है। भले ही किन्नरों ने लंबी कानूनी लड़ाई लड़कर अपने लिए कानूनी रूप से ट्रांसजेंडर का कॉलम दस्तावेजों में दर्ज करवा लिया हो, लेकिन समाज में सम्मान के अधिकार से वे अबतक वंचित हैं। ऐसे ही किन्नर समाज के दर्द को समझने, उनकी समस्याओं को दूर करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रोटरी रांची ने उनके साथ मंच साझा किया। रोटरी हॉल में मंच से किन्नर नरगिस ने कहा कि सामाजिक मान्यता है कि हमारी दुवाएं जिसे लग जाये वह खूब फलता-फूलता है। दुवाएं सभी को चाहिए, लेकिन फिर भी हमें दुत्कारा जाता है। हमारे साथ यह भेद क्यों है। किन्नर वर्ग सामाजिक बहिष्कार, बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा की समस्या से घिरा है। किन्नर तमन्ना ने कहा कि आज की दुनिया आधुनिक हो गई है, लेकिन आज भी हमारा पेट नाच-गाना से ही चलता है। कानूनी तौर पर हमें 2014 में मिली ट्रांसजेंडर की संज्ञा हमारे संघर्ष की जीत का प्रतीक है। रोटरी अध्यक्ष डॉ विनय ढानढनिया ने कहा कि समाज को ट्रांसजेंडर वर्ग के साथ किसी भी तरह के भेदभाव का त्याग कर उन्हें खुले मन से स्वीकार करना चाहिए। इनका अपना कोई परिवार नहीं है। ये दूसरों की खुशी में ही अपनी खुशी तलाशते हैं। पूर्व अध्यक्ष प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि किन्नर समाज को विकास की मुख्यधारा में जोड़कर हम उनके जीवन में बदलाव ला सकते हैं। उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर देने की जरूरी है। सचिव त्रिपाठी ने कहा कि किन्नर भी हमारी तरह देश के नागरिक हैं। कानून ने उन्हें भी सभी तरह का अधिकार मिल गया है। लेकिन जागरूकता और एकजुटता के अभाव में वे सुविधाओं और अपने अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि किन्नरों को समाज में सम्मान और समानता का अवसर मिलना चाहिए। इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर आदित्य मल्होत्रा, फर्स्ट लेडी सुधा ढांढनिया, भंडारी लाल, एसके मल्होत्रा, राजीव मोदी, मनोज तिवारी, अजयदीप वाधवा, अमित अग्रवाल, गौरव प्रशांत, शालिनी सिंघानिया, जशदीप सिंह, अतुल अग्रवाल, अजय साबु, एनके मखीजा, हर्मिन्दर सिंह, रविन्द्र सिंह चड्डा, प्रदीप बहल, कांता मोदी, डॉ. अनिल पांडेय, अंशु बहल, रमेश धरनिधरका, शशि मखीजा, चरणजीत सिंह वासु आदि मौजूद थे ।

## बरही श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बरही।** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने विभिन्न सार्वजनिक पूजा स्थलों पर स्वच्छता अभियान के तहत खोड़ाहर स्थित मनसा देवी मंदिर के परिसर की साफ सफाई किया। मौके पर प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने संकल्प लेते हुए कहा कि हम सभी सत्य अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करते हुए राष्ट्र के कल्याण और प्रगति के लिए सदैव समर्पित रहेंगे और एक स्वस्थ, समृद्ध, सशक्त व समावेशी भारत का निर्माण करके उनके सपनों को साकार करेंगे। बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कई प्रकार के प्रतियोगिता हुआ, जिसमें सभी बच्चे एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

## कटकमदाग के सलगावां में दिखे 10 से 15 हथियारबंद लोग

**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत सलगावां क्षेत्र में 10 से 15 हथियारबंद लोगों को देखा गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह लोग शिकार करने के लिए क्षेत्र में आते हैं। इस क्षेत्र के जंगल में जंगली सूअर, नीलगाय, हिरण व मोरों की अधिकता है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि वे लोग शिकार के साथ-साथ इसकी तस्करी भी कर रहे हो। स्थानीय लोगों का कहना है िक शिकार के दरमियान उनके पालतू जानवर जैसे गाय के बछड़ों को भी एक बार मार दिया गया था। कटकमदाग थाना प्रभारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया देखने से यह लोग शिकारी ही प्रतीत हो रहे हैं फिर भी इस विषय पर जांच की जा रही है। सहायक वन संरक्षक ए के परमार ने कहा कि इस विषय को गंभीरता से लिया जाएगा क्योंकि वन एवं वन्य जीव को बचाना हमारी प्राथमिकता है।

# दारू में 15 लोगों ने सरना धर्म में की वापसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दारू।** दारू प्रखंड क्षेत्र के दिगवार पंचायत के बंधु टोला में ईसाई धर्म में शामिल हुए चार परिवारों के 15 सदस्य वापस सरना धर्म में शामिल हुए। इस पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व दिगवार पंचायत के मुखिया महेंद्र मुर्मू ने किया। बंधु टोला में शुक्रवार की सुबह आयोजित कार्यक्रम में यहां के रहने वाले टेकलाल मुर्मू शीला सोरेन सूरज मुर्मू अरविंद मरांडी रेशमी देवी अनीता मरांडी बरसा मरांडी मंजू मरांडी राजू मरांडी पंपति देवी अपने परिजनों और बच्चों के साथ वापस सरना धर्म में शामिल हो गए। समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने घर में वापसी करें सभी लोगों को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया और पुरुषों को गले लगा कर लगाकर उनका स्वागत किया। महिलाओं को भी उन्होंने आदर के साथ प्रणाम करते हुए उन्हें वापस अपने घर में आने के लिए बधाई दी। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मेहता ने इस दौरान कहा कि ईसाई मिशनरी के द्वारा लोग लोभ लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है जो की पूरी तरह से गलत है। विश्व हिंदू परिषद इस तरह के धर्म परिवर्तन का पूरी तरह से विरोध करेगी और दारू प्रखंड में आगे भी इस तरह का कार्य ना हो इसका वह भरसक प्रयास करेगी। मौके पर मुखिया महेंद्र मुर्मू, भाजपा मंडल अध्यक्ष बसन्त नारायण, श्रद्धानंद सिंह, जयंत सिन्हा के सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

एक नजर में

## मंगुरा पंचायत में मेरी माटी,मेरा देश कार्यक्रम



**इचाक।** मवि मंगुरा परिसर में शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के द्वितीय चरण में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड के सभी 19 पंचायतों से आए अमृत कलश को एक मंच पर लाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात कारगिल शहीद रघुवीर मेहता की मां मसोमत जुगनी देवी समेत सभी मंचासीन अतिथियों को पौधा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कारगिल शाहिद रघुवीर मेहता और राजेश मिंज को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि बीडीओ सन्तोष कुमार ने कार्यक्रम देश के वीरों और वीरांगनाओं को नमन करने का एक माध्यम बना। कार्यक्रम में कुशवाहा महासभा की प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, बीपीओ राजीव आनन्द, मुखिया संघ के ज़िला अध्यक्ष रंजित कुमार मेहता, सचिव नंदकिशोर मेहता, कुशलचंद मेहता, मुखिया मंजू देवी, संगीता देवी, मोदी मेहता, सिकंदर राम, मुखिया संघ अध्यक्ष सकेन्द्र प्रसाद मेहता, किरण देवी, कुशलचन्द मेहता, समाजसेवी रामलखन मेहता, पूर्व मुखिया सुनिल कुमार मेहता, प्रअध्यापक सन्तोष कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर राम ने,रामशरण शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस ओबीसी के अध्यक्ष बने संतोष यादव



**पदमा।** पदमा पंचायत भवन में कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष यादव के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर प्रकाश कुमार, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, राजू चौरसिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि आज ओबीसी के लोगों को अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़नी है वही प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर प्रकाश ने कहा कि देश में सबसे बड़ी आबादी ओबीसी की है लगभग 63 फीसदी के करीब है और इस आबादी के हक एवं अधिकार दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने अभियान चला रखी है वही ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने संतोष यादव ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी मुझे दी है उसमें मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मौके पर बंदर बेला पंचायत के मुखिया सीताराम मेहता, सूरजपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कुलदीप रविदास, पंकज कुमार,संजय मेहता,छात्रधारी मेहता,अनवर अंसारी,राजकुमार दास,प्रमोद यादव, विजय रविदास, भुनेश्वर मेहता, रामचरित्र मेहता, रघु कुमार, महेश कुमार, बुधन मेहता, राजेश मेहता सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुखिया के पुत्र की पुण्यतिथि पर शोक सभा



**बरही।** धनवार पंचायत के मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने 16 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार की असामयिक मृत्यु होने के पांचवीं पुण्य तिथि करियातपुर स्थित अपने आवास पर शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए। शोक सभा में पहुंचे सभी लोगों ने मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के दिवंगत पुत्र दीपक कुमार के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की पत्नी ममता देवी, रणवीर कुशवाहा, मधुबाला कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता सह युवा नेता संजय मेहता, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, आईलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## वित्तीय साक्षरता व साख परामर्शदर्शी शिविर

**चरही ।** बहेरा पंचायत सचिवालय में बैंक ऑफ इंडिया और पोस्ट ऑफिस के द्वारा कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने की।ग्रामीणों को जीरो बैलेंस से खाता खोला गया। लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत 24 लाभुकों के बीच केवाईसी कर खाता खोल गया। तथा कई लोगों को मनरेगा से जोड़ा गया। बैंक ऑफ इंडिया से संबंधित कई मामले का निपटारा किया गया। पोस्ट ऑफिस के वीरेंद्र कुमार के द्वारा नया अकाउंट खोला गया।तथा लोगों को जॉब कार्ड से जोड़ा गया।इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक सौरभ कुमार,द्वितीय सलाहकार सीएलसी हजारीबाग उदय शंकर मिश्रा ,बैंककर्मी मो. गुलाम ,मो .वसीम,उप मुखिया शिवचंद मुर्मू ,वार्ड सदस्य आशा मनी टुडू ,राजन महतो ,विनोद कुमार,बिरसा टुडू,ललन प्रसाद, जयराम टुडू,महादेव बेसरा सहित कई ग्रामीण,लाभुक,बैंककर्मी,पोस्ट ऑफिस कर्मी और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का लाभ : बेदिया



**बड़कागांव।** झामुमो नयाटांड़ पंचायत भवन पंचायत कमेटी गठन को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता मुंद्रिका सिंह एवं संचालन अरविंद कुमार महतो ने किया। झामुमो केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने पंचायत कमेटी का घोषणा की। अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश राम ,बाबूलाल यादव, संजीत सोनी ,सचिव अरविंद कुमार महतो ,संयुक्त सचिव अशोक महतो ,जगदेव प्रजापति, राजेंद्र महतो, संगठन सचिव सरजू भुईयां ,कोषाध्यक्ष संजय प्रजापति वही कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया । श्री बेदिया ने कहा कि हेमंत सरकार सभी योजनाओं को धरातल पर लाकर विकास कर रही है पूरे भारत में झारखंड विकास के मामले में पांचवा स्थान प्राप्त किया। मौके पर वीरेंद्र राणा ,मुकेश रावत,राजा खान,अनिल साव,शकुंतला देवी,प्रिया देवी,बसंती देवी,सुरति देवी, फुलमतिया देवी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में गरबा आयोजित

**दारू।** नवरात्र के अवसर पर ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में गरबा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी छात्राओं भारतीय संस्कृति के लोक नृत्य से परिचित कराने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में कई ग्रुप में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया सभी ग्रुपों का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा रहा। कूल के निदेशक प्रधानाचार्य जितेंद्र भूषण प्रसाद ने बताया कि न केवल बच्चों को पाठ्यक्रम की शिक्षा दी जाती है साथ ही साथ उन्हें शारीरिक, नैतिक और भारतीय संस्कृति के सभी पर्वों को मनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस मौके पर उपस्थित प्रधानाचार्य जितेंद्र भूषण प्रसाद, मंजू सहाय, प्रकृति प्रिया, यशोदा देवी, प्रियंका कुमारी, कुमारी कनक इत्यादि उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों को मेडल देकर किया सम्मानित

**बड़कागांव।** चेपाकला पंचायत के सुदूरवर्ती ग्राम हूदूवा में चेपाकला मुखिया सह आजसू नेता अनिकेत कुमार नायक के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बालक वर्ग से 20 टीम और बालिका वर्ग 8 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला बालक वर्ग में ग्राम इतिज बनाम चिरुडीह एवं बालिका वर्ग में विजेता बिरसा क्लब हजारीबाग बनाम गुरहेत किशोरी टीम फतहा के बीच खेला गया। बालक वर्ग में ग्राम इतिज की टीम ने चिरूडीह के खिलाफ जीत दर्ज किया और बालिका वर्ग में विजेता बिरसा क्लब हजारीबाग ने गुरहेत किशोरी टीम फतहा को हराकर चैंपियन बना।

## स्पीड न्यूज

### उड़ीसा का राज्यपाल बनाये जाने पर भाजपा नेताओं ने रघुवर दास को दी बधाई

**गुमला।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को उड़ीसा का राज्यपाल बनाए जाने पर भाजपा नेताओं ने बधाई दी है। जिलाध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने कहा है कि एक समर्पित-निष्ठावान भाजपा कार्यकर्ता को इतना बड़ा सम्मान भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। भाजपा ने एक मंडल अध्यक्ष से पार्टी का झंडा बुलंद करने वाले को किसी राज्य के सबसे बड़े संवैधानिक पद पर सुशोभित किया है, जो भाजपा कार्यकर्ता के लिए हर्ष का विषय है। बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी,सांसद सुदर्शन भगत,राज्यसभा सांसद समीर उरांव, डॉ दिनेश उरांव,डॉ अरुण उरांव,प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू,पूर्व विधायक जीतवाहन बड़ाइक,कमलेश उरांव, शिवशंकर उरांव,अशोक उराव,भिखारी भगत, भूपन साहु,शिवप्रसाद साहु,बालमुकुंद महतो,प्रेम केशरी, मंगलसिंह भोक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, सुबोध लाल, विनय लाल,विजय मिश्रा,निवर्तमान जिलाध्यक्ष सविंन्द सिंह,अवधेश प्रताप शाहदेव, यशवंत सिंह, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल,मिसिर कुजूर,लालमोहन साहु,विनोद कुमार,गायत्री देवी, सुजीत नंदा,प्रदीप प्रसाद,शैल मिश्रा,जिप अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा,उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी,दिनेश्वर प्रसाद,रविंद्र सिन्हा,सुधीर नंद,खुशमन नायक,निरंजन सिंह,कृष्णदेव सिंह,रामअवध साहु, सूर्यदेव सिंह,रामवतार भगत,अशेष बारला, शंभु सिंह,लक्ष्मीकांत बड़ाइक,शकुंतला उराव,राधेश्याम कुशवाहा,विजय शंकर दास,लक्ष्मी विश्वकर्मा,कौशलेंद्र जमुआर, दिनेश सिंह ,सुमन कुमार, आदि प्रमुख कार्यकर्ता हैं।

### करौंदी पंचायत के मुखिया पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र देकर चुनाव लड़ने का आरोप

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के हंसलता अंबाटोली निवासी निर्मला मिंज ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर करौंदी पंचायत के मुखिया बीणा देवी का जाति प्रमाण पत्र फर्जी होने की शिकायत की है। उन्होंने उपायुक्त से मुखिया बीणा देवी का प्रमाण पत्र जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। निर्मला मिंज ने कहा कि पंचायत चुनाव 2022 में वह भी मुखिया पद की प्रत्याशी थी। लेकिन बीणा देवी के द्वारा पंचायत चुनाव में नामांकन के दौरान दूसरे के खतियान के आधार पर गलत वंशावली बनाकर फर्जी जाति प्रमाण पत्र को नामांकन पत्र के साथ संलग्न किया था। जिसके लिए पूर्व में भी जांच हेतु आवेदन दिया था लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। निर्मला मिंज ने कहा कि वह पंचायत चुनाव में वोटों की गिनती के अनुसार दूसरे स्थान पर थी। उन्होंने उपायुक्त से मामले की जांच करते हुए न्याय की गुहार लगायी है।

### देहरादून में आयोजित नेशनल कल्चरल फेस्ट में भाग लेने वाले बच्चों को डीसी ने किया सम्मानित

**गुमला।** 03 से 6 अक्टूबर के बीच देहरादून में आयोजित चौथा एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल नेशनल कल्चरल फेस्ट 2023 में गुमला जिले के बसिया प्रखंड स्थित एकलव्य विद्यालय के 8 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें से बसिया एकलव्य विद्यालय के कक्षा 10वीं के विद्यार्थी अंकित लकड़ा ने उक्त प्रतियोगिता में सोलो ड्रामा के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा 12वीं के देवनाथ लोहरा एवं बिनोद लोहरा ने इंस्ट्रुमेंटल में भाग लिया तथा अनिल लोमगा ने सोलो सॉन्ग में भाग लिया था। इसी प्रकार कक्षा 11वी के कुवर्धन कुजूर ने सोलो डांस, कक्षा 10 वीं के अंकित उरांव ने इंस्ट्रुमेंटल, कक्षा 9 वीं के रोहन कुमार एवं कक्षा 8 वीं के रितेश उरांव ने इंस्ट्रुमेंटल प्रतियोगता में भाग लिया था। इस दौरान शिक्षक श्रेणी में एकलव्य विद्यालय के म्यूजिक टीचर सूरज कुमार ने गायिकी में 3 परफॉर्मेंस दिया था। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को समाहरणालय सभागार में प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया । उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों को इसी प्रकार आने वाले सभी प्रतियोगिता में भाग लेते रहने की सलाह दी एवं उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुमला।** जारी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक अभियुक्त लोहरदगा जिला के चेरमा गांव निवासी 24 वर्षीय एकरामुल मियां पिता कमरूद्दीन मियां को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में शुक्रवार को जारी थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए इंस्पेक्टर बैजु उरांव ने बताया कि जारी थाना के परसा गांव निवासी राहत प्रवीण पिता रज्जाक खान ने थाना में मोटरसाइकिल चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें उसने एकरामुल मियां व दो अन्य अभियुक्तों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी करायी थी। मामले के अनुसंधान में कांड के प्राथमिक अभियुक्त एकरामुल को जारी पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। पुलिस ने अभियुक्त के निशानदेही में चोरी में प्रयुक्त बाईक बरामद किया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी मनीष कुमार, पुअनि अंकु कुमार, सअनि किस्टो राम व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### 126 पीवीटीजी ग्रामों में शिविर का आयोजन कर सरकार की योजनाओं से किया जाएगा अच्छादित

**गुमला।** जिले के पीवीएजी समुदाय ( आदिम जनजातीय समुदाय) के लोगों को सरकार के मुख्य योजनाओं से अच्छादित करने के उद्देश्य से 26 अक्टूबर से 10 नवंबर तक 126 पीवीटीजी ग्रामों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। पिछले दिनों कल्याण विभाग अंतर्गत जेटीडीएस की टीम द्वारा जिले के 166 पीवीटीजी ग्रामों का सर्वे किया गया था। सर्वे के दौरान उक्त ग्रामों में 3522 परिवार अंतर्गत कुल 16,405 जनसंख्या को चिन्हित किया गया। पीवीटीजी ग्रामों में जेटीडीएस की टीम के द्वारा ग्राम सभा करते हुए उक्त ग्रामों के विकास संबंधित योजनाएं भी तैयार की गई। साथ ही सभी पीवीटीजी ग्राम वासियों को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करने का भी प्रयास किया जा रहा है। सर्वे के दौरान पाया गया कि पीवीटीजी समुदाय के कई लोग अब तक राशन ,पेंशन , आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड जैसे सरकार के प्राथमिक योजनाओं से वंचित है। शत प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय के लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत 166 पीवीटीजी ग्रामों में रहने वाले पीवीटीजी समुदाय के लोगों के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत कुल 126 पीवीटीजी ग्रामों में विशेष शिविर लगाएं जाएंगे।

## षष्ठयादि कल्पारंभ के साथ यजमानों ने लिया मां दुर्गा पूजा का संकल्प

# महासप्तमी पूजा आज, श्रद्धालुओं के दर्शन को खुलेंगे पूजा पंडालों के पट

खबर मन्त्र संवाददाता





पूजा प्रांगण में षष्ठयादि कल्पारंभ पूजा करते पुरोहित व यजमान। पूजा समिति के पंडाल में स्थापित मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, कार्तिके व गणेश की प्रतिमा

**गुमला।** शारदीय नवरात्र के छाठवें दिन मां कात्यायनी की उपासना के साथ गुमला में दुर्गा पूजा आरंभ हो गया। शुक्रवार की सुबह पूजा पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ षष्ठयादि कल्पारंभ की पूजा के साथ यजमानों ने दुर्गा पूजा का संकल्प लिया। शाम में शंख घंट और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देवीजी का बोधन, अधिवास व आमंत्रण किया गया। शनिवार को महासप्तमी पूजन के साथ ही पूजा पंडालों का पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग सभी पूजा पंडालों में प्रतिमा की स्थापना हो गई है। कारीगरों ने दिन रात मेहनत कर पंडाल निर्माण व सजावट कार्य को अंतिम रूप दे दिया है। पूजा पंडालों में बज रहे भक्ति गीतों से शहरी क्षेत्र में अध्यात्म की गंगा प्रवाहित हो रहा है। दुधिया रोशनी की जगमगाहट से पूजा पंडाल जगमग हो उठे हैं। गुमला के श्री बड़ा दुर्गा मंदिर, ज्योति संघ, शक्ति संघ, अरूणोदय संघ, बंगाली क्लब, भारतीय नवयुवक संघ, रामनगर संघ, मालवीय नगर दुर्गा पूजा समिति, उर्मी अरमई डुमरडीह पूजा समिति में आचार्यों द्वारा षष्ठयादि कल्पारंभ की पूजा करायी गयी। शाम में बेल वृक्ष के नीचे देवी का बोधन अधिवास एवं आमंत्रण किया गया। श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में पूजा को लेकर यजमान रमेश कुमार के द्वारा परंपरा के अनुसार माता का बोधन कर उन्हें आमंत्रण किया गया। षष्ठी पूजा के साथ नियमानुसार दशमी तक नियमपूर्वक पूजन कार्य सम्पन्न किया जाएगा। मौके पर आचार्य श्री रविशंकर त्रिपाठी, पूजा समिति के अध्यक्ष निर्मल गोयल, द्वारिका मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## बेलबरन, नवपत्रिका पूजन के साथ पंडाल में मूर्ति स्थापित

### दर्शकों के दर्शन के लिए खुला पंडाल का पट



पूजा पंडाल

खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। बेलवरण पूजा पत्रिका पूजा के साथ पंडालून में मां दुर्गे के साथ अन्य मूर्तियों की हुई स्थापना। मूर्तिकार मूर्तियों को अंतिम रूप दे पूजा समिति को सुपुर्द किया। आज से श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पंडाल खोल दिया जाएगा। भंडारा में नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति एवं मां सिध्दीधानिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है एवं आकर्षक विद्युत सजावट दर्शकों के लिए की गई है। मां दुर्गे की मूर्ति स्थापना के साथ पंडालून में लोगों का आना जाना बढ़ गई। डोना पूजा समिति के लोग अच्छी से अच्छी सजावट एवं आकर्षक विद्युत सज्जवट देने के लिए लगे हुए हैं। भंडारा में दुर्गा पूजा उत्सव पूर्वक मनाया जाता है। नवरात्र पाठ के साथ ही लाउडस्पीकर द्वारा भक्ति गीत बजने लगी है।

वातावरण भक्ति मय हो चुका है। इसके साथ भंवरों विधान मुसलमान में पंडाल निर्माण कर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है तीनों जगह पंडालून को अंतिम स्वरूप दिया जा चुका है आकर्षक विद्युत साज की गई है संध्या समय दिन भरण पूजा के साथ पत्रिका आहवन कर मूर्ति स्थापित कर दी गई है।

## बच्चों की सोच में वृद्धि कर नारी के लिए सशक्त समाज का किया जाएगा निर्माण : चंद्रशेखर

### बचपन स्कूल गुमला में दुर्गा उत्सव , गरवा रामलीला व डोनेशन कैंप का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



राम, रावण, सीता, लक्ष्मण, शत्रुघ्न आदि का वेशभूषा धारण किये बच्चे।

**गुमला।** शहर के लोहरदगा रोड स्थित बचपन स्कूल में दुर्गा पूजा के अवसर पर रामलीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर बच्चे पारंपरिक वेश भूषा में भाग लिये। उत्सव को लेकर बच्चों का उल्लास देखते ही बन रहा था। छोटे छोटे बच्चों ने रामलीला का मंचन बहुत ही खूबसूरती के साथ किया। बच्चे राम लक्ष्मण, भरत , शत्रुघ्न , सीता व रावण की वेश धारण कर रामलीला का मंचन किया। शिक्षिका प्रिया सिंह के द्वारा इसे कहानी के रूप में प्रस्तुत किया गया जो अद्धुत था। वहीं बैंक कॉलोनी स्थित बचपन प्राइमरी विंग में बच्चों को दुर्गा पूजा पर एक शॉर्ट फिल्म दिखाया गया । उसके बाद भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति की पूजा और समाज में नारी का सम्मान पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया । बच्चों एवम शिक्षिकाओं ने इसपर आपस में चर्चा किया। मौके पर स्कूल के निदेशक चंद्रशेखर गिरी ने कहा कि छोटी उम्र से ही बच्चों की सोच को विस्तृत किया जा रहा है। ताकि नारी को एक सुरक्षित एवं बराबर अधिकारों वाला समाज मिल सके ।

साथ ही विद्यालय में इस तरह के सभी धर्मों के त्योहारों को आयोजित करने का उद्देश्य ही यही है कि बचपन से ही बच्चे सभी धर्मों के उत्सवों को जाने ,ताकि उनमें सर्व धर्म सद्भावना का विकास हो सके । बच्चों में संस्कारों के साथ साथ मैनेजमेंट के गुण भी विकसित हो और भविष्य में एक अच्छा पारिवारिक और सामाजिक व्यक्तित्व का उनमें विकास हो।पूजा के अवसर पर एक डोनेशन कैंप चलाया गया। जिसमें बच्चों ने कैंसर उपचार हेतु कुछ राशि जमा की। साथ ही उन्होंने सभी को नारी शक्ति माता दुर्गा के पूजानोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रिया सिंह , प्रियंका दास ,सोनाली , आस्था सिंह , सोनाली सोलंकी, यशोदा, सुचिता कुमारी, मुस्कान परवीन , खुशी सिंह,अंकिता केसरी, पूनम गुप्ता ,मोनालिसा , पल्लवी गोस्वामी, प्रज्ञा सिंह,आदि शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

### बीएसएनएल के अभियान को उपायुक्त ने दिखायी हरी झंडी

**लोहरदगा।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), रांची के द्वारा आज लोहरदगा जिला में ₹संतुष्ट ग्राहक हमारा प्रचारक₹ अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से रवाना किया। इस अभियान में बीएसएनएल की ओर से प्रतिनिधिगण ग्राहकों के घर-घर जाकर दूरसंचार सेवा से संबंधित फीडबैक लेंगे। इससे पूर्व बीएसएनएल की ओर से महाप्रबंधक की ओर से गुलदस्ता देकर उपायुक्त का स्वागत किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सेवा के मामले में बीएसएनएल ने सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अपनी अच्छी पहुंच बनायी है। किसी प्रकार की समस्या है तो कंपनी के प्रतिनिधि उसका समाधान करेंगे। इस मौके पर बीएसएनएल महाप्रबंधक उमेश प्रसाद साह, उप महा प्रबंधक (प्रचालन) शशि भूषण प्रसाद सिंह, सहायक महाप्रबंधक ब्रजेश सिंह समेत बड़ी संख्या में बीएसएनएल के कर्मी उपस्थित थे।

## आज से करेंगे भक्त माता का दर्शन



भव्य पंडाल

खबर मंत्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित माँ अम्बे दुर्गा पूजा समिति सहित हनहट व नगजुवा में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। नवरात्र के प्रथम दिन कलश यात्रा से प्रारंभ हुई और महानवमी तक चलने वाली विधिवत पूजा अर्चना व दुर्गा पाठ को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति का वातावरण है एवं आज पंडाल का पट खुल जायेगा। तैयारियों को लेकर प्रसासन भी पूरी तरह सजग है प्रखण्ड मुख्यालय स्थित माँ अम्बे दुर्गा पूजा स्थल में बीती रात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद पूरे दल बल के साथ पहुँचकर आयोजक समिति से पूजा के प्रारंभ से लेकर विषर्जन तक कि पूरी जानकारी के बारे में चर्चा कर आपसी मेलजोल व भाईचारगी के साथ त्योहार को मनाने की अपील की। माँ अम्बे दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्ति ने बताया कि कैरो में दुर्गा पूजा का इतिहास बहुत पुराना है और यहां बड़ा ही उल्लास के साथ आपसी भाईचारा के बीच दुर्गा पूजा होती है और इसमें अष्टमी की रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है व दशमी के दिन रावण दहन का भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें कैरो के अलावे भी अन्य प्रखंड क्षेत्र से भक्त व दर्शक पहुँचते हैं। व शंध्या आरती को लेकर भी भक्तों में उल्लास देखा जा रहा है।

## प्रशासन की पहल, स्कूली छात्राओं का बनाया जा रहा है हेल्थ कार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



छात्राओं को दिया गया हेल्थ कार्ड

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल पर जिले के विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सिकछा कर भेंट गतिविधि का प्रारंभ कर उनके शिक्षा स्तर को बेहतर बनाया जा रही है। वहीं विद्यार्थियों के स्वस्थ स्वास्थ्य हेतु भी उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिले के सभी आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करते हुए सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया। इसी कड़ी में उपायुक्त द्वारा एक और नई पहल की शुरूआत की गई। जिसके तहत जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के बच्चों का एक साल का हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है। 12 कस्तूरबागांधी आवासीय विद्यालय एवं सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के 5000 से अधिक विद्यार्थियों के बीच हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक मोहम्मद वसीम अहमद ने जानकारी दी कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार पहले चरण में जिले के सभी आवासीय विद्यालयों में हेल्थ कार्ड का वितरण किया जाएगा एवं दूसरे चरण में अन्य सरकारी विद्यालयों के बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा। इस हेल्थ कार्ड वितरण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य पर नजर रखना है ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में बच्चों के स्वास्थ्य चेकअप एवं चिकित्सा हेतु डॉक्टर्स को पिछले स्वास्थ्य रिकॉर्ड की जानकारी रहेगी एवं बच्चों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराया जा सकेगा। जिसमें विद्यार्थियों के किए जाने वाले नियमित चेकअप रिपोर्ट डॉक्टर्स के द्वारा उस कार्ड में लिखे जाएंगे।

## जीवन में सफलता के लिए नारी का हर व्यक्ति करें सम्मान : चंद्रकांत

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा में नवरात्र के शुभ अवसर पर कन्या पूजन सह डांडिया का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव , प्राचार्य के साथ-साथ क्लास 10 वीं के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजन कर माँ दुर्गा से अपने लिए आशीर्वाद माँगा। विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारे विद्यालय में विगत कई वर्षों से होते आ रहा है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का स्वरूप है। नारी का सम्मान समाज में सर्वोपरि है, जो व्यक्ति नारी का सम्मान नहीं करता वह जीवन में कभी भी एक सफल व्यक्तित्व नहीं बन सकता। कन्या पूजन के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हर नारी में दुर्गा नाट्य का मंचन भी किया। जिसमें यह प्रदर्शित किया गया कि नारी विभिन्न स्वरूप में समाज में रहकर अपने परिवार, अपने बच्चों का भरण पोषण तो करती ही है। साथ ही साथ अपने सहकर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम भी करती है और आवश्यकता पड़े तो अपने शत्रुओं के लिए भी तैयार रहती है। नाटक के माध्यम से बच्चों ने अपने-अपने प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया।

यह नाटक पूर्ण रूपेण नारी सशक्तिकरण के ऊपर आधारित है। विद्यालय के सचिव अंकित श्री ने अपने अभिभाषण में कहा कि नारी समाज रूपी पहिए कि वह धुरी है जिसके इर्द-गिर्द पूरी सृष्टि घूमती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस नवरात्र सभी विद्यार्थियों को यह प्रण लेना चाहिए कि हमें नारी का सम्मान करना चाहिए। चाहे वह नारी मां के रूप में हो, बहन के रूप में हो , बेटी के रूप में हो अथवा पत्नी के रूप में हो। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, साथ ही साथ आए अतिथि एवं अभिभावकों में गरबा नृत्य का आनंद उठाया।

## एक नजर में

### स्वच्छ माहौल देना ही पुलिस की पहली प्राथमिकता: हारिश

**लोहरदगा।** शहर के धान व्यापारी भोला कुमार अग्रवाल द्वारा 10 अक्टूबर को 30 टन धान कलकत्ता के राइस मिल भेजने हेतु भाड़े का ट्रक में भेजा गया था, परन्तु जब धान कलकत्ता के राइस मिल में 2-3 दिन बीत जाने के बावजूद समय पर नहीं पहुंचा। तब इनको संदेह हुआ और अपने स्तर से जॉच करना प्रारंभ किये तथा इस दौरान ड्राइवर को फोन लगाना शुरू किया, परन्तु फोन बंद मिला। तब इन्हें संदेह हुआ कहीं धान चोरी तो नही हो गयी। इनके पास जमा ट्रक का पूरा प्रपत्र को गहनता से जॉच करना शुरू किया तब पता चला कि ट्रक को पूरा प्रपत्र जाली है। फिर धान चोरी का संदेह पुख्ता होने पर भोला जी ने चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार से सम्पर्क किया और चैम्बर अध्यक्ष ने त्वरित कारवाई करते हुए सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव से सम्पर्क किया तथा थाना प्रभारी के निर्देश पर आवेदन बनाया, जिसपर तुरन्त प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया एवं उप निरीक्षक सूरज कुमार को इस केस का उद्भेदन हेतु जिम्मेवारी सौंपी गई। सूरज कुमार ने अपने तीक्ष्ण बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए महज 72 घण्टे में केश का उद्भेदन कर दिया और जालसाजों के गिरफ्तारी के साथ साथ जाली ट्रक को भी बरामद कर लिये। साथ ही साथ गायब किये धान को जालसाजों द्वारा जिस व्यापारी को बेचा गया है, उसका भी पता लगाने में कामयाब रही। वहीं चैंबर प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से मिलकर उन्हें बधाई दी व कहा कि लोहरदगा पुलिस की इस त्वरित कारवाई तथा केस का उद्भेदन ने लोहरदगा जिला के व्यापारियों का विश्वास व दिल जीत लिया। लोहरदगा जिला के पूरे पुलिस प्रशासन को लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स बहुत बहुत धन्यवाद व बधाई देती हैं। जबकि मुलाकात के दौरान जिला के पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा ने कहा कि लोहरदगा जिला को अपराध मुक्त करना तथा शांति व्यवस्था बहाल रखना एवं व्यापारियों व आम नागरिक को स्वच्छ माहौल देना ही पुलिस का पहली प्राथमिकता है। चैंबर प्रतिनिधि मंडल में सह सचिव अनीश मित्तल, कार्यकरिणी सदस्य उत्तम कुमार, सदस्य भोला कुमार अग्रवाल, विशाल अग्रवाल शामिल थे।

### नेहरू युवा केन्द्र द्वारा प्रखण्ड स्तरीय अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**कैरो।** मेरी माटी मेरा देश चरण-2 कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केन्द्र खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में युवा सम्राट क्लब कैरो के द्वारा प्रखण्ड स्तरीय गांव से संग्रहित अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप प्रखण्ड विकास पदाधिकरी पवन कुमार,बीस सूत्री सदस्य सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी,भाजपा पार्टी प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव,अनुसूचित जन जाती मोर्चा प्रदेश समिति सदस्य बजरंग उरांव,जिला कार्य समिति सदस्य विशेश्वर प्रसाद दिन,कैरो मुखिया बीरेंद्र महली,सढाबे मुखिया सुमित्रा उरांव,नरौली मुखिया अरबिंद उरांव,कैरो उप मुखिया रवि प्रजापति उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वही कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत के साथ कैरो प्रखण्ड क्षेत्र के 6 पंचायत से कलश में संग्रहित मिट्टी को प्रखण्ड स्तरीय कलश में भरा गया। कलश में मिट्टी संग्रहण मुख्य रूप से कैरो साप्ताहिक बाजार टाड स्थित देवी मंडप बजरंगबली मंदिर परिसर से राजकीय मध्य विधालय के छात्र छात्रओं एवं अतिथियों के द्वारा मट्टी संग्रहित कलश को लेकर ब्लॉक परिसर ढोल नगाड़े के साथ लाया गया। वही पंचप्रण शपथ लिया गया।

## कुपोषण व एनीमिया निवारण के लिए हजार दिवसीय समर अभियान का हुआ शुभारंभ

# विभाग समन्वय बनाकर काम करें, जिले को बनायें कुपोषण मुक्त : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता




समर अभियान में शामिल उपायुक्त व अन्य

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले में कुपोषण एवं एनीमिया के निवारण हेतु 1000 दिवसीय समर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीओ सदर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक तथा स्वास्थ्य विभाग से सिविल सर्जन, एसीएमओ एवं अन्य डॉक्टर्स उपस्थित थे। समर अभियान से जुड़े मुख्य बिंदुओं की जानकारी देते हुए स्टेट कॉर्डिनेटर अजय वर्मा ने इस अभियान के सफल संचालन से सबंधित जानकारियों को उपस्थिति अधिकारियों एवं कर्मियों के बीच साझा किया। उन्होंने बताया कि समर अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं, स्वास्थ्य विभाग की एएनएम जेएसएलपीएस की सक्रिय महिलाएं, सभी महिला पर्यवेक्षिका व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस 1000 दिवसीय अभियान के अन्तर्गत अति गंभीर कुपोषण से ग्रसित बच्चों, गंभीर एनीमिया से पीड़ित बच्चे, किशोरियों, युवतियां, धात्री माता व गर्भवती महिलाओं की पहचान की जायेगी। इन चिन्हित लोगो को उनके निकटमत आंगनबाड़ी केन्द्रो पर जांच की जायेगी और उनका उपचार करवाया जायेगा। यह स्क्रीनिंग की प्रक्रिया प्रत्येक तीन माह पर दोहरायी जायेगी। इस दौरान उपायुक्त द्वारा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल्याण विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिये। ऐसे सभी घर जहां पर कुपोषण व एनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियां, धात्री माता व गर्भवती महिलाएं होती है। उन्हें सरकार के विभिन्न विभागों के ऐसे कार्यक्रमों से जोड़ा जायेगा। जिनका कुपोषण निवारण पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव होता है। जिला को कुपोषण व एनीमिया मुक्त करने की दिशा में कार्य करना है। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों के वजन माप कराने व कुपोषित, अतिकुपोषित बच्चों को एमटीसी में भर्ती सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया।

स्पीड न्यूज

## डीएवी मॉडल में देव रूप सज्जा एवं डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन



दुर्गा जी के नौ रूपों में बच्चियां

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के तत्वावधान में शहर के चौधराना बाजार स्थित डीएवी मॉडल स्कूल में नवरात्र के अवसर पर देव रूप सज्जा एवं डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे राम दरबार एवं दुर्गा जी के नौ रूपों में सजधज कर आए थे। जिसमें वैभव राज भगवान रामचंद्र, कार्तिक कुमार लक्ष्मण जी, प्रिया कुमारी सीता जी एवं दुर्गा के नौ रूपों में रागिनी कुमारी शैलपुत्री, अनन्या कुमारी ब्रह्मचारिणी दुर्गा, सलोनी कुमारी चंद्रघंटा माता, आदया कुमारी कुष्मांडा माता, नेहा कुमारी स्कंद माता, दीक्षा कुमारी कात्यायनी माता, नंदनी कुमारी कालरात्रि, रिया कुमारी महागौरी, सिद्दीका कुमारी सिद्धि दात्री के रूप में साक्षात देवी का अवतार लग रही थी।

## पूर्व विधायक ने किया भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन


मंचासीन पूर्व विधायक व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** प्रखंड के जोबरईया सुखबाना में शांति सद्भावना समिति के तत्वावधान में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, समाजसेवी दौलत सोनी, चंदन जायसवाल, विनोद जायसवाल, संतोष केशरी आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल से आये कलाकार ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने सभी लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। गढ़वा विधानसभा में भ्रष्टाचारी लूटेरा राक्षस का वध करने की जरूरत है। उमेश कश्यप ने कहा कि समिति के अध्यक्ष मनोज महतो एवं उनकी पूरी टीम के नेतृत्व में सभी पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। मौके पर मुख्य रूप से रिंकू तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, लक्ष्मी पांडेय, अवधेश कुशवाहा, अनिल महतो, रामनारायण प्रसाद, मनोज कुमार, भगवान महतो, उमेश कुमार, सुरेश अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर बिजली विभाग ने जारी किया हेल्पलाइन नम्बर

**मझिआंव।** मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड में दुर्गा पूजा के मद्देनजर बिजली की किसी भी तरह की समस्या के लिए बिजली विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। इस संबा में कनीय अभियंता कमल कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा त्योहार के दौरान बिजली की किसी भी तरह की समस्या आने पर लोग संबंित बिजली सब स्टेशन पर फोन कर सकते हैं। इनमें मझिआंव प्रखंड के लिए विद्युत उपकेंद्र का मोबाइल नंबर 8235424251, सकरकोनी विद्युत उपकेंद्र का 9523005885, बरडीहा प्रखंड के लिए विद्युत उपकेंद्र का 9546587166 एवं कांडी प्रखंड के लिए विद्युत उपकेंद्र का मोबाईल नम्बर 9661817081 पर फोन कर समस्या का समाान पा सकते हैं। अगर कोई शिकायत का समाान नहीं हो रहा है तो विभाग के कनीय विद्युत अभियंता के मोबाईल नम्बर 7739608059 या सहायक विद्युत अभियंता के मोबाईल नंबर 9430339200 पर फोन कर सकते हैं।

## दशहरा पर्व पर बच्चों ने धारण किया भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान की वेषभूषा




खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित जीएस.पब्लिक स्कूल के प्रांगण में दशहरा की धूम देखने को मिली। इस अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, आदि के वेशभूषा में नन्हे मुन्ने ने सभी के मन को मोह लिया। बच्चों ने रघुपति राघव राजा राम, राम जी की निकली सवारी, कभी राम बन के, जय सीया राम आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा से सभी को आकर्षित किया। वहीं बच्चों ने रावण दहन कार्यक्रम के जरिये सबों को आकर्षित किया।

## दुर्गापूजा के अवसर पर डांडिया का आयोजन



**कोडरमा।** आदर्श मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक अश्विनी तिवारी एवं शिक्षक संजीत भारती की देखरेख में दुर्गापूजा के अवसर पर डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय की बच्चियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य एवं आसुरी शक्ति पर दैवीय शक्ति की विजय का प्रतीक है। इन्होंने सभी को दुर्गापूजा की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर रजनी कुमारी, अनुपमा पांडेय, बैजयंती कुमारी, मंटू कुमार, प्रदीप कुमार एवं बाल सांसदों ने सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई।

# 40 साल से भद्रकाली मंदिर में जल रही घृत की अखंड ज्योति

### नवरात्रि में दर्शन करने से बरसती है कृपा



पंकज सिंह

**चतरा।** जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मां के दरबार में मांगी गई मन्नत पूरी होती हैं। पिछले 40 साल से मंदिर में घृत का अखंड ज्योति जल रही है।

नवरात्र में मां भद्रकाली का मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक बन गया है। सुबह-शाम पूजा के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर में मां दुर्गा का गुणगान किया जा रहा है। पुजारी पंडित बुदुल पांडेय ने बताया कि मंदिर में विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्ति विराजमान है। मां भद्रकाली की पूजा के लिए विशेष तौर पर श्रद्धालु दूर-दराज से पहुंचते हैं। वर्ष 1983 में मां के दरबार में अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई थी, जो आज भी प्रज्वलित है। सुबह-शाम मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। मंदिर में पूजा के लिए पहुंची गांधी कॉलोनी निवासी सपना ने बताया कि मंदिर में पहुंचने से मन को शांति मिलती है। उनके मन की हर मुराद यहां आकर पूरी हुई है। श्रद्धालु गीता ने बताया कि मां दुर्गा भक्तों की सब मुराद पूरी करती है।

**आज मंदिर में उतरेगी स्वर्ग की छटा, 1008 दीपों से जगमग होगा परिसर :** नवरात्र पर आज मां मां भद्रकाली मंदिर परिसर में स्वर्ग की छटा बिखरेगी, हजारों दीपों से परिसर का कोना-कोना रोशन होगा। इसके लिए सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। बता दें कि नवरात्र के सप्तमी तिथि पर मां भद्रकाली मंदिर परिसर में दीप महोत्सव का आयोजन किया जाता है। स्थानीय लोगों के सहयोग से आयोजित दीप महोत्सव के दौरान मां भद्रकाली मंदिर 1008 दीपों से जगमग होगा। दीप महोत्सव समिति के सदस्य पुनित राहुल चौरसिया ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दीप महोत्सव का भव्य आयोजन मां भद्रकाली मंदिर परिसर में किया गया है।

## भव्य तरीके से सजाया गया माता भद्रकाली की मंदिर



मां भद्रकाली मंदिर को भव्य रूप फूलो से सजाया गया है। फूलों से मंदिर के गर्भ गृह को आकर्षक रूप दिया गया है। ये सजावट लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मंदिर को कोलकाता के कारीगरों की टीम ने सजाया है। मंदिर में खुशबूदार फूलों की सज्जा देखते ही बनती है। जो भक्त पूजा करने पहुंच रहे हैं वह खूबसूरत ढंग से सजे मंदिर की खूबसूरती को अपने कैमरे में कैद भी कर रहे हैं। माता भद्रकाली के मंदिर को सजाने का काम चौपारण स्थित पीके इंटरनेशनल होटल के संचालक चौपारण के रानिक गांव निवासी प्रभात सिंह के द्वारा किया गया है। प्रभात सिंह ने बताया कि वे साज सज्जा करवाने के लिए चैत्र नवरात्र और शारदीय नवरात्र में माता के दरबार आते हैं। माता के प्रति अपार श्रद्धा है, जिसके कारण मां भद्रकाली मंदिर में सेवा देते हैं। मां के प्रति काफी आस्था है और ये सभी मनोकामनाएं भी पूरी करती हैं।

## मां भद्रकाली को भक्त ने भेंट किया चांदी का थाली व चमच



**इटखोरी।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां भद्रकाली मंदिर में के एक भक्त ने माता को चांदी का थाली और चमच भेंट की। अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करने वाली मां भद्रकाली को इटखोरी के जाखड गांव निवासी भक्त उदय प्रताप सिंह ने मंदिर न्यास को चांदी का थाली और चमच भेंट की है। उदय प्रताप सिंह नवरात्रि में माता भद्रकाली के मंदिर में कलश स्थापित कर का दर्शन-पूजन करने के लिए आते हैं। नवरात्रि के दौरान ही उन्होंने मन में संकल्प लिया कि एक दिन माता के गर्भ गृह में चांदी का थाली और चमच चढ़ाएंगे। उन्होंने ने कहा कि मां के आशीर्वाद से चांदी का थाली और चमच भेंट करने का संकल्प पूरा हुआ। बता दें कि इटखोरी और आसपास के जिलों, राज्यों के लोगों में मां भद्रकाली को लेकर बहुत आस्था है, इसलिए कई भक्तजनों द्वारा यहां नकद राशि, सोने चांदी के आभूषण आदि भेंट किए जाते हैं।

## धुरकी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**धुरकी।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर धुरकी पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत सगमा प्रखंड तथा धुरकी प्रखंड में थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि के नेतृत्व में बाइक तथा पैदल मार्च निकाला। इस दौरान धुरकी थाना परिसर से मेन बाजार होते हुए शिवरी मोड़ तक तथा बीरबल, सोनडीहा, पुतुर, कटहर कला तथा सगमा बाजार में फ्लैग मार्च निकाला गया।

## मझिआंव पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मझिआंव।** नगर पंचायत एवं प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा का त्योहार मनाने को लेकर बाजार क्षेत्र में पदाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान फ्लैग मार्च में शामिल कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित एवं एसआई विकास कुमार आदि पदाकािरियों ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में लगभग एक सौ की संख्या में पुलिस बल शामिल हुए।

## विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

### देवी-देवताओं के वेश में बच्चों ने लोगों का मन मोहा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** दुर्गापूजा को लेकर सेक्रेड हार्ट स्कूल में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। वहीं अलग-अलग देवी-देवताओं के वेश में पहुंचे बच्चे आकर्षण का विशेष केंद्र बने थे। नर्सरी से क्लास 3 तक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और वर्ग 4-5 के बच्चों के बीच श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें तनिष्का, अनुप्रिया, हर्षित, दिव्यांक, अपराजिता, श्रेयांश, सृष्टि, रागिनी, शिवांशिका को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। जबकि वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बीच आयोजित अलग-अलग प्रतियोगिताओं में बेस्ट ड्रामेबाज का किताब सौरव रंजन, बेस्ट स्क्रिप्ट एंड डायलॉग का किताब सिमरन कुमारी, बेस्ट कॉस्टयूम के लिए नंदनी कुमारी को चुना गया। वहीं ओवरऑल आकाश हाउस विजेता बना। यहां शिक्षिका रजनीबाला और अभिभावक रंजीता कुमारी ने संयुक्त रूप से निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम सीसीए इंचार्ज हंसपाल राज की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम में सौरव रंजन, कुणाल पांडेय, विकास कुमार, शुभम कुमार, साक्षी राज, वैष्णवी कुमारी, श्रुति कुमारी, आराध्या सिंह, एंजेल भारती, साक्षी कुमारी का शानदार प्रदर्शन रहा। कार्यक्रम का संचालन निशा कुमारी, खुशी कुमारी, आराध्या जायसवाल, ऋषिका कुमारी एवं बबली कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों के प्रस्तुतियों को सराहा और उन्होंने लोगों को दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई दी। मौके विनोद कुमार, शालू अरोड़ा, शशि राज, आशुतोष गौतम, कामिनी सहाय, सीमा जैन, अलका सिंह, दीक्षा सिंह, रंजीता कुमारी, स्वीटी सिन्हा, सपना शर्मा समेत शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन चौकस, निकाला गया फ्लैग मार्च

**कोडरमा।** दुर्गा पूजा को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है एवं आलाधिकारियों द्वारा सभी इलाकों में विशेष नजर रखी जा रही है। वहीं शुक्रवार को एसडीओ संदीप कुमार मीणा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया और दुर्गा पूजा को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गयी। फ्लैग मार्च झंडा चौक झुमरीतिलैया से निकलकर बाजार होते महाराणा प्रताप चौक तक भ्रमण किया। इस दौरान पूजा पंडालों का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान असामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों को सबक सिखाने की नीयत से निकाले गए फ्लैग मार्च में सशस्त्र जवान सड़क पर कतारबद्ध होकर चल रहे थे। बता दें कि दुर्गापूजा को लेकर इलाके के असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर जिला प्रशासन की पैनी निगाह है। इसके लिए भारी संख्या में दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बलों की ड्यूटी लगाई गई है। इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है, पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, पूजा स्थलों के आसपास वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है।

## 87 वर्षों से मरकच्चो के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में हो रही है शारदीय दुर्गा पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर क्षेत्र का प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर है। नवरात्र पर तीन पंचायत मरकच्चो मध्य, मरकच्चो उत्तरी व मरकच्चो दक्षिणी समेत कई गांव के श्रद्धालु इस दुर्गा मंदिर में नवरात्र पर देवी दुर्गा की पूजा अर्चना करते हैं। मंदिर के इतिहास के संबंध में गांव के बूढ़े बुजुर्ग गौरी शंकर प्रसाद, प्रयाग मोदी, कार्तिक सिंह, बनवारी सिंह आदि बताते हैं कि मरकच्चो में 87 वर्षों से देवी दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। इन लोगों ने बताया कि माता रानी की पूजा अर्चना 1937 से होती चली आ रही है। इसकी शुरुआत गांव के कैलाश प्रसाद शिव, खागो सिंह, बद्रीनाथ सहाय, बासुदेव प्रसाद, राघो पांडेय, छोटू सिंह, राघो सिंह, नाथौ सिंह, राघो मोदी, महावीर पोद्दार के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से की गई थी, तब एक छोटे से खपरैल के मड़ई में पेट्रोमैक्स के लाइट में पूजा हुआ करती थी, लेकिन आज माता रानी की कृपा से माता रानी का अपना पक्के का भव्य मंदिर है। साथ ही मंदिर परिसर में कई देवी-देवताओं का भी मंदिर का निर्माण किया गया है। 1937 से अनवरत आज तक माता रानी की पूजा होती चली आ रही है। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, कोषा अध्यक्ष रविंद्र कुमार पांडेय, सचिव प्रदीप सिन्हा ने बताया कि सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में साल में दो बार शारदीय दुर्गा पूजा व बासन्ती दुर्गा पूजा में भव्य पंडाल बनाया जाता है जो, सूर्या टेंट एंड लाइट डेकोरेटर के द्वारा किया जाता है। टेंट एवं लाइट का काम करने वाले कर्मियों में आधे से अधिक मुस्लिम समुदाय के लोग हैं जो 25-30 दिनों पूर्व से मंदिर परिसर में काम करते हैं। इस बार केदार नाथ मंदिर का प्रारूप तैयार किया जा रहा है जो आकर्षण का केंद्र होगा।

## बेल वरण पूजा के साथ हुआ माता का आवाह्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** शारदीय नवरात्र की षष्टी तिथि को बेल वरण अनुष्ठान के साथ माता जगत जननी का आह्वान किया गया। विभिन्न पूजा पंडालों के श्रद्धालु पुजारी के नेतृत्व में गाजे-बाजे, ढोल झाल के साथ शुक्रवार शाम को बेल वृक्ष के नीचे पहुंचे तथा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापित किया। कलश स्थापना के उपरांत नव पत्रिका की पूजा अर्चना की गई। वहीं दुर्गा मंदिर के पुजारी आचार्य अधीन पांडे ने बताया कि सप्तमी तिथि को कलश तथा बेल के फल का एक जोड़ा पूजा पंडाल में लाया जाएगा। जिसे पूजा स्थल पर विधि विधान से स्थापित कर माता की स्तुति की जाएगी। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी और पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे।



उसके उपरांत पूजा पंडाल में महाशक्ति की पूजा अर्चना की गई, जिसमें माता के छठे स्वरूप मां कात्यानी की आराधना की गई। लोगों ने बताया कि देवी कात्यानी के ध्यान पूजन से सांसारिक कष्ट व भय से मुक्ति मिलती है। इस दौरान संपूर्ण पंडाल माता की जयकारों से गुंजायमान होता रहा। शंख घंटे की ध्वनि से वातावरण प्रतिध्वनित होता रहा। बेल वरण के संपन्न होते ही पर्व का उत्साह चरम पर पहुंच गया है और माता के जयकारे गूंज रहे हैं।

**माता रानी के छठ्ठे स्वरूप माता कात्यानी देवी की हुई पूजा अर्चना :** शारदीय नवरात्र के छठ्ठा दिघ्न मां श्री दुर्गा के छट्ठे स्वरूप देवी कात्यानी को समर्पित है। इस पर विस्तार से बताते हुए मरकच्चो दुर्गा मंदिर में देवघर से आए पुजारी आचार्य आशुतोष पांडे जी ने बताया कि मां दुर्गा के नौ रूपों में छठा रूप माता कात्यायनी देवी का है, यजुर्वेद में प्रथम बार 'कात्यायनी' नाम का उल्लेख मिलता है। माना जाता है कि देवताओं का कार्य सिद्ध करने के लिए आदि शक्ति देवी के रूप में महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई थीं। महर्षि ने देवी को अपनी कन्या माना था, तभी से उनका नाम 'कात्यायनी' पड़ गया।

एक नजर में

## सूर्य मंदिर नव निर्माण को लेकर बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**टण्डवा (चतरा)।** सूर्य मंदिर नव निर्माण कार्य को लेकर मंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मंदिर समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में मंदिर की नव निर्माण कार्य को लेकर पूर्व में की गई सभी बैठकों का समीक्षा की गई, इसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सूर्य मंदिर नव निर्माण कार्य को सूर्य मंदिर विकास समिति चुंदरु धाम ही करेगी, इसमें मंदिर समिति का विस्तार किया जाएगा इसके लिए आजीवन सदस्यता शुल्क 11000/ रुपया रखने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक सदस्यता फार्मेट बनाकर सदस्यता प्रमाण पत्र दिया जाएगा,मंदिर समिति के पदाधिकारी गण को भी 11000 रुपए मंदिर के बैंक खाते में डालना अनिवार्य होगा।साथ ही निर्णय लिया गया की मंदिर समिति के पदाधिकारी यदि लगातार तीन बैठकों में नहीं आते हैं तो वह स्वतः पदाधिकारी से मुक्त समझे जाएंगे एवं सदस्य बने रहेंगे। बैठक में सर्व सम्मति से यह भी निर्णय गया कि मंदिर में सभी कार्यक्रम को लेकर होने वाले निर्णय में आजीवन सदस्यों की भूमिका अहम होगी,सभी सदस्यों का निर्णय ही सर्वमान्य होगा।

## भक्ति भावना से ओत प्रोत है गढ़वा : मंत्री मिथिलेश


उद्घाटन करते मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिनियां रोड स्थित मां दुर्गा पूजा समिति शिव मंदिर के तत्वावधान में भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम में शामिल भोजपुरी कलाकारों दीपक तिवारी, राकेश रोशन, विक्की तिवारी, प्रियंका तिवारी, प्रियंका भास्कर ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत की। कलाकारों ने ऐसी समा बांधी कि दर्शक भक्ति रस में सराबोर हो गए। कलाकारों की प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने समस्त जिलेवासियों एवं झारखंड वासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नवरात्र के मौके पर चारों तरफ माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

यहां के लोग भक्ति भावना से पूरी तरह ओत प्रोत हैं। गढ़वा में भक्ति की अविरल धारा बहती है। हर पर्व, त्यौहार के मौके पर सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। माता रानी हम सभी के परिवार में खुशियां लाएं, सुख समृद्धि में वृद्धि करें एवं सभी के कष्टों का हरन करें। इस बेहतर आयोजन के लिए मंत्री ने समिति के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## बीडीओ ने किया पंचायत भवन का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुन्दा (चतरा)।** प्रभारी बीडीओ विपिन कुमार भारती ने शुक्रवार को फीता काटकर व नारियल फोड़कर कर सिकीदाग पंचायत भवन का उद्घाटन किया। वही सिकीदाग मुखिया अनिता देवी ने बीडीओ को बुके देकर स्वागत किया। वही बीडीओ ने पंचायत भवन के सभागार हॉल में पंचायत कर्मियों व वार्ड सदस्यों के साथ बैठक कर संचालित विकासीय योजनाओं के बारे में जानकारी ली। वही अधूरे पड़े आवास व मनरेगा कार्यों की योजना पूरा करने का निर्देश दिया। वही रोजमर्रा की जिंदगी व जीवनयापन पर भी चर्चा की। डीबीटी के माध्यम से लाभुक को भेजी गई सरकारी योजनाओं के पैसे में निकासी को लेकर सीएससी व सीएसपी को सख्त लहजे में चेताया फर्जी निकासी करने वाले पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य दिव्या कुमारी, उपमुखिया किशोर यादव, समाजसेवी अखिलेश प्रसाद यादव, बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, पंचायत सचिव रामजी साहु, जेई विकास कुमार, रवि कुमार,उपेंद्र भोक्ता समेत कई वार्ड सदस्य, पंचायत कर्मी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहें।

## डीसी ने महिला एशियन चैंपियंशिप ट्रॉफी का किया अनावरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी अबु इमरान द्वारा शनिवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चतरा में झारखंड महिला, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के ट्रॉफी का अनावरण किया गया। झारखंड महिला, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का आयोजन 27 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 तक रांची झारखंड में निर्धारित है। ऐसे में उक्त एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के ट्रॉफी का अनावरण एवं आधिकारिक शुभारंभ का लौंचिंग 13 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा रांची में किया गया है। जिसके पश्चात राज्य के सभी जिलों में उक्त ट्रॉफी का प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशिया के 06 (छः) देशों यथा-भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया एवं थाईलैंड की टीमें भाग लेगी। ऐसे में झारखंड में हॉकी के खेल एवं उक्त महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी को लोकप्रिय बनाने एवं बढ़ावा देने के उदेश्य से आज जिला स्तर पर एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के ट्रॉफी का प्रदर्शन किया गया।

## स्पीड न्यूज

### शारदीय नवरात्र के छठे दिन की गयी मां कात्यायनी की आराधना



मौके पर मौजूद लोग।

चंदवा। शारदीय नवरात्र को लेकर चंदवा शहर से लेकर गांव तक भक्ति की बयार बाह रही है। पूरा प्रखण्ड मातेश्वरी की भक्ति में लीन है। शारदीय नवरात्र के छठे दिन मां के सष्टम स्वरूप मां कात्यायनी की विधिवत आराधना की गई। दुर्गा पूजा उत्सव के छठे दिन शुक्रवार की देर शाम बेलबरन पूजा के मां को आह्वान किया गया। परंपरानुसार सभी पूजा पंडालों के पुरोहितों और यजमानों ने बेल वृक्ष में पूजन विधि संपन्न कराते हुए देवी का आह्वान किया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दुबे जी के गोला परिसर से श्रद्धालुओं द्वारा थाना टोली स्थित बबलू दुबे के आवासीय परिसर में स्थित फुलवारी में बेल पेड़ के नीचे मां की अराधना की गई। 21 अक्टूबर शनिवार को महासप्तमी के दिन सुबह में यहां से देवी के स्वरूप को गाजे बाजे के साथ पंडालों में लाया जाएगा। इसके साथ ही पूजा पंडालों के पट भी भक्तों के दर्शन के लिए खुल जाएंगे। षष्ठी को देर रात तक पूजा पंडालों को अंतिम रूप देने में कलाकार व सदस्य जुटे रहे। शहर व आस पास के क्षेत्रों में लगभग 22 पूजा पंडाल बनाए गए हैं।

### काम की तलाश में दूसरे प्रदेश जा रहा प्रवासी मजदूर 7 दिनों से लापता, परिजन परेशान



चंदवा। काम की तलाश में दूसरे प्रदेश जा रहे चंदवा शहर से सटे चंदवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत कुसुमटोली निवासी दशरथ उरांव पिता पांडेय उरांव विगत 14 अक्टूबर से लापता है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी दशरथ उरांव का कोई सुराग नही मिल पाने से परिजन परेशान है। मामले को लेकर दशरथ उरांव की पत्नी सुनिता देवी ने बताया कि पति दशरथ उरांव जीवकोपार्जन के लिए काम करने ट्रेन से रामेश्वरम के लिए निकले थे, इसके लिए ये चन्दवा से बस पकड़कर हटिया, हटिया से तपोश्वनी एक्सप्रेस ट्रेन से भुनेश्वर गए, भूनेश्वर से ट्रेन नम्बर 20896 ट्रेन के लिए भूनेश्वर स्टेशन में ही टीटी के द्वारा रामेश्वरम के लिए टिकट बनवाए थे और ट्रेन में यात्रा कर रहे थे, इसी बीच गांव के हीं महावीर उरांव, रतन उरांव, अमित उरांव के द्वारा बताया गया कि 14 अक्टूबर शनिवार दोपहर लगभग 01 बजे के बाद से उसका कोई अता-पता नही चल पा रहा है। जिसके बाद अपने स्तर से खोज बीन करने का प्रयास किया पर पता नहीं चल पाया। सुनीता देवी ने प्रशासन से दशरथ उरांव को सकुशल खोज कर वापस लाने की गुहार लगाई है।

### अशोक कुमार महलका ने कहा नाटकों का स्थान ऑरकेस्ट्रा एवं भक्ति जागरण ने ले लिया है



लातेहार। एक जमाना था जब लातेहार में दुर्गा पूजा व अन्य अवसरों पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा रामलीला एवं अन्य ऐतिहासिक नाटकों का मंचन किया जाता था। शहर के कलाकारों ने 50-60 के दशक में एक नाटक मंडली की स्थापना की थी। लेकिन अब दशहरा के मौके पर लातेहार में रामलीला या फिर अन्य नाटकों का मंचन नहीं होता है। नाटकों का स्थान ऑरकेस्ट्रा एवं भक्ति जागरण ने ले लिया है। नाटक मंडली के संस्थापक सदस्यों में से एक अशोक कुमार महलका ने बताया कि उन दिनों टीवी व सिनेमा तक नहीं थे। लेकिन लोगों को स्वस्थ मनोरंजन देने के लिए स्थानीय कलाकरों ने एक मंडली बनायी। इस मंडली में बेचू साव, रामनंदन साव, युगल साव, किरानी सिंह, अक्षयवट साव, रामदास साव, प्रयाग साव, रामेश्वर दास, लखन दास, सूरज प्रसाद, धनेश्वर प्रसाद, रविश्वर साव, भोला शरण, रामजनम सिंह, लल्लू सिंह, भुनेश्वर साहु, नथुनी ठाकुर व मोहन दास आदि शामिल थे। इन कलाकारों के द्वारा राजा हरिशचंद्र, सुल्ताना डाकू, रामायण, महाभारत, अंधेर नगरी चौपट राजा आदि नाटकों का मंचन किया गया, जो आज भी उस दौर के लोगों के जेहन में जिंदा है। हालांकि इन कलाकरों में अधिकांश आज दिवगंत हो चुके हैं। श्री महलका ने बताया कि 80 के दशक तक यहां नाटकों का मंचन किया जाता रहा। इसके बाद सिनेमा का दौर आया। पूजा समितियों के द्वारा खुले मैदान में परदे पर सिनेमा दिखाया जाने लगा। इसमें काफी भीड़ जुटती थी. बाद में सिनेमा का स्थान आरकेस्ट्रा ने ले लिया। कोलकाता, वाराणसी, पटना, आसनसोल एवं अन्य जगहों के ऑरकेस्ट्रा ग्रुप यहां आकर कार्यक्रमों का प्रदर्शन करने लगा। इन ऑरकेस्ट्रा में नर्तकियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र होती है। आज भी क्षेत्र में ऑरकेस्ट्रा की यहां काफी डिमांड है। हालांकि कई समितियों के द्वारा भगवती जागरण आदि का भी आयोजन किया जाता है। शहर के श्रीरामचरित मानस महायज्ञ परिसर में विगत कुछ सालों से बाहर से रामलीला की मंडली अवश्य मंगायी जा रही है।

## जेजेएमपी सबजोनल कमांडर सुशील उरांव और अमरेश उरांव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

➲ गिरफ्तार जेजेएमपी उग्रवादियों का रहा है आपराधिक इतिहास

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी।

लातेहार। लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हेरहंज पुलिस को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल हुई हैं। पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हेरहंज थाना अंतर्गत सिकिद जंगल में जेजेएमपी के सुप्रीमों पप्पू लोहरा, सब जोनल कमांडर सुशील जी, लवलेश जी एवं अन्य बारह से पंद्रह सक्रिय सदस्य एकत्रित होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बैठक कर रहें हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु जिला बल के पुलिस पदाधिकारी एवं सेट तथा सीआरपीएफ 214 और सीआरपीएफ 11 बटालियन की संयुक्त रूप से चार टीम बनाकर विभिन्न स्थानों पर भेजा गया। शुक्रवार की सुबह जब टीम एक के सुरक्षाबल सूचना वाले स्थान के कुछ दूरी पर छुप कर बैठी थी। इसी क्रम में एक मोटरसाइकल सिकीद जंगल से पगडंडी वाले रास्ते से हेरहंज - मनिका मुख्य सड़क की ओर जा रही थी। सुरक्षाबलों द्वारा जब उसे रोका गया तब उक्त मोटरसाइकल पर बैठे दोनों व्यक्ति बल को देखकर भागने लगें। जिन्हें साथ गए पुलिस बल के द्वारा पकड़ लिया गया। वहीं दोनों से नाम पता पूछने पर अपने आप को जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का सबजोनल कमांडर सुशील उरांव उर्फ बीरबल जी उर्फ विधायक जी एवं अमरेश उरांव बताया गया। गिरफ्तार दोनों जेजेएमपी उग्रवादियों का अपराधिक इतिहास रहा है। जिसमें सुशील उरांव उर्फ बीरबल जी के विरुद्ध विभिन्न थानों में लगभग 35 कांड दर्ज है। वहीं अमरेश उरांव पर करीब दो कांड दर्ज है।

**उग्रवादियों के पास से जब्त सामान**

दोनों उग्रवादियों के पास से पुलिस को कई विस्फोटक बरामद हुआ। जिसमें एक एके 47 रायफल, एक मैगजीन, 7.62 एमएम का 78 जिंदा कारतूस, एक देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, सात एंड्रोड मोबाइल और चार किपेड मोबाइल, दो मोबाइल चार्जर, एक मेनपेक, एक राउटर और एक हीरो एचएफ डीलक्स की मोटरसाइकल और अन्य सामान शामिल है।

## भीषण सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी समेत एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



मृतक व्यक्ति का शव व घायल लोग।

मनिका। मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो पंचायत स्थित नतबेलवा मोड़ के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर दिन शुक्रवार को सुबह लगभग 9:00 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मृतक व्यक्ति की पहचान सुनील सिंह उम्र लगभग 25 वर्ष के रूप में हुई है और घायलों में लवकेश सिंह उम्र लगभग 15 वर्ष एवं मृतक की पत्नी मनीषा देवी शामिल है। सभी मानजर पोचरा (लातेहार) के निवासी बताए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील सिंह का विवाह इसी वर्ष मार्च महीने में केड़ी महुआ सिंजो (मनिका) में हुआ था वह अपनी पत्नी का विदाई करवाने अपने ससुराल केड़ी महुआ आया था और अपनी पत्नी का विदाई कराकर अपने बाइक से लवकेश सिंह एवं पत्नी के साथ अपने घर पोचरा जा रहा था इसी दौरान नतबेलवा मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। जबकि दुर्घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात वाहन भागने में कामयाब रहा। वहीं आसपास के ग्रामीणों के द्वारा दुर्घटना की जानकारी मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को दी गई जिसके तुरंत बाद एएसआई रामरेखा पासवान,कमलेश यादव,समेत पुलिस बल के अन्य जवान घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने इलाज के दौरान सुनील सिंह को अमृत घोषित कर दिया एवं लवकेश सिंह एवं मृतक की पत्नी को प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया। दुर्घटना में लवकेश सिंह का पैर बुरी तरह से टूट चुका है और मृतक की पत्नी के सर पर चोटें आई हैं। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में मातम छाया हुआ है।

## आज खुलेंगे दुर्गा पूजा पंडालों के पट



लातेहार। शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि 21 अक्तूबर को शहर के सभी दुर्गा पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये जायेगें। पूजा समितियों ने इसकी तैयारी तकरीबन पूरी कर ली है। इससे पहले षष्ठी तिथि को पूजा समितियों के द्वारा बेलवरण कर माता का आह्वन किया गया। शहर के वैष्णव दुर्गा मंदिर में पुजारी त्रिभुवन पांडेय व रामानुज उपाध्याय के सानिध्य में बेलवरण किया गया था। मौके पर मुख्य यजमान के रूप में संजय प्रसाद सप्तनीक थे। राजा दुर्गा बाड़ी में पुरोहित नरेंद्र मिश्रा ने बेलवरण संपन्न कराया। काली मंदिर परिसर में पुजारी संतोष मिश्रा ने पूजा अर्चना कर बेलवरण किया गया। सप्तमी तिथि को ले कर पूजा संघों के द्वारा अंतिम तैयारी की जा रही है। श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है। राजा दुर्गा बाड़ी में भी आकर्षक पंडाल बनाया गया है। वहीं सार्वजनिक काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भी पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गयी है। सप्तमी तिथि को समिति के द्वारा एक कलश यात्रा निकाली जायेगी। नवयुवक संघ, नवरंग चौक में केदारनाथ मंदिर का प्रारूप बनाया गया है। दुर्गा पूजा समिति डुरुआ बाजार अध्यक्ष असीम कुमार बाग के नेतृत्व में पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गयी है। रेलवे कॉलनी में बंगाली रीति रिवाज से पूजा अर्चना की जाती है। यहां बंगाल से आये पुरोहितों के द्वारा पूजन संपन्न कराया जाता है।

### मुसहर परिवार ने बीडीओ को सौंपा आवेदन आधार कार्ड बनवाने की मांग की



बीडीओ को आवेदन सौंपता मुसहर परिवार।

बारियातू। प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत मुख्य मार्ग बरनी पेट्रोल पम्प स्थित निवास करने वाले मुशहर परिवार ने गुरुवार को आवेदन सौंपकर आधार कार्ड बनवाने का आग्रह किया है। आवेदन के माध्यम से बताया है की हमलोग तीस से भी अधिक मुशहर परिवार लगभग 25 वर्षों से कुम्बा मे जीवन बीता रहे हैं। आधार कार्ड नहीं बनने के कारण राशन कार्ड, बैंक खाता सहित किसी तरह का कोई सरकारी लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। वहीं विहिप प्रखंड अध्यक्ष सह समाज सेवी झूलन प्रसाद भगत ने मुशहर परिवार के समस्या से रूबरू कराते हुए समस्या समाधान के लिए निवेदन किया। इसपर बीडीओ कुमारी ने कहा की वर्तमान मे आधार कार्ड बनाने के लिए विभाग से कार्य नहीं हो रहा है परन्तु जिला से बात कर हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। आपको बताते चलें की समाज सेवी झूलन भगत बिते एक वर्ष से मुसहर परिवार की समस्या समाधान हेते प्रशासन को दिमाग केंद्रित करने के लिए प्रयास मे लगे हुए हैं।

### जिला प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पूजा मनाने की अपील

लातेहार। दुर्गा पुजा को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय में जिला प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च एसडीओ परवेज आलम के नेतृत्व में निकाली गई। वहीं सीओ देवाशीष टोप्पो, एसडीपीओ संतोष मिश्र, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, सीआई उदल राम उपस्थित थे। इस दौरान जिला प्रशासन ने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पूजा करने की अपील की। साथ ही लोगों से दुर्गा पुजा के मौके पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, सरकार के निर्देशो का पालन करने, अफवाहों से बचने, संदिग्धों के बारे में पुलिस को सुचना देने समेत सरकार के अन्य दिशा निर्देश को मानने की अपील की गयी। फ्लैग मार्च लातेहार थाना से प्रारंभ होकर मेन रोड, बस स्टैंड, पानी टंकी, बाईपास समेत अन्य जगहों पर भ्रमण किया। मार्च में एसआई दिवाकर धोबी, देवानंद कुमार, गौरव सिंह, राज रौशन सिन्हा समेत शस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



फ्लैग मार्च में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

सरयू। नवनिर्मित सरयू प्रखंड में दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो, जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव के नेतृत्व में सरयू शिव मंदिर से लेकर सरयू नीलांबर पीतांबर चौक होते हुए दुर्गा पंडाल तक प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकला गया। इसी दौरान थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण के साथ मनाएं। उन्होंने लोगों से कहा कि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की अफवाह ना फैलाए, अफवाह से सावधान रहें, किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कटिबंध है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ दशहरा पर्व को मनाएं, पर्व त्यौहार के मौके पर खलल डालने वाले पर प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव ने कहा कि नवनिर्मित प्रखंड में हर वर्ष के भाति इस वर्ष भी शान्ति व सौहार्द पूर्ण के साथ दुर्गा पूजा को मनाया जाएगा, पर्व के मौके पर माहौल खराब करने वाले उपद्रवियों को प्रशासन के द्वारा कड़ी कानूनी करवाई किया जाएगा, आपसी भाईचारे को कायम रखते हुए पर्व को संपन्न किया जाएगा। इस मौके पर पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार पाठक,सुलेमान अंसारी, मृत्युंजय सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एसआर इंटरप्राइजेज का हुआ उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। प्रखंड स्थित राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के आवास मे शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ नन्द कुमार राम, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, समाज सेवी गौतम सिंह, देवनंदन प्रसाद ने फिता काटकर एसआर इंटर प्राइजेज का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पूर्व पंडित जनार्दन पाण्डेय ने विधिवत वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना करवाया। उदघाटन के मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा की इस तरह के इंटर प्राइजेज खुलने से जन मानस को सुविधा मिलेगी। वहीं सीओ नंद कुमार राम ने कहा की इंटर प्राइजेज खुलने से बारियातू प्रखंड वासियों को उपयोगी सामग्री खरीदने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा साथ ही एक दो युवक को रोजगार भी मिल सकता है। इसी तरह क्षेत्र का विकास होना चाहिए। वहीं थानेदार, प्रमुख व उप प्रमुख निशा शाहदेव ने ने भी उपस्थित लोगों के बीच सम्बोधित किया। मौके पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, कैलाश राम,संजय सिंह, लाल आशीष नाथ शाहदेव, नंदू उरांव, सकीन्दर राम सहित कई गन्य मान्य लोग मौजूद थे।

## आनंद मार्ग के विश्वस्तरीय सेवा धर्म मिशन के सचिव ने कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



चंदवा। अमझरिया स्थित डाक बंगला में शुक्रवार को आनंद मार्ग के विश्वस्तरीय सेवा धर्म मिशन के सचिव आचार्य मंत्रजपानंद अवधूत ने कार्यकताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान एसडीएम के भूक्ति प्रधान शशि नंदन, आनंद मार्ग सेवा दल के भूक्ति प्रधान अधिवक्ता सुदर्शन, अधिवक्ता रिंकू, धर्म प्रचार सचिव श्यामसुंदर, वैजयंती देवी रावा सेक्रेटरी, मंजुला देवी आमझरिया यूनिट धर्म प्रचार सेक्रेटरी, भूक्ति प्रधान जनरल भक्त शिवप्रसाद, आचार्य प्रज्ञानंद अवधूत, आचार्य जगतात्मानंद अवधूत, आचार्य सुभद्रानंद अवधूत, आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। आचार्य मंत्रजपानंद अवधूत ने कहा कि भारत देश में जन्म लेने वाले लोग भाग्यशाली लोग हैं। यहां की धरती आध्यात्मिक भाव से तरंगित है, इसी आध्यात्मिक तरंग का एक हिस्सा है आमझरिया, आनंद मार्ग के मानचित्र में विश्व के आकर्षण का केंद्र बनेगा।

## षष्ठी को पर्यावरण धर्म के तहत वन्य प्राणियों को कराया भोजन



लातेहार। पतकी वन क्षेत्र लातेहार में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल पतकी वन क्षेत्र में वन प्राणियों को फलहार भोजन कराया। उन्होंने कहा है कि नवरात्र के छठे दिन पर्यावरण धर्म के छठा मूल मंत्र के तहत छह दिनों से चल रहा प्रकृति कलश यात्रा के तहत वन प्राणियों को फलहार भोजन करा कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा है कि मानवीय भुलो के कारण वन प्राणियों के जहां बसेरा था वहां आज मानव का बसेरा हो गया है। जिससे भगवान के स्वरूप वन प्राणी आज सड़क पर भुख के आतूर में भिखारी की तरह भूख बुझाने के लिए भीख मांगने पर विवश हो गए हैं। उन्होनें कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष लोग नवरात्र में घर-परिवार की खुशहाली व आत्मा की शांति के लिए घर में कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति और प्रदूषण से मुक्ति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी भी देना चाहिए है। तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा की सार्थकता बनी रहेगी तथा समाज में भी अमन चैन व शांति कायम रहेगी। इस अवसर पर सत्य सिंह एवं संतोष प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## दुर्गापूजा समितियों के प्रतिनिधिमंडल को विधायक ने अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मानित

# दुर्गापूजा समितियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

➲ पूजा समितियों के प्रतिनिधिमंडल को सम्मानित कर गौरव महसूस कर रहा हूं : रामचंद्र सिंह

➲ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूजा समितियों का प्रकट किया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता



अंगवस्त्र से सम्मानित कर सहयोग राशि भेंट करते विधायक।

बरवाडीह। मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास पर शुक्रवार को दुगार्पूजा समितियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक ने बरवाडीह प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों से आए समस्त दुगार्पूजा समिति के पदाधिकारियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने पूजा समितियों को दुगार्पूजा के सफल आयोजन को लेकर सहयोग राशि भी दिया और दुगार्पूजा की शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य पूजा समितियों का उत्साह बढ़ाना हैं। उन्होंने पूजा समितियों से अपील करते हुए कहा कि पूजा के आयोजन में किसी प्रकार की परेशानी होने पर वह उनसे संपर्क कर सकते है। आज हम सबके लिए बड़े ही गौरव की बात है कि विभिन्न क्षेत्र से आए पूजा समिति के प्रतिनिधिमंडल को सम्मानित करने का अवसर मिला है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंचमुखी शिव मंदिर पूजा समिति के प्रतिनिधि मण्डल और अन्य पूजा समितियों ने विधायक रामचंद्र सिंह को सपरिवार विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर माता रानी का दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए आमंत्रित किया। वहीं विधायक के आवास पर सभी लोगों के लिए भोजन का प्रबन्ध भी किया गया था। मौके पर वरिष्ट नेता अनिल सिंह, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, युवा नेता विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, अवधेश मेहरा, समाजसेवी शिवानंद तिवारी, मनोज जयसवाल, मुखिया आशीष सिंह, संजय सिंह, नजाम अंसारी, श्रवण सिंह, अजीत गुप्ता, संजय यादव, राजेश वर्मा, दीपक राज, सोनू सिंह, नागेंद्र प्रसाद नागा, पंकज गुप्ता, सिंपी मल्होत्रा, मुकेश कुमार, सुजीत गुप्ता, अमित कुमार, ऋषि राज, रंजित सिंह राणा, राजदीप रिकी, रविंद्र पासवान, राकेश अग्रवाल, प्रेम कुमार अधूरा और राकेश रंजन समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## तीन कोयला तस्कर के साथ तीन टन कोयला जब्त

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना को अपने संपर्क सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर कि बलिया मोड़ से हा हा जोर के बीच एक ट्रक से कोयला उतारा जा रहा है। ललमटिया थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह को निर्देश दिया गया कि अविलंब त्वरित कार्रवाई कर छापेमारी करें। थाना प्रभारी ने सुरक्षा अधिकारी ईसीएल के साथ मिलकर छापे मारी की और तीन कोयला तस्कर के साथ 3 टन कोयला को अपने कब्जे में लिया और सुरक्षा निरीक्षक विनोद टोपनो और दिनेश ओझा के द्वारा दायर किए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर तीनो आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया।

## सड़क को ग्रामीणों ने दो घंटे किया जाम

**अमड़ापाड़ा (पाकुड़ )।** प्रखंड क्षेत्र केपडेरकोला में शुक्रवार को मूलभूत सुविधा नहीं मिलने से परेशान मुचत टोला गांव के ग्रामीणों ने दो घंटे तक साहिबगंज-दुमका मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार पाडेरकोला पंचायत अंतर्गत पाडेरकोला गांव के समीप मुचत टोला गांव के दर्जनों महिला पुरुषों के द्वारा करीब 9:00 बजे से एक्सप्रेस वे सड़क को जाम कर दिया गया। सड़क जाम के कारण आवागमन ठप हो गया जिससे दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई वहीं कड़ी धूप के बीच सड़क जाम में फंसे यात्रीगण परेशान हो गए।

## एसडीओ ने किया पूजा पंडाल का निरीक्षण

**अमड़ापाड़ा (पाकुड़ )।** शुक्रवार को शारदीय नवरात्र में हो रहे माँ दुर्गा की पूजा व्यवस्था और पूजा पंडाल का निरीक्षण करने एसडीओ हरिवंश पंडित, बीडीओ कुमार देवेश द्विवेदी व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव वैष्णवी दुर्गा मंदिर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने सार्वजनिक दुर्गापूजा कमेटी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कमेटी अपने वोलेंटियर तैयार रखें ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का परेशानी नहीं हो। मंदिर में प्रवेश एवं निकासी के लिए महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग लाईन करें। पंडाल में निगरानी हेतु पंडाल में सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था से पदाधिकारी सन्तुष्ट दिखे।

## शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा मनाने को लेकर प्रशासन कृतसंकल्पित

**पाकुड़।** 15 अक्टूबर से दुर्गा पूजा प्रारंभ है, इसे लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक स्वयं ही कई पंडालों का निरीक्षण कर पूजा समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दी है। थानों में सभी समुदाय के लोगों के साथ मिलकर शांति समिति की बैठक भी की गई है।

## बाइक चोरी करते धराया बोकारो का बाइक चोर

**दुमका।** शहर के हदहदिया पुल के समीप भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के समीप शुक्रवार की देर शाम एक गैरेज के बाहर खड़ी बाइक को चोरी करने वाले मोहित कुमार नामक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस मौके पर पहुंची और थाना लेकर चली गई। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## भागवत कथा में श्रीकृष्ण लीलाओं का वर्णन

**हंसडीहा।** नवरात्र महोत्सव को लेकर हंसडीहा के पगवारा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को कथावाचिका पूज्या दिव्या देवी जी (वृंदावन) ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण बाल लीलाओं से सभी का मन मोह लेते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थीं कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो। तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। वहीं भगवान श्रीकृष्ण के जन्म होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है।

# नौकरी लगने के बाद भी जिससे निभाया प्यार, वही बना कातिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**अरवल।** बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार को एक महिला सिपाही की होटल के कमरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पटना जंक्शन से सटे वीणा सिनेमा के पास स्थित होटल मीनाक्षी के कमरा नंबर 303 में सिपाही की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिस कमरे में महिला सिपाही की हत्या की गई है वह जहानाबाद के एक युवक गजेंद्र के नाम से बुक था। बताया जा रहा है कि गजेंद्र ने ही महिला सिपाही की हत्या की है जो कि उसका पति बताया जाता है। मृतका लेडी कांस्टेबल बिहार के ही अरवल जिला की रहने वाली थी। कुर्था के सुरा गांव में उसका पैतृक घर है जहां वो काफी मेहनत के बाद सिपाही में भर्ती हुई थी। आज इस घटना के बाद से उसके परिवार पर दुख का पहाड़ टूट गया है। जब उसकी मौत की खबर घर तक पहुंची तो परिवार पटना पहुंचा। ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका सिपाही ने गजेंद्र से लव मैरिज शादी की थी। शादी के कुछ दिनों तक संबंध बेहतर रहे थे लेकिन हाल के दिनों में उन दोनों के संबंध अच्छे नहीं थे। गजेंद्र कुर्था बाजार में कोचिंग का संचालन करता था तभी महिला सिपाही की उससे आंखें चार हो गई थी। नौकरी लगने के बाद ही उसने गजेंद्र से शादी की थी। इस घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद आरोपी पति फरार बताया जा रहा है। सिपाही की पहचान शोभा कुमारी के रूप में हुई है। युवक ने गुरुवार की रात कमरा बुक कराया था, इसके बाद शुक्रवार की सुबह उससे मिलने महिला सिपाही पहुंची थीं। उसके कुछ देर बाद ही सिपाही के सिर में युवक ने गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। शोभा कुमारी के बारे में बताया जा रहा है कि उसकी पोस्टिंग कैमूर जिला में थी लेकिन राष्ट्रपति के प्रोग्राम को लेकर उसकी ड्यूटी पटना में लगी थी। कमरे खून से लथपथ महिला सिपाही का शव देखकर वहां हड़कंप मच गया। इसके बाद होटल कर्मियों ने आनन-फानन में इसकी सूचना कोतवाली थाने को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंची। मृतका का ससुराल सैदाबाद के परसैना गांव था। उसके पति गजेंद्र ने ही कट्टे से शोभा कुमारी को गोली मारी है। गोली चलने से पहले कमरे में हाथापाई की बात भी कही जा रही है। कमरे में सिंदूर बिखरा हुआ है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किए गए कट्टे को बरामद कर लिया है। पुलिस को होटल के कमरे से मिले बैग में एक पिस्टल भी मिला है। बताया जा रहा है कि पिस्टल सरकारी है। पुलिस पिस्टल पर अंकित नंबर से पता करने की कोशिश कर रही है कि महिला सिपाही कहां तैनात थीं। महिला के पति गजेंद्र कुमार काको थाना क्षेत्र के दमुआ गांव के रहने वाले पूर्व चौकीदार रामाशीष यादव का बेटा है। इस मामले में डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि महिला सिपाही के सिर में नजदीक से गोली मारी गई है। गोली मारने के बाद आरोपी फरार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नवरात्र के छठे दिन माँ कात्यायनी की हुई पूजा अर्चना

**अमड़ापाड़ा (पाकुड़ )।** शारदीय नवरात्र के छठे दिन प्रखण्ड के बासमती, डूमरचिर व स्थानीय बाजार स्थित वैष्णवी माता मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को माता रानी का छठा स्वरूप कात्यायनी माता की पूजा अर्चना किया गया। वहीं वैष्णवी माता मंदिर में आचार्य नागेश मिश्र,आचार्य सुनील मिश्र व यजमान सार्वजनिक दूगार्पूजा समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ बबलू भगत के द्वारा भक्तिमय माहौल में श्रद्धा भाव से विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोउच्चारण कर पूजन किया गया।वही भक्तो ने अहले सुबह से ही दुर्गा मंदिर व शिव मंदिर में पूजा किया एवं फल, फूल, मिष्ठान इत्यादि का भोग लगाया गया। मंदिर में आए भक्तो ने पूजा कर दुर्गा मंदिर में हो रहे चंडी पाठ का श्रवण किया। पाठ होने के बाद आचार्य ने सभी भक्तों को पुष्पांजलि करवाया।भक्तो ने पुष्पाजंलि माता रानी को श्रद्धा भाव से अर्पित किया। माता रानी की आरती की गई आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। वही संध्या 5 बजे से मां दुर्गा का आह्वान बेल बरन पूजा के साथ की गई।

एक नजर में

## अब्दुल आलिम ने गर्भवती महिला को रक्तदान कर बचाई जान

**पाकुड़।** सदर अस्पताल सोनाजोरी मे भर्ती नया बल्लवपुर के 22 वर्षीय मुनियारा खातून जो गर्भवती है इनका इलाज अस्पताल मे चल रहा है डॉक्टर ने खून चढ़ाने को कहा, मुनियारा का ब्लड ग्रुप बी पॉजिटिव है, यातिम परिवार से पेसेंट का कोई रक्तदान करने वाला नहीं है उनकी बड़ी बहन माउनजेरा बीबी ने चांचकी के जगहों पर खून के लिए इधर उधर दौड़ लगती रही मगर कुछ उपय नहीं निकला ।तभी एक दुकानदार ने कहा आपलोग इंसानियत फाउंडेशन के अध्यक्ष बानिज शेख संपर्क करें एवं वे लोग बाईपास अध्यक्ष के दुकान मे आया और अपना समस्या जाहिर किया ।सूचना को समूह मे शेयर करते ही पृथ्वीनगर के समाजसेवी अब्दुल आलिम बिना देरी किये रक्तदान के लिए पाकुड़ रक्त अधिकोष जाकर बी पॉजिटिव रक्तदान किया, तब जाकर युवती का समय इलाज हो पाया अब्दुल आलिम ने कहा मुझे खुशी होता जब किसी जरूरतमंद मेरे द्वारा कुछ सहायता किया जाता है मै स्वस्थ जीवन मे हमेशा यातिम, गरीब परिवार के लोगों के साथ खड़ा हूँ इंसानियत फाउंडेशन जैसा बेहतर संस्था ग्रामीण इलाकों मे नहीं है वे सदस्यों गण लोगों के जान बचाने में न जाने कितने मेहनत करते है सलाम है सभी सदस्यों को, मौके पर कर्मचारी पियूष दास एवं परिजन मौजूद थे।

## 3481 बोतल शराब लावारिस खड़ी पिकअप वैन सहित जब्त

**गोड्डा।** जिले के देवदांड़ थाना में रात्रि गस्ती के दौरान एक पिकअप वैन 3बजे सुबह सुनसान जगह पर खड़ी पाई गई । चेक करने पर उसमे विदेशी शराब की बोतलें कार्टून में रखी गई पाई गई ।थाना द्वारा इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना को दी गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पिक्कअप वैन को जब्त कर शराब की बोतलें गिनती कर मालखाने में जमा करने का आदेश दिया गया ।पिकअप वैन का नंबर इफ21ऋ0392 है। विदेशी शराब ब्लू गोल्ड कंपनी के 180एमएल 3864 और 375एमएल का 17बोतल बरामद किया गया ।उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अज्ञात के विरुद्ध देव डांड थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## कुत्ते के हमले से बच्ची घायल

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत गोरहंद निवासी भगीरथ शर्मा की पांच वर्षीय पुत्री शुक्रवार की सुबह अपने घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान एक कुत्ते ने आकर हमला कर दिया। जिसमें बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों के द्वारा बच्ची को सदर अस्पताल लाया गया, जहां बच्ची का इलाज किया जा रहा है।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तीनतारा निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय सोनू कुमार सिंह पिता अरुण सिंह सुबह नास्ता कर अपने कमरे में सोने गया। शाम को परिजनों के द्वारा दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा नहीं खोलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो युवक फांसी के फंदे से लटका था, जिसके बाद पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना पाकर कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# नवरात्र षष्टी को हुई मां कात्यायनी की पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमका में चारों ओर दुर्गा पूजा का उत्सवी माहौल छा गया है। शुक्रवार को मां के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा की गई। मां के इस स्वरूप की पूजा श्रद्धालुओं द्वारा पूरी निष्ठा के साथ ही गई। दुर्गा मंदिरों एवं पूजा पंडालों में सुबह से ही पुरूष एवं महिला श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मां का यह स्वरूप अमोदा फलदायिनी है। इनकी चार भुजाएं हैं। इनका स्वरूप अत्यन्त भव्य और दिव्य है। इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला है। मां कात्यायनी की भक्ति और उपासना से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष, चारों फलों की प्राप्ति होती है। ऋषि कात्यायन की पुत्री होने के कारण इनका नाम कात्यायनी रखा गया। मां कात्यायनी की पूजा से विवाह संबंधी समस्याएं दूर होती हैं।

### उप राजधानी में छाया दुर्गा पूजा का उत्सवी माहौल

दुमका में दुर्गा पूजा के आयोजन की परंपरा काफी पुरानी है। शहर के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। दुर्गा पूजा समितियों द्वारा दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर दुर्गा मंदिरों एवं पूजा पंडलों में दुर्गा पूजा की तैयारी की जा रही है। जहां सजावट का काम जोर शोर से चल रहा है। साथ ही एक से बढ़कर एक भव्य पंडाल और गेटों का निर्माण तथा आकर्षक विद्युत सज्जा की व्यवस्था की जा रही है।

# सदस्यता अभियान के साथ प्रचार प्रसार जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के द्वारा चलाए जा रहे पार्टी सदस्यता अभियान सह हेमंत सरकार के कार्यों का प्रचार प्रसार अभियान के तहत पोड़ैयाहाट के अंतर्गत लता दिकवानी पंचायत के बालाथर गांव के मांझी थान के पास बैठक की गई। जिसमे प्रखंड पर्वेक्षक मुन्ना भगत प्रखंड सचिव,रामदेव सोरेन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष और जिला कार्य समिति सदस्य मोती राम मुर्मू उपस्थित हुए ।मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय समिती सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मंडल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री मंडल ने कहा आज झारखंड प्रदेश में गांव गरीब की सरकार है,जनता के लिए हेमंत सरकार दर्जनों योजनाओं को धरातल पर उतारा है जिसका लाभ आपको लेना है और पार्टी कारकर्ताओ को लाभ दिलाने में मददगार साबित होना होगा। अगर गांव में किसी कारण किसी का वृद्धा पेंशन नहीं हो रहा है या कोई परेशानी है तो उसे दूर कराते हुए जनता को सरकारी लाभ दिलाना है। प्रखंड सचिव मुन्ना भगत में कहा हेमंत सरकार ने आप गांव गरीब लोगो के लिए 100यूनिट बिजली फ्री दिया है। वही मोती राम मुर्मू ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ लेने बच्चियों को कहा। जो गरीब जनता आवास योजना का लाभ नहीं ले पाए हैं उन्हें अब हेमंत सरकार का तीन कमरे वाला किचन रूम के साथ वाला अबूआ आवास मिलेगा। उपस्थित ग्रामीण में पंचायत के सभी गांवों की उपस्थिति नही होने के कारण पंचायत कमिटी गठन करने के लिए पुनः 22अक्टूबर 2023 को होगा। जिसका जिम्मा मोतीराम मुर्मु, रामदेव सोरेन और बेटका मुर्मू को दिया गया। बैठक में मुख्य रूप ग्रीस मुर्मु, नारायण मुर्मू, महादेव हेंब्रम, देवीलाल मुर्मु, समीर टुडू, संजय बास्की, शिखर मुर्मू, मंगल मुर्मु,सरिता किस्कू, सलोनी हेंब्रम, महेंद्र टुडू, सिरिल हेंब्रम आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### मां कात्यानी का

इस दशक के अंत तक भारत की ट्रेनें दुनिया में किसी से भी देश से पीछे नहीं रहेंगी। भारतीय रेल 100% बिजलीकरण के लक्ष्य से बहुत दूर नहीं है, नमो भारत की शुरुआत हुई है, इससे पहले वंदे भारत के रूप में देश को आधुनिक श्रेणी मिली है। नमो भारत' ट्रेन भविष्य के भारत की झलक प्रस्तुत करती हैं। यह मेड इन इंडिया है।

**उदघाटन और शिलान्यास हम ही करते हैं : मोदी :** मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' (आरआरटीएस) पर देश की पहली नमो भारत' ट्रेन को हरी झंडी दिखायी और घोषणा की कि यह सेवा जल्द ही उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के अनेक शहरों को जोड़ेगी। साथ ही कहा कि जो परियोजना हम शुरू करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम ही करते है। उन्होंने विश्वास जताया कि वह इसका उद्घाटन करने के लिए उपस्थित रहेंगे। समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ ही पश्चिम उत्तर प्रदेश के सांसदों ने भी भाग लिया।

### 16 भुजी मां ..

**छह दिन पाहन पूजा करते हैं :** देउड़ी मंदिर को एकमात्र ऐसा मंदिर भी माना जाता है जहां छह दिन आदिवासी पुजारी (पाहन)अनुष्ठान करते हैं। एक दिन ब्राह्मण पुजारी मां की पूजा करते हैं, जिन्हें मुख्य रूप से पांडा के रूप में जाना जाता है। तामाड़ के दिउरी गांव में स्थित यह धर्मस्थल आदिवासी और हिंदू संस्कृति का अद्भुत संगम है। इस प्राचीन मंदिर का मुख्य आकर्षण मां देवी दुर्गा (काली) की 16 भुजाओं वाली 700 साल पुरानी मूर्ति है। इसे आदिवासी भूमिज-मुंडा समुदाय में माता देवरी दिरि के नाम से जाना जाता है।

करीब दो एकड़ में फैले रांची के इस पुराने मंदिर में यहां भगवान शिव की एक मूर्ति भी है। किंवदंतियों के अनुसार, जिसने भी इस मंदिर की संरचना को बदलने की कोशिश की है, उसे देवताओं के क्रोध का सामना करना पड़ा है और परिणाम भुगतना पड़ा है। मंदिर पर आदिवासी संस्कृति (विशेषकर भूमिज जनजाति) का प्रभाव है। यहां आदिवासी लोग रोजाना पूजा का काम करते हैं। गर्भगृह में मां देउड़ी देवी की मूर्ति है। इस स्थल का नाम भूमिज समुदाय में माता देउड़ी दिरि कहा जाता है। प्राचीन काल से इस स्थल को देउड़ी दिरि कहा जाता था, परन्तु यहां हिन्दूओं के आगमन के बाद से मंदिर के नाम से जाना जाने लगा। यह मंदिर माता देउड़ी देवी का है। देवी अपनी बाहों में धनुष, ढाल, फूल और परम धारण किए हुए हैं। देउड़ी मां की मूर्ति में विभिन्न प्रकार के सोने के गहने हैं।

**कई दंत कथाएं :** इस मंदिर से जुड़ी एक कथा के अनुसार इस मंदिर का निर्माण आदिवासी भूमिज-मुंडा राजा केरा ने करवाया था। ऐसा माना जाता है कि यह मंदिर 700 साल पुराना है और इस मंदिर की स्थापना वर्ष 1300 में सिंहभूम के मुंडा राजा राजा केरा ने की थी। किंवदंतियों के अनुसार, मुंडा राजा ने इस मंदिर की स्थापना की थी, जब वह युद्ध से हारकर लौट रहे थे। उन्होंने इसी स्थान पर इस मंदिर की स्थापना की और देवी देउड़ी के आशीर्वाद से उन्हें अपना राज्य वापस मिल गया। अन्य कथा के अनुसार, चमरू पांडा (ब्राह्मण) इस क्षेत्र के राजा के पास साल में दो बार मिलने आते थे। राजा ने उन्हें पूजा करने के लिए इसी स्थान पर रहने को कहा और वे इस स्थान पर रहने लगे। एक दिन ये ब्राह्मण जंगल में तपस्या कर रहे थे, तभी देवी ने उन्हें दर्शन दिए और कहा कि वह उनसे मिलना चाहती हैं। ब्राह्मणों ने यह घटना राजा को बताई। राजा ने इस मंदिर के क्षेत्र को साफ किया, इस काम के दौरान उन्हें एक काला पत्थर मिला। मजदूर थक कर अपने-अपने घर लौट गए, अगले दिन वे काम करने के लिए आए जब उन्होंने इस स्थान पर एक मंदिर बना देखा। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि यह मंदिर सम्राट अशोक द्वारा बनाया गया था, जब वह कलिंग (अब ओडिशा के रूप में जाना जाता है) के युद्ध अभियान पर थे।

इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। प्राचीन मंदिर के चारों ओर नया मंदिर, जिसके बारे में कहा जाता है कि इसे 1300 ई. में बनाया गया था। मंदिर की नक्काशी का काम ओडिशा के कलाकारों ने किया। प्राचीन मंदिर का निर्माण चाक या बाध्यकारी सामग्री का उपयोग किए बिना पत्थरों को आपस में जोड़कर किया गया था। इस मंदिर के पुजारी नहीं जानते कि यह मंदिर कितना पुराना है।

# किरायेदार निकला हत्यारा, 12 घंटे के अंदर पुलिस ने हत्या के आरोपी को पकड़ा



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिले के महगामा अनुमंडल के ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के खरखोडिया ग्राम के राजेश पोद्दार ने दिनांक 19/10/23 को ठाकुर गंगटी थाना में एक लिखित आवेदन में बताया कि उसकी मां 14/10/23 की रात्रि से गायब है और उसे शक है कि उसकी हत्या कर कही फेक दिया हैं। घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना को मिली। इस कांड की जांच के लिए के लिए महगामा एसडीपीओ शिव शंकर तिवारी के नेतृत्व मैं एक टीस टीम का गठन किया। जांच क्रम में पूरी टीम लगी जिसमे पुलिस निरीक्षक मुकेश पांडे पत्थर गामा प्रभाग ललमटिया, चन्द्र शेखर सिंह ललमटिया, रफीक आलम थाना प्रभारी ठाकुर गांगटी, बलबीर सिंह पुलिस निरीक्षक, बोआरिजोर, नगर थाना गोड्डा, पूरी जाल बिछा कर रोहित कुमार राम उम्र 22वर्ष पिता रामकमल राम ग्राम खानी चक, थाना मेहरमा जिला गोड्डा को गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए उसकी निशानदेही पर एक तालाब से बोरी में बंद मृत अवस्था में वादी की मां संयुक्ता देवी के शव को बरामद कर लिया गया और हत्या मे प्रयुक्त शीशम की एक लकड़ी और वो साइकिल जिस पर लाश को लाद कर तालाब तक ले गया था वो भी बरामद कर लिया गया। हत्या का कारण आरोपी ने बताया कि रात में चोरी करने वो गया घर में लेकिन मृतका ने उसे पहचान लिया और धमकी देने लगी सुबह थाना में इसकी शिकायत करूंगी। इसी भय से उसने लकड़ी के डंडे से मारकर उसकी हत्या कर दी।

# डीसी ने किया समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** शुक्रवार को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति पाकुड़ एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण,जल जीवन मिशन को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पाकुड़ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पीपीटी के माध्यम से कार्यपालक अभियंता के द्वारा बारी-बारी से बिंदुओं को रखते हुए समिति द्वारा प्रस्ताव लिए गए जिसमें प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के निर्माण एवं संचालन संबंधी विस्तृत चर्चा की गई। पंचायत स्तर पर ट्राई साइकिल तथा प्लास्टिक प्रबंधन यूनिट हेतु आवश्यक मशीनों की खरीदारी प्लास्टिक पृथ्कीकारण केंद्र के निर्माण के गोवर्धन योजना के निर्माण एवं संचालन 15 वें वित्त एवं मनरेगा की अभिसरण की राशि से अवयवों के निर्माण जिसमें 15 वें वित्त आयोग से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन हेतु भस्मक के निर्माण प्रवस्थित चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए एवं प्रस्ताव पारित किए गए।

# मिश्र गंगटी में 25 वर्षों से प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा की जाती रही है

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी ( गोड्डा ) प्रखंड मुख्यालय चौक के निकट ही मिश्र गंगटी गांव में बीते 25 वर्षों से लगातार प्रतिमा स्थापित कर चंडी पाठ पूजा कराई जाती है। इस गांव के प्रमुख पुजारी राजीव रंजन झा और अरविंद झा सहित समाजसेवी मयूर शेखर झा आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 25 वर्षों से लगातार इस मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर चंडी पाठ पूजा कराई जाती रही है। इस वर्ष 26वें वर्ष की चंडी पाठ पूजा कराई जा रही है। साथ ही साथ देवी भागवत कथा भी होती है। बताया कि इस मंदिर में चंडी पाठ, देवी भागवत कथा और विभिन्न प्रकार की पूजा विधि विधान से विस्तार पूर्वक होती रही है। यहां के मंदिर के सहयोगी श्रद्धालु और संपूर्ण ग्रामीण विधि विधान से संपूर्ण नियम के अनुसार पूजा पाठ को महत्व देते हैं। बताया कि 25 वर्षों पूर्व खासकर गांव की महिलाओं और बच्चों को दूसरे गांव में पूजा करने जाने में कठिनाई होती थी। इस कठिनाई के मद्देनजर गांव वालों ने एकाएक मन बनाया और काली मंदिर परिसर में ही दुर्गा मंदिर का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित करते हुए चंडी पाठ पूजा देवी भागवत कथा कराना शुरू किया। गांव के करीब 50% से अधिक निवासी नवरात्र के उपासक रहते हैं। दर्जनों घरों के पति-पत्नी की जोड़ी नवरात्र के उपासना करते हैं। बड़ी आस्था विश्वास, भक्ति भावना, संपूर्ण नियम के साथ सभी श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचते हैं। पूजा पाठ करते हैं चंडी पाठ सुनते हैं और संध्या के समय आरती गायन में भी भाग लेते हैं। इस मंदिर के संध्या आरती की भी बहुत बड़ी मानता है। संध्या आरती में भी सभी श्रद्धालु निश्चित रूप से उपस्थित हो ही जाते हैं। बिहार राज्य के बांका जिले के बौसी मंदारहिल के निकट गुरुधाम के प्रचलित पंडित पुरोहित राजेश झा चंडी पाठ करते हैं। शुरू से इस मंदिर में गुरु धाम से ही पुरोहित को बुलाया जाता है। प्रतिदिन चंडी पाठ के साथ-साथ देवी भागवत कथा भी होती है। प्रत्येक वर्ष का यह नियम बन गया है की चंडी पाठ के साथ-साथ देवी भागवत कथा भी निश्चित रूप से होती रही है। दूर दराज नौकरी पेसे करने वाले लोग भी गांव पहुंच चुके हैं। सबों के मन में काफी हरसोलश बनी हुई है। राजीव रंजन झा, अरविंदकांत झा, मयूर शेखर झा, सुनील मिश्र, सुमित कुमार झा सहित निकटवर्ती सभी ग्रामीण श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं। करीब ?200000 खर्च का अनुमान लगाया जा रहा है। यहां अधिक भीड़ भाड़ वाला मेला नहीं लगने के कारण सी सी टी वी कैमरा की कोई खास आवश्यकता नहीं होती है। बताया की आवश्यकता के अनुसार सी सी टी वी कैमरा भी लगाया जा सकता है। ग्रामीण नवयुवक ही स्वयंसेवक के रूप में सभी कार्यों को संभालते हैं। गांव के जितने भी बुजुर्ग हैं सभी सलाहकार के रूप में नई पीढ़ी को हमेशा सलाह देते रहते हैं।

स्पीड न्यूज

## पाक में मुठभेड़, आठ आतंकवादी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान की सीमा के पास अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में चार सैनिकों की मौत हो गई। इस मुठभेड़ में आठ आतंकवादी भी मारे गए। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के हवाले से यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा है कि यह मुठभेड़ खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जनजातीय जिले के गेरियम इलाके में हुई। कुख्यात आतंकवादी हजरत जमान उर्फ ख्वारे मुल्ला भी मारा गया। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकवादियों ने नौशेरा जिले में एक पुलिस दल पर हमला किया। इस दौरान जवाबी गोलीबारी में भी दो आतंकवादी मारे गए।

## निठारी कांड का आरोपी मोनिंदर पंढेर जेल से रिहा

**नोएडा।** निठारी हत्याकांड के आरोपी मोनिंदर सिंह पंढेर को शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा की लुक्सर जेल से रिहा कर दिया गया। इस मामले में पंढेर को तीन दिन पहले उच्च न्यायालय ने बरी किया था। जेल से रिहा होने के बाद 65 वर्षीय कारोबारी पंढेर एक गाड़ी में बैठा और बिना किसी से बात किए चला गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.15 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 1.15 अरब डॉलर बढ़कर 585.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले कई सप्ताह से मुद्रा भंडार में गिरावट आ रही थी। पिछले सप्ताह देश का कुल मुद्रा भंडार 2.17 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 584.74 अरब डॉलर रह गया था।

## कनाडा ने भारत से 41 राजनयिकों को बुलाया

**टोरंटो।** कनाडा में एक सिख अलगाववादी की हत्या के बाद जारी राजनयिक विवाद के बीच, विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा है कि कनाडा ने भारत से 41 राजनयिकों को शुक्रवार तक उनकी राजनयिक छूट वापस लिये जाने की धमकी के बाद वापस बुला लिया है। कनाडा ने यह भी घोषणा की है कि वह चंडीगढ़, मुंबई और बेंगलुरु में अपने वाणिज्य दूतावासों में सभी व्यक्तिगत सेवाओं पर रोक लगायेगा और भारत में रहने वाले सभी कनाडाई लोगों को नई दिल्ली स्थित उच्चायोग में भेजने का निर्देश दे रहा है।

## चक्रवात तेज से गुजरात में असर नहीं : आइएमडी

**अहमदाबाद।** दक्षिण पश्चिम अरब सागर से उठ रहे चक्रवाती तूफान का गुजरात पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। आईएमडी ने इससे पहले एक बयान में कहा था कि दक्षिण पूर्व और दक्षिण पश्चिम अरब सागर में निम्नदबाव का क्षेत्र बना है और 21 अक्टूबर सुबह तक उसके चक्रवाती तूफान का रूप लेने की आशंका है।

## नायडू की जमानत पर नौ को सुनवाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने फाइबरनेट कथित घोटाला मामले में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व तेलुगू देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई नौ नवंबर तक के लिए टाल दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने शुक्रवार को श्री नायडू की गिरफ्तारी पर भी तब (नौ नवंबर) तक रोक लगा दी। श्री नायडू की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा की अंतरिम राहत की गुहार पर शीर्ष अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि गिरफ्तारी के खिलाफ आंध्र प्रदेश सरकार के मौखिक आश्वासन को तब तक (नौ नवंबर) जारी रहने दें।

# गाजा में हमास के 100 ठिकाने ध्वस्त

## इजराइली सेना ने गाजा पर रात भर दागी मिसाइलें, कई आतंकी ढेर

एजेंसी

तेल अवीव। इजराइली सुरक्षा बलों ने गुरुवार रात भर हमास के ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। हमास के 100 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाकर उसके हथियारबंद आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। इस बीच हमास के हमले में मारे गए आठ थाई नागरिकों के शव बैंकॉक पहुंच गए हैं। इस युद्ध में हमास के समर्थन में हिजबुल्लाह के बाद अब यमन का हूथी भी कूद गया है। इजराइल सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि सेना ने रातभर हमास और हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया। इस हमले में लेबनान में मौजूद हिजबुल्लाह का एक आतंकवादी मारा गया। इसके अलावा सुरक्षा बलों ने गाजा में पूरी रात 100 से अधिक हमास के ठिकानों पर हमला किया। हमले में बड़ी संख्या में हमास के आतंकवादी मारे गए। उधर, गाजा पर मचे घमासान के बीच इराक में अमेरिकी ठिकानों को निशाना

**इजराइल ने लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्र खाली करने का दिया आदेश**

बनाकर दो नए ड्रोन हमले किए जाने का दावा किया गया । एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल में हमास हमले में मारे गए आठ थाई नागरिकों के शव बैंकॉक पहुंच गए हैं। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में यमन में ईरान समर्थित हूथी भी सक्रिय हो गया है। हूथी ने इजराइल को निशाना बनाते हुए कुछ मिसाइलें दागीं, जिन्हें अमेरिका ने गुरुवार को लाल सागर में निष्क्रिय कर दिया। पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने बताया कि जमीन पर हमला करने वाली तीन क्रूज मिसाइलों और कई ड्रोनों को एक विध्वंसक के जरिये रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन के आदेश पर अमेरिकी सैन्य जहाज यूएसएस कार्नी लाल सागर में गश्त कर रहा है। यह जहाज गाजा पट्टी में इजराइल और हमास



आतंकवादी समूह के बीच युद्ध की स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

इजराइल ने लेबनानी सीमा के निकटवर्ती उत्तरी शहर किर्यत शमोना से अपने निवासियों को निकालने का आदेश दिया है। चूंकि वह गाजा पर पूरी तरह से कब्जे के करीब पहुंचता हुआ दिखाई दे रहा है। उधर, मिस्र के रास्ते खाद्यान्न और दवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय सहायता का इंतजार कर रहे गाजा के बाशिंदों को एक और रात बमबारी के साये में गुजारनी पड़ी। इसके साथ ही गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 4000 हो गई है। इजराइल के रक्षा मंत्रालय और इजराइल रक्षा बलों ने शुक्रवार को लेबनान सीमा के निकटवर्ती उत्तरी शहर किर्यत शमोना को खाली करने के लिए कहा है। यह निकासी आदेश रक्षा मंत्री योव गैलेंट की मंजूरी के बाद इस आशंका के बीच आया है कि इजराइल-हमास युद्ध संघर्ष में बदल सकता है। ईरान समर्थित आतंकी समूह हिजबुल्लाह के गढ़ उत्तरी इजराइल और दक्षिणी लेबनान के बीच गोलाबारी तेज हो गई है।

### गाजा में 900 साल पुराने चर्च पर हमला

14वें दिन गाजा में मौजूद सबसे पुरानी ग्रीक ऑर्थोडॉक्स सेंट पोर्फिरियस चर्च पर हमला किया गया। हमास ने इसका आरोप इजरायल पर लगाया है। हमास की अगुवाई वाले फिलिस्तीनी प्रवक्ता ने बताया कि कई लोगों के शव मलबे में फंसे हुए हैं और हमले में करीब 8 लोग घायल हुए हैं। गाजा का यह चर्च करीब 900 साल पुराना था। यह 1150 के दशक में बना था।11 अक्टूबर को हमास के इजरायल पर हमले के बाद शुरू हुई जंग से बचने के लिए यहां कई मुस्लिमों और ईसाइयों ने पनाह ले रखी थी।

## हमास व रूस लोकतंत्र के दुश्मन : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और रूस को लोकतंत्र का दुश्मन बताया। उन्होंने कहा कि हमास और रूस दोनों लोकतंत्र को नष्ट करने पर तुले हैं। बाइडन ने यूक्रेन और इजराइल को अमेरिका के हितों के लिए महत्वपूर्ण बताया और दोनों देशों को सहायता देने पर बात की। बाइडन ने कहा कि हमास और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अलग-अलग खतरों का प्रतिनिधित्व करते हैं। मगर दोनों की मंशा एक है। दोनों अपने पड़ोसी लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं। बाइडन ने कहा कि अमेरिका महान राष्ट्र के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है। अमेरिका हमास जैसे आतंकवादियों और पुतिन जैसे तानाशाहों को जीतने नहीं दे सकता। बाइडन ने कहा उनके लिए बंधक बनाए गए अमेरिकियों की सुरक्षा से बढ़कर कोई प्राथमिकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने फिलिस्तीन प्राधिकरण के राष्ट्रपति अब्बास से भी बात की और दोहराया कि अमेरिका फिलिस्तीनी लोगों के सम्मान और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए प्रतिबद्ध है।

# मनरेगा के लिए धन की कोई कमी नहीं : गिरिराज

## कहा- दो करोड़ दीदियां बनेंगी लखपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में धन की कोई कमी नहीं है। यह योजना डिमांड आधारित है। हम जितना वित्त मंत्रालय से मांगते हैं उतना हमें उपलब्ध करा दिया जाता है। गिरिराज ने शुक्रवार को ग्रामीण विकास मंत्रालय की 9 वर्षों की उपलब्धियों पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस मनरेगा को लेकर भ्रम फैलाने का काम करती है, लेकिन इस योजना को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है और धन की कोई कमी नहीं है। सिंह ने कहा कि बीते 09 वर्षों में गांव, किसान, मजदूर के हित में मोदी सरकार ने काम किया है। इसका असर जमीन पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका



मिशन के तहत कुल 7.33 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) में शामिल किया गया है। बैंकों की ओर से स्वयं सहायता समूहों को वितरित ऋण की राशि 7.22 लाख करोड़ से अधिक है। यह प्रशंसनीय है कि 2014 के बाद से गैर निष्पादित परिसंपत्तियों का प्रतिशत घटकर 1.88 फीसदी हो गया है। सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दिसंबर महीने तक हम 10 करोड़ एसएचजी दीदियों तक पहुंचे और कम से कम 02 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पिछले 09 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में 3.21 करोड़ घर पूरे किए जा चुके हैं। इन पिछले 09 वर्षों में लाभार्थियों को घर निर्माण के लिए कुल 2.48 लाख करोड़ की सहायता प्रदान की गई। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुल 7.44 लाख किलोमीटर लंबाई की सड़क पूरी हो चुकी है और 1.62 लाख से अधिक ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसम वाली सड़कों से जोड़ा गया है। मनरेगा के तहत, पिछले 09 वर्षों के दौरान कुल 2,644 करोड़ व्यक्ति दिवस सृजित किए गए हैं और 6.63 लाख करोड़ से अधिक केंद्रीय हिस्सेदारी के रूप में जारी किए गए हैं।

## गगनयान का अहम परीक्षण आज हरिकोटा से क्रू मॉड्यूल भरेगा उड़ान

**श्रीहरिकोटा (आंध्रप्रदेश)** । शनिवार को एकल-चरण तरल रॉकेट के प्रक्षेपण के जरिए पहले क्रू मॉड्यूल परीक्षण के साथ ही इसरो अपने महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान की यात्रा को रफ्तार देगा। यह परीक्षण अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए मनुष्यों को 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है.इसरो के अन्य मिशन से इतर अंतरिक्ष एजेंसी अपने परीक्षण वाहन एकल चरण वाले तरल रॉकेट (टीवी-डी1) के सफल प्रक्षेपण का प्रयास करेगी, जिसे 21 अक्टूबर को सुबह आठ बजे इस स्पेसपोर्ट के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरने के लिए निर्धारित किया गया है। इस क्रू मॉड्यूल के साथ परीक्षण वाहन मिशन समग्र गगनयान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि उड़ान परीक्षण के लिए लगभग पूरी प्रणाली एकीकृत है.इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष योग्यता परीक्षणों और मानवरहित मिशनों के लिए मंच तैयार करेगी, जिससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहला गगनयान कार्यक्रम शुरू होगा, जिसके 2025 में अमल में आने की उम्मीद है। इसमें क्रू इंटरफेस, जीवन रक्षक प्रणाली, वैमानिकी और गति में कमी से जुड़ी प्रणाली मौजूद हैं। नीचे आने से लेकर उतरने तक के दौरान चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे पुनः प्रवेश के लिए भी डिजाइन किया गया है। चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित श्रीहरिकोटा में प्रक्षेपण परिसर में एकीकृत किए जाने से पहले क्रू मॉड्यूल को इसरो केंद्रों में विभिन्न परीक्षण से गुजरना पड़ा। संपूर्ण परीक्षण उड़ान कार्यक्रम संक्षिप्त होने की उम्मीद है क्योंकि टीवी-डी1 क्रू एस्केप सिस्टम और क्रू मॉड्यूल को 17 किमी की ऊंचाई पर प्रक्षेपित करेगा।

## कात्यायनी स्वरूपा मां विंध्यवासिनी की झलक देख श्रद्धालु हुए निहाल



**मीरजापुर।** शारदीय नवरात्र के षष्ठी तिथि पर शुक्रवार को मां विंध्यवासिनी के दर्शन को आस्थानों का हुजूम उमड़ पड़ा। ऊॅं कात्यायनी महामाये महायोगिन्यधीश्वरि, नंदगोपसुतम् देवि पतिम् मे कुरुते नमः मंत्रोच्चारण से विंध्यधाम गूंजायमान रहा। कात्यायनी स्वरूपा मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया। भक्तों ने विंध्य पर्वत पर विराजमान मां अष्टभुजा व मां काली का भी दर्शन कर त्रिकोण परिक्रमा की। भोर की मंगला आरती के बाद से ही शुरू हुआ दर्शन-पूजन का दौर अनवरत चलता रहा। घंटा-घड़ियाल, शंख, नगाड़े की धुन के बीच भक्त मां विंध्यवासिनी के जयकारे लगाते रहे। पक्काघाट, दीवानघाट, गुदाराघाट समेत अन्य घाटों पर स्नान-ध्यान करने के बाद मंदिर की ओर बढ़े। नारियल, चुनरी, माला-फूल प्रसाद के साथ कतारबद्ध श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे।

# दिल्ली में दोस्ती, राज्यों में कुश्ती

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा के बीच चल रही तकरार पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तंज कसा है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि आईएनडीआईए अजीब गठबंधन है, दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती। अखिलेश यादव चिरकुट जैसे शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं, इससे उनकी मन की स्थिति समझी जा सकती है। मुख्यमंत्री चौहान ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि अखिलेश यादव ने बताया है कि कांग्रेस ने उन्हें और सपा को एक साल तक धोखे में रखा। बातें करते रहे और बाद में धोखा दे दिया। उनके कार्यकर्ता रातभर जागे, उन्हें

**▸▸ कांग्रेस-सपा की तकरार पर शिवराज ने कसा तंज**



बैठाया। उन्होंने चिरकुट जैसे जिन शब्दों का प्रयोग किया है, इससे उनके मन की स्थिति समझी जा सकती है कि कांग्रेस ने कितना धोखा दिया है। चौहान ने कहा कि जिस दिन आईएनडीआईए गठबंधन बना था, हमने कह दिया था कि यह बेमेल गठबंधन है, इनमें न लोगों के विचार एक हैं और न दिल एक हैं। केवल प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता से घबरा कर यह बेमेल गठबंधन बना था, जो बनने के पहले ही टूट रहा है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन ने मध्य प्रदेश में रैली तय की थी, लेकिन कमलनाथ ने इसे रद्द करवा दिया। उन्होंने यहां घुसने से भी मना कर दिया। यह अजीब गठबंधन है, दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती, ऐसा कहीं होता है क्या। चौहान ने कहा कि कांग्रेस आपस में ही धोखा दे रही है। अब मध्य प्रदेश में ही देख लीजिए। कांग्रेस लड़ रही है, सपा लड़ रही है, आम आप बाहें चढ़ा कर सामने खड़ी है, ये काहे का गठबंधन है। जब आज ही इस गठबंधन की यह स्थिति है, आपस में लड़ रहे हैं तो इनके हाथों में प्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित होगा।

## अदा शर्मा की फिल्म 'द नक्सल स्टोरी' की शूटिंग शुरू, पांच अप्रैल को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा की फिल्म द नक्सल स्टोरी की शूटिंग शुरू हो गयी है। अदा शर्मा अंतिम बार सुपरहिट फिल्म 'द केरल स्टोरी' में नजर आयी थी। अदा शर्मा ने एक बार फिर 'द केरल स्टोरी' के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह और निर्देशक सुदीप्तो सेन के साथ काम कर रही हैं। फिल्म द नक्सल स्टोरी की शूटिंग शुरू हो गयी है।

फिल्म की शूटिंग के दौरान अदा शर्मा मिलिट्री पैंट, एक काली कमांडो टी-शर्ट और एक कमांडो जैसा बंधना पहनें दिखाई दे रही थीं। द नक्सल स्टोरी सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया जाएगा । यह फिल्म 05 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी।



Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX ZOOM CASIO PAiSTe Fender
MAPEX Gibson ESP DigiTech Pluto KORG M-AUDIO Ibanez
SoundX Zildjian Roland Studiomaster Hertz Epiphone GRANADA Cort
Givson stranger TAMA
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

# नौसेना को मिला स्वदेशी मिसाइल डिस्ट्रॉयर जंगी जहाज 'इंफाल'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना को शुक्रवार को मुंबई के मझगांव शिपबिल्डर्स से पी-15बी क्लास स्टील्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर का तीसरा युद्धपोत इंफाल मिल गया। यह नौसेना के लिए बनाए जा रहे 4 जहाजों में से तीसरा है, जिसे जल्द ही नौसैनिक बेड़े में शामिल करने से भारत की समुद्री ताकत बढ़ेगी। प्रोजेक्ट 15बी के तहत तैयार किया गया तीसरा जंगी जहाज इंफाल पहली बार इसी साल अप्रैल में समुद्री परीक्षण के लिए रवाना किया गया था। विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक के तीसरे जहाज आईएनएस इंफाल का निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया है। जहाज के निर्माण की आधारशिला




19 मई 2017 को रखी गई थी और इसे 20 अप्रैल 2019 को मुंबई के मझगांव डॉक लिमिटेड में लॉन्च किया गया था। इस जहाज का नाम द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इंफाल की लड़ाई लड़ने वाले भारतीय सैनिकों की मान्यता में रखा गया है। यह भारतीय नौसेना का पहला जहाज है, जिसका नाम पूर्वोत्तर भारत के एक शहर के नाम पर रखा गया है। नौसेना के प्रोजेक्ट 15बी श्रेणी के तहत तैयार किया गया और राडार से बचने में सक्षम तीसरा स्वदेशी विध्वंसक युद्धपोत इंफाल इसी साल 28 अप्रैल को परीक्षण के लिए पहली बार समुद्र में रवाना किया गया। युद्धपोत इंफाल को कई विशिष्ट तकनीकों तथा उच्च स्वदेशी सामग्री से लैस किया गया है। इसे नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। इंफाल को अब तक का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत विध्वंसक युद्धपोत होने का अनूठा गौरव प्राप्त होगा। युद्धपोत इंफाल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और मणिपुर राज्य के लिए महत्वपूर्ण होगा। नौसेना के मुताबिक इस जहाज को मौजूदा वर्ष के अंत तक बेड़े में शामिल करने की योजना है। इंफाल नौसेना की लड़ाकू क्षमताओं में महत्वपूर्ण माध्यम से वृद्धि करेगा। इसके पहले आईएनएस मोरमुगाओ को दिसंबर 2022 में तथा प्रोजेक्ट-75 की पनडुब्बी वगीर को जनवरी 2023 में कमीशनिंग किया गया है।

इंफाल के समुद्री परीक्षणों की शुरूआत सशक्त, आधुनिक एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मझगांव डॉक लिमिटेड के निरंतर योगदान में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर रही है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# दिव्यता को हर रूप में पहचानना है नवरात्रि



**श्री श्रीरवि शंकर**

**नव के** दो अर्थ हैं - नया एवं नौ। रात्रि का अर्थ है रात , जो हमें आराम और शांति देती है। यह नौ दिन समय है स्वयं के स्वरूप को पहचानने का और अपने स्रोत की ओर वापस जाने का। इस परिवर्तन के काल में प्रकृति पुराने को त्याग कर फिर से वसंत काल में नया रूप धरती है। जैसे नवजात जन्म लेने से पहले मां के गर्भ में नौ महीने व्यतीत करता है उसी तरह एक साधक भी इन नौ दिनों और रातों में उपवास , प्रार्थना , मौन और ध्यान के द्वारा अपने सच्चे स्रोत की ओर वापस आता है। रात्रि जीवन को फिर से ऊजार्वान करती है।

नवरात्रि तीनों स्तर पर राहत देती है - स्थूल , सूक्ष्म और कारण। उपवास शारीर को पवित्र करता है , जबकि मौन वाणी को पवित्र करते हुए बेचैन मन को शांत करता है। ध्यान साधक को अपने अस्तित्व की ओर ले जाता है। इन नौ दिनों के दौरान मन को दिव्य चेतना में लिप्त रखना चाहिए। अपने अंदर ये जिज्ञासा जगाओ - मेरा जन्म कैसे हुआ ? मेरा स्रोत क्या है ? ऐसे में हम सृजनात्मक और विजयी बनते हैं। जब नकारात्मक शक्तियां तुम्हारे मन को घेरती हैं तो वह विचलित रहता है और तुम शिकायत करते हो। राग , द्वेष , अनिश्चितता और भय नकारात्मक शक्तियां है। इनसे राहत पाने के लिए अपने अंदर ऊर्जा के स्रोत में वापस जाएं। यही शक्ति है। नवरात्रि के पहले तीन दिन दुर्गा देवी की अराधना होती है - जो वीर्य और आत्मविश्वास की प्रतीक हैं। उसके बाद के तीन दिन लक्ष्मी देवी के लिए हैं - जो धन - धान्य की प्रतीक हैं। अंत के तीन दिन सरस्वती देवी के लिए हैं - जो ज्ञान की प्रतीक हैं।

ऐसी कथाएं है कि कैसे मां दिव्य रूप में अवतरित होकर मधु व कैटभ , शुम्भ व निशुम्भ और महिषासुर जैसे अनेक असुरों का वध कर शांति और सत्य की स्थापना करती हैं। ये असुर नकारात्मक शक्तियों के प्रतीक हैं जो कभी भी और किसी को भी अपने वश में कर सकती है। ये असुर कौन है ? मधु राग है और कैटभ का अर्थ है द्वेष। प्राय : हमारा व्यवहार हमारे नियंत्रण में नहीं रहता। वह आनुवंशिक ( जेनेटिक ) है। रक्तबीजासुर का अर्थ है गहरी समायी हुई नकारात्मकता और वासनाएं। महिषासुर का अर्थ है जड़ता - एक भैंस की तरह। महिषासुर भारीपन और जड़त्व का प्रतीक है। दैवी शक्ति ऊर्जा लेकर आती है और जड़ता को उखाड़ फेंकती है। शुम्भ - निशुम्भ का अर्थ है सब पर संशय। खुद पर संशय शुम्भ है। कुछ लोग खुद पर संशय करते हैं - क्या मैं सही हूं ? क्या मैं सच में समर्पित हूं ? क्या मुझमें बुद्धिमत्ता है ? क्या मैं यह कर सकता हूं ? निशुम्भ का अर्थ है अपने आस पास सब पर संशय करना। नवरात्रि आत्मा और प्राण का उत्सव है। यही असुरों का नाश कर सकती है।

इन नौ दिनों में तीन - तीन दिन तीन गुणों के अनुरूप हैं - तमस , रजस और सत्व। हमारा जीवन इन पर ही चलता है। हमारी चेतना तमस और रजस के बीच बहते हुए अंत के तीन दिनों मैं सत्व गुण में प्रस्फुटित होती है। इन तीन आदि गुणों को इस देदीप्यमान ब्रह्माण्ड की नारी शक्ति माना गया है। नवरात्रि के दौरान मातृ रूपी दिव्यता की आराधना से हम तीनों गुणों को संतुलित करके सत्व की वृद्धि करते हैं। इससे विजय मिलती है। इन नौ पवित्र दिनों में बहुत से यज्ञ किये जाते हैं। हम इनके मतलब न भी समझें , फिर भी आंखें बंद रख बैठे हुए अपने ह्रदय और मन को खुला रख कर इनकी तरंगों को महसूस करें। अनुष्ठानों के साथ मंत्रोच्चारण पवित्रता लाता है। इससे चेतना विकास करती है और पूरी सृष्टि जीवित हो उठती है। मातृ रूपी दिव्यता या पवित्र चेतना ही सभी रूपों में समायी हुई है। एक दिव्यता को सब रूप और नाम में पहचानना ही नवरात्रि का उत्सव है। नवरात्रि के अंत पर हम विजयदशमी का उत्सव मनाते हैं। यह दिन जागी हुई दिव्य चेतना में परिणित होने का है। अपने आप को धन्य महसूस करें और जीवन में जो कुछ भी मिला है उसके लिए और भी कृतज्ञता महसूस करें।

# नवरात्रि मनाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है?

**जग्गी बासुदेव**

**नवरात्रि मनाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है ?**

सद्गुरु : स्त्री शक्ति की पूजा धरती पर पूजा का सबसे रूप है। सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि यूरोप, अरेबिया और अफ्रीका के बड़े हिस्सों में स्त्री शक्ति की पूजा होती थी। दुर्भाग्यवश, पश्चिम में कथित मूर्तिपूजा और एक से ज्यादा देवों की पूजा के सभी नामोनिशान मिटाने के लिए देवी मंदिरों को मिट्टी में मिला दिया गया।

दुनिया के बाकी हिस्सों में भी यही हाल हुआ। भारत इकलौती ऐसी संस्कृति है, जिसने स्त्री शक्ति की पूजा को जारी रखा है। इसी संस्कृति ने हमें अपनी जरूरतों के मुताबिक अपनी देवियां खुद गढ़ने की आजादी भी दी। प्राण प्रतिष्ठा के विज्ञान ने हर गांव को अपनी विशिष्ट स्थानीय जरूरतों के अनुसार अपना मंदिर बनाने में समर्थ बनाया। दक्षिण भारत के हर गांव में आपको आज भी अम्मन (अम्मा) या देवी के मंदिर मिलेंगे।

## लुप्त होती स्त्री शक्ति का संकट

को लगता है कि उन्हें पुरुषों की तरह बनना चाहिए क्योंकि वे पौरुष को शक्ति का प्रतीक मानती हैं। अगर स्त्री शक्ति नष्ट हो गई, तो जीवन की सभी सुंदर, सौम्य, सहज और पोषणकारी प्रवृत्तियां लुप्त हो जाएंगी। जीवन की अग्नि हमेशा के लिए नष्ट हो जाएगी। यह बहुत बड़ा नुकसान है, जिसकी भरपाई करना आसान नहीं होगा।

आधुनिक शिक्षा का एक दुर्भाग्यपूर्ण नतीजा यह है कि हम अपनी तर्कशक्ति पर खरा न उतरने वाली हर चीज को नष्ट कर देना चाहते हैं। पुरुष-प्रधान हो जाने के कारण इस देश में भी देवी पूजा बड़े पैमाने पर गोपनीय तरीके से की जाती है। अधिकांश देवी मंदिरों में मुख्य पूजा बस कुछ ही पुजारियों द्वारा की जाती है। मगर इसकी जड़ें इतनी गहरी हैं कि इसे पूरी तरह नष्ट नहीं किया जा सकता।

## नवरात्रि का उत्सव

नवरात्रि का उत्सव ईश्वर के स्त्री रूप को समर्पित है। दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती स्त्री-शक्ति यानी स्त्रैण के तीन आयामों के प्रतीक हैं। वे धरती, सूर्य और है। पहले तीन दिन दुर्गा, अगले तीन दिन लक्ष्मी और आखिरी तीन दिन सरस्वती को समर्पित हैं। विजयदशमी का दसवां दिन जीवन के इन तीनों पहलुओं पर जीत को दशार्ता है।

यह सिर्फ प्रतीकात्मक ही नहीं है, बल्कि ऊर्जा के स्तर पर भी सत्य है। इंसान के रूप में में हम धरती से निकलते हैं और सक्रिय होते हैं। कुछ समय बाद, हम फिर से जड़ता की स्थिति में चले जाते हैं। सिर्फ व्यक्ति के रूप में हमारे साथ ऐसा नहीं होता, बल्कि तारामंडलों और पूरे ब्रह्मांड के साथ ऐसा हो रहा है। ब्रह्मांड जड़ता की स्थिति से निकल कर सक्रिय होता है और फिर जड़ता की अवस्था में चला जाता है। बस हमारे अंदर इस चक्र को तोड़ने की क्षमता है। इंसान के जीवन और खुशहाली के लिए देवी के पहले दो आयामों की जरूरत होती है। तीसरा परे जाने की इच्छा है। अगर आपको सरस्वती को अपने भीतर उतारना है, तो आपको प्रयास करना होगा। वरना आप उन तक नहीं पहुंच सकते।

## नवरात्रि मनाने का सबसे अच्छा तरीका



आजकल पुरुष शक्ति समाज में सिर्फ इसलिए महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि हमने अपने जीवन में गुजर-बसर की प्रक्रिया को सबसे अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। सौंदर्य या नृत्य-संगीत, प्रेम, दिव्यता या ध्यान की बजाय अर्थशास्त्र हमारे जीवन की प्रेरक शक्ति बन गया है।

जब अर्थशास्त्र हावी हो जाता है और जीवन के गूढ़ तथा सूक्ष्म पहलुओं को अनदेखा कर दिया जाता है, तो पौरुष कुदरती तौर पर प्रभावी हो जाता है। ऐसी दुनिया में स्त्री शक्ति की अधीनता स्वाभाविक है। इससे भी बड़ा संकट यह है कि बहुत सी स्त्रियों

चंद्रमा या तमस (जड़ता), रजस (सक्रियता, जोश) और सत्व (परे जाना, ज्ञान, शुद्धता) के प्रतीक हैं।

जो लोग शक्ति या ताकत चाहते हैं, वे धरती मां या दुर्गा या काली जैसे स्त्रैण रूपों की आराधना करते हैं। धन-दौलत, जोश या भौतिक सौगातों की इच्छा रखने वाले लोग लक्ष्मी या सूर्य की आराधना करते हैं। ज्ञान, विलीन होने या नश्वर शरीर की सीमाओं से परे जाने की इच्छा रखने वाले लोग सरस्वती या चंद्रमा की पूजा करते हैं।

नवरात्रि के नौ दिनों को इन्हीं मूल गुणों के आधार पर बांटा गया

नवरात्रि मनाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है झ इसे उत्सव की भावना के साथ मनाया जाना चाहिए। जीवन का रहस्य यही है झ गंभीर न होते हुए भी पूरी तरह शामिल होना।

पारंपरिक रूप से देवी पूजा करने वाली संस्कृतियां जानती थीं कि अस्तित्व में बहुत कुछ ऐसा है, जिसे कभी समझा नहीं जा सकता। आप उसका आनंद उठा सकते हैं, उसकी सुंदरता का उत्सव मना सकते हैं, मगर कभी उसे समझ नहीं सकते। जीवन एक रहस्य है और हमेशा रहेगा। नवरात्रि का उत्सव इसी मूलभूत ज्ञान पर आधारित है।

# मां दुर्गा की दस भुजाओं में मौजूद अस्त्रों और शस्त्रों का आध्यात्मिक

**तमन्ना जटवानी**

**जानिए देवी दुर्गा की दस भुजाओं में मौजूद अस्त्रों और शस्त्रों का आध्यात्मिक महत्व क्या है**

पौराणिक कथाओं में देवी दुर्गा के 10 हाथ दिखाए गए हैं और उन सभी में 10 अस्त्र और शस्त्र मौजूद हैं। क्या आप इन सभी के आध्यात्मिक महत्व या आध्यात्मिक अर्थ को समझते हैं। अगर नहीं तो आइए जानें

**देवी दुर्गा के 10 हाथ**

देवी दुर्गा पारलौकिक स्त्री ऊर्जा का सर्वोच्च अवतार हैं। देवी दुर्गा बुराई का मुकाबला करती हैं, वे निर्भीक हैं। उन्होंने अपनी शक्ति और पराक्रम से हमेशा बुराई का नाश किया है, महिषासुर नामक राक्षस का अंत करने के लिये उन्हें महिषासुर मर्दिनी भी कहा जाता है। नवरात्रि का पावन पर्व दुर्गा के इन्हीं नौ स्वरूपों को समर्पित है।

माँ दुर्गा की 10 भुजाओं में से प्रत्येक एक हथियार से सुशोभित है जो एक अलग सिद्धि या शक्ति का प्रतीक हैं। इन हथियारों को देवी की शाश्वत अभिव्यक्ति भी माना जा सकता है। उपासकों को शक्ति, सुरक्षा और उन्नति प्राप्त करने की आशा से ये



हथियार दिखाए जाते हैं।

**त्रिशूल**

भगवान महादेव ने देवी दुर्गा को त्रिशूल दिया था। इस त्रिशूल की तीन नुकीली भुजाएं मनुष्य के भीतर मौजूद तमस, रजस और सत्व गुणों का प्रतीक हैं।

देवी सिद्धिदात्री - नवरात्रि का नौवां दिन जो सहस्त्रार चक्र से जुड़ा है

**तलवार**

भगवान गणेश ने देवी दुर्गा को यह तलवार दी थी। यह बुद्धि और ज्ञान का प्रतिनिधित्व करती है। तलवार की धार बुद्धि का प्रतीक है और उसकी चमक ज्ञान का प्रतीक है।

**भाला**

देवी के हाथ में मौजूद भाला एक शुभ प्रतीक है जो स्वयं अग्नि देव ने मां दुर्गा को दिया था। यह क्रूर शक्ति का भी प्रतीक है। यह बता सकता है कि क्या सही है और क्या बुरा है ... साथ ही यह व्यक्ति ज्ञान के अनुसार व्यवहार करता है।

**वज्र**

इंद्रदेव ने देवी दुर्गा को वज्र प्रदान किया। यह आंतरिक शक्ति और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। देवी दुर्गा अपने भक्त को अटूट आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति प्रदान करती हैं।

देवी कात्यायनी - नवरात्रि का छठा दिन जो आज्ञा चक्र से जुड़ा है

**कुल्हाड़ी**

भगवान विश्वकर्मा ने मां दुर्गा को कुछ कवच के साथ एक कुल्हाड़ी भी दी थी। इसका अर्थ यह है कि व्यक्ति को परिणामों की चिंता किए बिना बुराई से लड़ना चाहिये।

**सुदर्शन चक्र**

सामनयतौर पर सुदर्शन चक्र को भगवान विष्णु और उनके अवतार श्रीकृष्ण के हाथ में देखा जाता है। लेकिन देवी के 10 हाथों में से एक में सुदर्शन चक्र भी है जो मान्यता अनुसार उन्हें यह अस्त्र स्वयं श्रीकृष्ण ने ही प्रदान किया था। सुदर्शन चक्र एक तरह का विचार है जिसके अनुसार देवी दुर्गा जो सृष्टि के केंद्र में है, पूरे विश्व पर शासन करती है और ब्रह्मांड भी उसी के चारों ओर घूमता है।

**धनुष और बाण**

धनुष और बाण, जिन्हें ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, पवन देव और सूर्य देव द्वारा प्रदत्त हैं। तीर गतिज ऊर्जा का प्रतीक है, जबकि धनुष स्थितिज ऊर्जा का । इसके अतिरिक्त, यह दशार्ता है कि देवी दुर्गा ब्रह्मांड के सभी ऊर्जा स्रोतों की प्रभारी हैं।

**गदा, शंख और खंजर**

गदा बुद्धि और धर्म दोनों का प्रतिनिधित्व करती है। सत्य की रक्षा भी गदा द्वारा होती है। खंजर का अर्थ है कि सशक्त करने वाली शक्ति है। मां दुर्गा का खंजर विरोधियों के खिलाफ लड़ाई में सहायता प्रदान करता है। वहीं शंख ध्वनि का प्रतिनिधित्व करता है। मां दुर्गा का शंख समृद्धि और सार्वभौमिकता को दशार्ता है।

# मलूकासुर का बध कर मां सीता ने प्रभु राम को बचाया



**चंदा कुमारी**

**सीता** के हरण के बाद जब प्रभु राम ने रावण के खिलाफ युद्ध शुरू किया था, तो युद्ध में रावण के साथ-साथ उसके सभी रिश्तेदार और वीर योद्धा भगवान राम के हाथों मारे गये। लेकिन क्या आप जानते हैं कि रावण के मरने के बाद उसका एक ऐसा रिश्तेदार प्रभु राम से लड़ने आया, जिसे प्रभु राम भी नहीं हरा सकते थे और आखिरकार उसका वध माता सीता ने किया। चलिए, जानते हैं ये दिलचस्प पौराणिक कथा...

## माता सीता ने चंडी रूप में किया संहार

मैं तुम्हारी मौत चंडी हूं

रावण के मरने के बाद उसके वंश से केवल एक ही पुरुष योद्धा और रिश्तेदार बचा था और वह था विभीषण। प्रभु राम वायदे के अनुसार विभीषण को लंका का राज-पाट सौंपकर अयोध्या वापस लौट आये। एक दिन जब प्रभु श्रीराम जब अपनी राजसभा में बैठे थे, तो वहां गुहार लगाते विभीषण पहुंचे। उसने बताया कि लंका में कुंभकर्ण के एक पुत्र मूलकासुर ने पूरे राज्य को तहस-नहस कर रखा है।

## कुंभकर्ण का पुत्र मूलकासुर करना चाहता था प्रभु राम का वध

जब प्रभु राम ने विभीषण से पूरी बात जाननी चाही, तो विभीषण ने कहा - 'प्रभु! कुंभकर्ण एक पुत्र है, मूलकासुर जो मूल नक्षत्र में पैदा हुआ था। इस कारण कुंभकर्ण ने अपने इस पुत्र को जंगल में फिंकवा दिया था और जिसका पालन-पोषण बाद में मधुमक्खियों ने किया। मूलकासुर जब बड़ा हुआ, तो उसने ब्रह्मा जी की घोर तपस्या की और उनसे शक्ति पाकर अब वह बहुत बलवान हो गया है। जब से उसे अपने पिता के वध का पता चला है, उसने लंका में आकर उत्पात मचा दिया है। उसने यह प्रण ले रखा है कि पहले वह मेरा और बाद में आपका वध करेगा'।

बेहद कम लोग जानते हैं भगवान शिव के वृषभ अवतार के बारे में, जानिये क्यों लिया था उन्होंने ये अवतार

विभीषण की बात सुनकर प्रभु राम ने मूलकासुर से लड़ने और विभीषण की मदद करने हनुमान और लक्ष्मण को सेना समेत लंका भेजा। मूलकासुर और प्रभु राम के सेनाओं के बीच करीब 7 दिनों तक घोर युद्ध चला लेकिन एसा प्रतीत हो रहा था कि मूलकासुर अकेले ही उनपर भारी पड़ रहा था।

## ब्रह्म जी ने राम को रहस्य बताया

भगवान राम को जब ये बात पता चली, तो वे चिंतित हो उठे। तभी ब्रह्मा जी ने आकर प्रभु राम को एक रहस्य बताय। उन्होंने बताया कि मूलकासुर को मैंने स्त्री के हाथों से मरने का वरदान दिया है। इसलिए आप माता सीता से उसका वध करवा सकते हैं। केवल माता सीता ही मूलकासुर को मार सकने में सक्षम हैं। ब्रह्मा जी की बात सुनकर प्रभु श्रीराम ने हनुमान को अयोध्या भेजकर माता सीता को लंका बुलवा भेजा। लंका पहुंचने पर प्रभु राम ने माता सीता को सारी बातें बताईं और यह भी बताय कि मूलकासुर उन्हें मारना चाहता है। मूलकासुर की यह मंशा सुनकर माता सीता को क्रोध आ गया। क्रोध में ही उनके शरीर से छाया के रूप में एक शक्ति निकली जिसने चंडी का रूप धारण किया और वो लंका की तरफ चल पड़ी।

## छाया स्वरूप माता सीता ने चंडिकास्त्र का प्रयोग करते हुए मूलकासुर का वध कर दिया

इधर वानर सेना प्रभु राम के इशारे पर मूलकासुर को उकसा कर युद्ध के मैदान में ले आये। युद्ध के मैदान में पहुंचकर, जब मूलकासुर ने माता सीता की छाया देखी, तो उसने गरजकर पूछा - 'तुम कौन हो?' इस पर माता सीता की छाया ने क्रोध में कहा - 'मैं तुम्हारी मौत चंडी हूं'। मौत की धमकी सुनकर मूलकासुर ने सीता पर हमला कर दिया। दोनों के बीच घोर युद्ध हुआ। अंत में, छाया स्वरूप माता सीता ने चंडिकास्त्र का प्रयोग करते हुए मूलकासुर का वध कर दिया। मूलकासुर का वध करने के बाद चंडी का क्रोध शांत हुआ और वह वापस अपने शरीर यानि माता सीता के शरीर में प्रवेश कर गई।

# रावण के सौतेले भाई कुबेर की थी लंका

वेद शास्त्रों के मुताबिक कुंभकर्ण और विभीषण रावण के दो सगे भाई थे। इसके अलावा रावण के एक सौतेला भाई भी थे जिनका नाम कुबेर था। ये वही कुबेर जी हैं जो हम पर धन की कृपा बरसाते हैं। महर्षि वाल्मीकि के द्वारा रचित रामायण के अनुसार महर्षि पुलस्त्य ब्रह्माजी के मानस पुत्र थे।

महर्षि वाल्मीकि के द्वारा रचित रामायण के मुताबिक, ब्रह्माजी ने महर्षि पुलस्त्य को अपना पुत्र माना था। महर्षि पुलस्त्य का विवाह राजा तृणबिंदु की पुत्री से हुआ था।

महर्षि पुलस्त्य के पुत्र विश्रवा थे। विश्रवा अपने पिता के दिए हुए संस्कारों के अनुसार सत्यवादी व जितेंद्रीय थे। विश्रवा के इन गुणों से प्रसन्न होकर महामुनि भरद्वाज ने अपनी कन्या इड़विड़ा का विवाह विश्रवा के साथ कर दिया। महर्षि विश्रवा और इड़विड़ा से एक पुत्र हुआ। जिसका नाम वैश्रवण रखा गया। वैश्रवण नाम धन कुबेर का ही है। इसके बाद महर्षि विश्रवा ने दूसरा विवाह किया। इनकी दूसरी पत्नी का नाम कैकसी था। कैकसी राक्षस कुल की कन्या थीं। कैकसी के गर्भ से तीन पुत्रों का जन्म हुआ। जिनका नाम रावण, कुंभकर्ण और विभीषण था। इस तरह से रावण, कुबेर का सौतेला भाई हुआ।

**सोने की लंका**

रामायण के मुताबिक, महर्षि विश्रवा ने कुबेरदेव को रहने के लिए सोने की लंका प्रदान की थी और धन कुबेर की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने उनको उत्तर दिशा का स्वामी और धनाध्यक्ष बना दिया। इसके साथ ही ब्रह्माजी ने कुबेरदेव को मन की गति से चलने वाला पुष्पक विमान भी दिया। लेकिन रावण की हट और अपने पिता के कहने पर कुबेर जी ने सोने की लंका अपने भाई रावण को दे दी। फिर उन्होंने अपने लिए कैलाश पर्वत पर अलकापुरी बसाई।

जब रावण विश्व विजय पर निकला तो उसने अलकापुरी को भी जीत लिया। इस कारण से तो रावण और कुबेरदेव के मध्य भयंकर युद्ध भी हुआ था। लेकिन रावण को ब्रह्माजी का वरदान प्राप्त था, जिस वजह से उसने कुबेर को हरा दिया था और बलपूर्वक ब्रह्माजी द्वारा दिया हुआ पुष्पक विमान भी कुबेर जी से छीन लिया।

**कुबेर का पिछला जन्म**

धर्म शास्त्रों के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि कुबेरदेव अपने पिछले जन्म में चोर थे। कहते हैं कि वह अन्य जगहों के साथ-साथ देव मंदिरों में भी चोरी किया करते थे। एक बार कुबेर जी चोरी करने के लिए शिव मंदिर में घुस गए। उस समय में मंदिरों में बहुत माल-खजाना हुआ करता था। खजाने को ढूंढने के लिए कुबेर ने मंदिर में दीपक जलाया, लेकिन तेज हवा के कारण वह दीपक बुझ गया। यह क्रम कई बार तक चलता रहा और कुबेर जी बार-बार प्रयास करते रहे। इसे देखकर भोले-भाले और औढरदानी भगवान शंकर प्रसन्न हो गए और उस बार-बार हुए क्रम को दीप आराधना समझकर अगले जन्म में कुबेर को धनपति होने का वरदान दे दिया।

कुबेर जी धन के स्वामी और राजाओं के अधिपति हैं। कुबेर जी को देवताओं का धनाध्यक्ष भी माना जाता है। इसीलिए इनको राजाधिराज के नाम से भी जाना जाता है। गंधमादन पर्वत पर रखी हुई संपत्ति के चौथे भाग पर इनका नियंत्रण है। उस संपत्ति से सिर्फ सोलहवां भाग ही मानवों को दिया जाता है। कुबेरदेव जी नौ-निधियों के अधिपति भी हैं। ये निधियां हैं- कच्छप, मुकुंद, कुंद, पद्म, महापद्म, शंख, मकर, वर्चस और नील। ऐसा माना जाता है कि इन निधियों में से एक निधि अनंत वैभव देने वाली है। कुबेर जी भगवान शिव के मित्र हैं। इसीलिए जो मनुष्य कुबेर की पूजा करता है, उसकी भोले नाथ आपत्तियों के समय रक्षा करते हैं। सभी पूजा-उत्सवों, यज्ञ-यागादि, और दस दिक्पालों के रूप में भी कुबेरदेव की पूजा उपासना की जाती है। कुबेरदेव उत्तराधिपति अर्थात उत्तर दिशा के अधिपति हैं।